kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-201 ❒ सोमवार, 25 अगस्त 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



फर्जी पीडीए का राग अलापने वाले सपा बहादुर अखिलेश यादव मुसलमान वोटों के लालच में पिछड़े वर्ग से आने वाले उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह 'बाबू जी' को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देना भूल जाते हैं। केशव प्रसाद मौर्य

बिहार मतदाता सूची : 98.2 प्रतिशत मतदाताओ के दस्तावेज प्राप्त 11

चमोली के थराली में राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी 12

## संक्षेप

### अंतरिक्ष से लौटे शुभांशु का आज लखनऊ में होगा भव्य स्वागत

**लखनऊ।** लखनऊ के बेटे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को नागरिक अभिनंदन करेंगे। शुभांशु शुक्ला हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से सफल मिशन पूरा कर लौटे हैं। मिशन पूरा कर वह हाल ही में भारत आए हैं और अब पहली बार वह सोमवार को लखनऊ आ रहे हैं। इसी क्रम में योगी सरकार ने देश के नायक को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत कई बड़े नेता भी मौजूद रहेंगे। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से किया जा रहा है।

### गंगा नदी खतरे के निशान से उपर, बाढ़ की चपेट में 162 गांव

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में गंगा नदी रविवार को खतरे के निशान से 25 सेंटीमीटर उपर बह रही हैं। इस वजह से अब तक जिले में 162 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए तथा दर्जनों मकान छतिग्रस्त हुए हैं। जिले में गंगा नदी पिछले एक पकवारे से खतरे के निशान से लगातार ऊपर वहने से अब तक 162 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए तथाकरीव 5हजार एकड कृषि भूमि की फसले नष्ट होने से मवेशियों के समक्ष चारे की किल्लत उत्पन्न हो गई। जिला प्रशासन में बाढ़ पीड़ितों की राहत के लिए 154 नावे तथा 11 मोटर बोट, राहत एवं बचाव कार्य की कई टीम में लगाई गईतथा रोग ग्रस्त लोगों के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाइयां की व्यवस्थाएं की हैं। प्रवक्ता ने बताया कि फर्रुखाबाद में गंगा नदी में आज नरौरा बांध से 134584 क्यूसेक पानी छोड़ गया। यहां गंगा का जलस्तर आज रविवार प्रातः 8:00 बजे 137.35 सेंटीमीटर रिकॉर्ड किया गया जो खतरे के निशान से 25 सेंटीमीटर ऊपर है।

### राजग को एसआईआर के जरिये गरीबों के वोट नहीं चुराने देंगेः राहुल

**अररिया (बिहार)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर वोट चुराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। गांधी ने 'मतदाता अधिकार यात्रा' के तहत यहां एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर देश के गरीबों और युवाओं के लिए 'रोजगार के सभी अवसर बंद करने' का भी आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, ल्लनरेन्द्र मोदी सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों का निजीकरण करने के बाद अब निर्वाचन आयोग की मदद से एसआईआर के जरिए गरीबों के वोट चुराना चाहती है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, 'इंडिया' गठबंधन बिहार में ऐसा नहीं होने देगा। संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकारों की गारंटी देता है एसआईआर संविधान विरोधी है।

## पुजारा ने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों में से एक चेतेश्वर पुजारा ने रविवार को अपने शानदार करियर को अलविदा कह दिया। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी में सोशल मीडिया पर संन्यास लेने की घोषणा की।

पुजारा ने भारत की तरफ से 103 टेस्ट मैच खेले। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच 2023 में खेला था। पुजारा ने कहा, ''राजकोट के छोटे से शहर से एक छोटे लड़के के रूप में मैंने अपने माता-पिता के साथ सितारों में शामिल होने का लक्ष्य बनाया और भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने का सपना देखा। मुझे तब पता नहीं था कि यह खेल मुझे इतना कुछ देगा। इस खेल ने मुझे अमूल्य अवसर, अनुभव, उद्देश्य, प्यार और सबसे बढ़कर अपने राज्य और इस महान राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया। पुजारा ने भावुक होते हुए कहा, ''भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना और हर बार मैदान पर कदम रखते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करना ऽ इसका वास्तविक अर्थ शब्दों में बयां करना असंभव है। लेकिन जैसा कि सभी चीजों का अंत होता है और मैंने भी भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। ● विस्तृत पेज 10 पर

## भारतीय एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का पहला टेस्ट सफल

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारत की रक्षा क्षमताओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में शनिवार को ओडिशा के तट पर एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली (आईएडीडब्ल्यूएस) की पहली उड़ान का परीक्षण सफलतापूर्वक किया। डीआरडीओ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, ''एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली (आईएडीडब्ल्यूएस) की पहली उड़ान का परीक्षण 23 अगस्त 2025 को दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे ओडिशा के तट पर सफलतापूर्वक किया गया। डीआरडीओ ने कहा, ''आईएडीडब्ल्यूएस एक बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली है जिसमें सभी स्वदेशी त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (क्यूआरएसएएम), उन्नत अति लघु दूरी वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस) मिसाइलें और एक उच्च शक्ति लेजर आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार (डीईडब्ल्यू) शामिल हैं।''

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस वायु रक्षा हथियार प्रणाली के सफल विकास के लिए डीआरडीओ, भारतीय सशस्त्र बलों और उद्योग जगत को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफल परीक्षण अत्याधुनिक रक्षा तकनीकों में भारत की बढ़ती विशेषज्ञता को प्रमाणित करता है और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत देश की आत्मनिर्भरता को पुष्ट करता है। इस अनूठे उड़ान परीक्षण ने हमारे देश की बहुस्तरीय वायु-रक्षा क्षमता को स्थापित किया है और यह दुश्मन के हवाई खतरों के विरुद्ध महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की क्षेत्रीय रक्षा को और मज़बूत करेगा।

### गगनयान मिशन की तैयारी- क्रू मॉड्यूल का एयर ड्रॉप टेस्ट, चिनूक ने 4 किमी. की ऊंचाई से समुद्र में गिराया



**नई दिल्ली।** इसरो ने रविवार को श्रीहरिकोटा में गगनयान मिशन के लिए पहला पैराशूट की मदद से एयर ड्रॉप टेस्ट (IADT-01) किया। इस दौरान भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टर के जरिए 4 किमी की ऊंचाई से क्रू मॉड्यूल ड्रॉप किया गया। इस टेस्ट का मकसद गगनयान मिशन से पहले पैराशूट की विश्वसनीयता जांचना था। इस परीक्षण से यह जानना था कि अंतरिक्ष से क्रू मॉड्यूल को लाने वाले पैराशूट समय पर खुल रहे हैं या नहीं, सेफ लैंडिंग होती है या नहीं। एयर ड्रॉप टेस्ट इसरो, भारतीय वायुसेना, डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और इंडियन कोस्ट गार्ड का जॉइंट ऑपरेशन था।

# सदन लोकतंत्र का इंजन, कार्यवाही बाधित करना चिंताजनक : शाह

एजेंसी



- ❒ ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का दिल्ली विधानसभा में उद्घाटन
- ❒ गृह मंत्री ने विट्ठल भाई पटेल के योगदान को किया याद
- ❒ विपक्ष से सार्थक बहस और लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने की अपील

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को एक स्वस्थ लोकतंत्र में सार्थक बहस और चर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर देते हुए कहा कि जनता की चिंताओं के समाधान के लिए विचार-विमर्श सबसे अच्छा माध्यम है।

दिल्ली विधानसभा में आयोजित ' ऑल इंडिया स्पीकर्स कंफ्रेंस' कार्यक्रम में बोलते हुए श्री शाह ने कहा, ''अगर संसद या विधानसभाओं में बहस नहीं होगी, तो ये इमारतें बेजान हो जाएंगी।''

उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि सदन के अध्यक्ष के नेतृत्व में और सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से, ये संस्थाएं जीवंत बनती हैं और राष्ट्र तथा राज्यों के हितों की सेवा करने में सक्षम बनती हैं। उन्होंने संसदीय विपक्ष में संयम बरतने का भी आह्वान करते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रतीकात्मक विरोध का अपना स्थान है, लेकिन विरोध के नाम पर पूरे सत्र को बाधित करने की बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय है। श्री शाह ने कहा, ''सदन में विपक्ष को संयम से काम लेना चाहिए। प्रतीकात्मक विरोध का भी अपना स्थान है, लेकिन विरोध के बहाने पूरे सत्र को बाधित करने की परंपरा बनाना नागरिकों और उनके निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए चिंतन का विषय है। क्योंकि जब चर्चा समाप्त हो जाती है, तो राष्ट्रीय विकास में सदन का योगदान न्यूनतम हो जाता है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि बहस रचनात्मक संवाद के माध्यम से होनी चाहिए, न कि राजनीतिक लाभ के लिए कार्यवाही में बाधा डालकर। उन्होंने कहा, ''जब राजनीतिक स्वार्थों के कारण संसद और विधानसभाओं को चलने से रोका जाता है, तो वास्तविक बहस नहीं हो पाती। केंद्रीय गृहमंत्री ने भी केंद्रीय विधानसभा के ● शेष पेज 11 पर

## यूरोपीय देशों ने अमेरिका के लिए डाकसेवा रोकी

एजेंसी



- ❒ भारत के बाद ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली ने सर्विस सस्पेंड की; ट्रम्प का टैरिफ वजह बना
- ❒ भारत से आज के बाद सेवा पर रोक लग जाएगी

नई दिल्ली। भारत के बाद कई यूरोपीय देशों ने भी अमेरिका के लिए डाक सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं। इनमें इटली, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया समेत कई देश शामिल हैं। सर्विस सस्पेंड होने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए टैरिफ नियम हैं।

दरअसल, ट्रम्प प्रशासन ने इसी साल 30 जुलाई को आदेश जारी किया था, जिसमें 800 डॉलर (70 हजार रुपए) तक के सामान पर मिलने वाली टैरिफ छूट को खत्म कर दिया गया है। यह छूट 29 अगस्त से खत्म हो जाएगी। यूरोपियन डाक संगठन पोस्ट यूरोप और दूसरे डाक विभागों के मुताबिक नए नियमों पर अब तक साफ जानकारी नहीं दी गई है। इसलिए फिलहाल डाक से सामान भेजने की सेवाएं रोकी जा रही हैं।

भारत के संचार मंत्रालय के मुताबिक अमेरिका की टैरिफ लागू करने और वसूलने की प्रक्रिया साफ नहीं है। इसलिए भारत में अमेरिका के लिए डाक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित रहेगी। भारतीय डाक विभाग 25 अगस्त से अमेरिका के लिए ज्यादातर डाक सामानों की बुकिंग सस्पेंड कर देगा। फिलहाल ये फैसला अस्थायी रूप से ● शेष पेज 11 पर

## बाढ़ प्रभावित किसानों की फसलों की क्षतिपूर्ति का होगा आकलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ जिलों से रिपोर्ट मिलने के आधार पर क्षतिपूर्ति का दिया जाएगा पैसा

लखनऊ। किसानों को बाढ़ से हुए फसलों के नुकसान की क्षतिपूर्ति देने के लिए जिलेवार इसका आकलन कराया जाएगा। जिलों से मिलने वाली रिपोर्ट के आधार पर किसानों को कृषि निवेश अनुदान प्रदान किया जाएगा। राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से इस संबंध में जिलों को निर्देश भेज दिया गया है। प्रदेश में मौजूदा समय 43 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इसमें 35 तहसील के 683 गांव हैं। प्रदेश के 68 गांवों की स्थिति सबसे खराब है, ये संपर्क मार्ग से पूरी तरह से कटे हुए हैं। गांवों में पानी भरने से फसलें भी प्रभावित हुई हैं। राजस्व विभाग की ओर से जिलों को भेजे गए निर्देश में कहा गया है कि प्रभावित होने वाले किसान परिवारों को राहत सहायता, कृषि निवेश अनुदान प्रदान करने के लिए रिपोर्ट मांगी गई है। इसमें कहा गया है कि जहां-जहां पानी निकल रहा है, वहां फसलों की हुई क्षतिपूर्ति का आकलन करा लिया जाए। इसमें यह देखा जाएगा कि कितनी फसलें खराब हुई हैं। राजस्व विभाग जिलों ● शेष पेज 11 पर

## 'हनुमान जी का भक्त आसमान की ऊंचाइयों को छूकर लौटा है'

एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और गगनयान मिशन पर जाने वाले उनके अन्य सहयोगियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। इस दौरान रक्षा मंत्री ने गगनयात्रियों की जमकर तारीफ की और कहा कि पूरे देश को गगनयात्रियों पर गर्व है और सभी देशवासी गौरवान्वित हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि 'प्रशिक्षण के दौरान आप सभी ने जो मेहनत की, वह न केवल प्रभावशाली थी, बल्कि मैं कहूंगा कि उत्कृष्ट थी। मुझे भारत माता के सपूत, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके अन्य सहयोगियों, ग्रुप कैप्टन पी वी नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप का स्वागत और अभिनंदन करते हुए सचमुच गर्व महसूस हो रहा है। सभी देशवासियों को आप सभी पर गर्व है। आप सभी ने देशवासियों को गौरवान्वित किया है।'

सुब्रतो पार्क में भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गगनयान मिशन आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में एक नए अध्याय का प्रतीक है। फरवरी 2024 में तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में पहली बार शुभांशु शुक्ला समेत अन्य गगनयात्रियों के नामों का खुलासा किया था। गगनयान मिशन का उद्देश्य 2027 में तीन दिवसीय मिशन के लिए तीन सदस्यीय चालक दल को 400 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित पृथ्वी की कक्षा में भेजना है। राजनाथ सिंह ने कहा, 'हमारा योगदान केवल अंतरिक्ष में उपग्रह भेजने तक ही सीमित नहीं है। आज भारत चंद्रमा से लेकर मंगल तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। आज भारत गगनयान जैसे अभियानों के लिए भी पूरी तरह तैयार है। मैं इसे केवल एक तकनीकी उपलब्धि के रूप में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर ● शेष पेज 11 पर

## राहुल की नहीं, इंडिया गठबंधन की यात्रा में शामिल होंगे : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। कंग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार में वोट अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। उनके कार्यक्रम में शामिल होने के लिए समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के शामिल होंने का एलान कंग्रेस की तरफ से किया गया था लेकिन रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने साफ किया कि वे राहुल गांधी की यात्रा में नही बल्कि इंडिया गठबंधन की यात्रा में शामिल होंगे। उनके इस बयान के बाद राजनतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं।

सपा मुखिया के इस बयान को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इंडिया गठबंधन राहुल गांधी के साथ खड़ा है। राहुल गांधी गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं तो इसमें कोई वैसी बात नहीं है। राहुल जी के साथ लेफ्ट से लेकर सारे दल खड़े हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरा समाज परेशान है। कल आपने देखा कि राहुल गांधी मखाना किसानों से पानी में घुसकर मिलने गए थे तो ऐसे में पूरा देश परेशान है। वहीं पूरे मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता हरिश्चंद्र श्रीवास्तव का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी शुरू से ही यह बात कहती आई है कि इंडी गठबंधन का ना तो कोई वैचारिक आधार है और ना ही कोई मुद्दा है। महज सत्ता तक पहुंचाने की लालसा से कुछ राजनीतिक दलों का ऐसा गठजोड़ है, जो परस्पर विरोधी एजेंडा को लेकर जनता जनार्दन के बीच ● शेष पेज 11 पर

### पैडलेगंज स्थित गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## सिख गुरुओं ने अपने बलिदान से सनातन की रक्षा की : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इतिहास में वही जाति और कौम जीवित रहती है, जो अपने पूर्वजों के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को जीवन का हिस्सा बनाती है। सिख गुरुओं ने सदैव सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी वीरता, त्याग और बलिदान देश की आत्मा में आज भी जीवित है।

मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर के पैडलेगंज स्थित गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पर्यटन विकास कार्यों, गुरुद्वारा भवन के नए स्वरूप और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब के प्रथम प्रकाश पर्व पर आयोजित समागम में मुख्यमंत्री ने गुरुवाणी सुनी और संगत के बीच शामिल हुए। गुरुद्वारा समिति की ओर से उन्हें प्रतीक चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं की परंपरा अनुपम और अटूट रही है। गुरु नानक देव से लेकर गुरु गोविंद सिंहजी महाराज तक, हर गुरु ने सनातन धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उन्होंने कहा कि जब भी भारतीय संस्कृति पर संकट आया, सिख गुरुओं ने आगे बढ़कर अपने बलिदान से उसे बचाया। मुख्यमंत्री योगी ने विशेष रूप से गुरु तेग बहादुर की शहादत को याद किया। उन्होंने कहा कि उनके बलिदान के 350वें वर्ष में देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभी हाल हीमें मुख्यमंत्री आवास से नगर कीर्तन और कीर्तन पाठ के जरिए इस आयोजन की शुरुआत हुई। इसी तरह गुरु नानक देवजी महाराज के 550वें प्रकाश पर्व पर भी मुख्यमंत्री आवास पर पहली बार गुरुवाणी का आयोजन हुआ था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंहजी महाराज के चार साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान भारतीय इतिहास का गौरवशाली अध्याय है। उन्होंने कहाकि जब उन्हें लालच दिया गया कि इस्लाम स्वीकार कर लो, तो जीवन और रियासत दोनों सुरक्षित रहेंगे, लेकिन उन्होंने झुकने के बजाय बलिदान का मार्ग चुना। छोटे साहिबजादों को दीवार में चुनवाकर शहीद कर दिया गया, लेकिन उन्होंने अपने धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए दृढ़ निष्ठा दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही बलिदान आज हम सभी को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 26 दिसंबर को पूरे देश में 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। यह सिख गुरुओं और साहिबजादों के बलिदान को श्रद्धांजलि देने का एक ऐतिहासिक निर्णय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पैडलेगंज का यह गुरुद्वारा वर्षों से सिख संगत का आस्था केंद्र रहा है। पहले यहां सुविधाओं का अभाव था, लेकिन अब पर्यटन विभाग और सरकार की मदद से इसे आधुनिक स्वरूप प्रदान किया गया है। अब यहां श्रद्धालुओं के लिए गुरुवाणी पाठ, लंगर और अन्य धार्मिक कार्यक्रम और बेहतर सुविधाओं के साथ हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा केवल किसी जाति या समुदाय तक सीमित नहीं होता। यहां आने वाले हर व्यक्ति का स्वागत होता है। ● शेष पेज 11 पर

# विधायक पूजा पाल पर अखिलेश यादव का तंज, बोले- जब मुख्यमंत्री से मिल चुकीं तो किस बात का डर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चायल विधानसभा सीट से विधायक पूजा पाल पर तंज कसते हुए कहा है कि जब वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिल ही चुकी हैं तो फिर उन्हें किस बात डर लग रहा है।

दरअसल कुछ दिन पहले ही श्रीमती पाल ने अपनी जान को खतरा बताया था और श्री यादव को एक पत्र लिखकर कहा था कि अगर उनके साथ कुछ होता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी उनकी (श्री यादव की) होगी। श्री यादव ने रविवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में श्रीमती पाल के पत्र के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''मुझे यह बात समझ में नहीं आ रही है कि जब उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ली है तो फिर किस बात का उन्हें डर लग रहा है। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर दिव्यांगों को उनका हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार दिव्यांगों को इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर देने के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर व शहर में दुकानें आबंटित करेगी। वही श्री यादव ने केंद्र सरकार से मांग की है कि दिव्यांगों की पेंशन बढ़ाई जाए।

रविवार को पार्टी कार्यालय में दिव्यांगों का सम्मान करते हुए श्री यादव ने कहा कि सरकार ने दिव्यांगों से बड़े-बड़े वादे किए थे, मगर कोई वादा पूरा नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि योजनाएं बनी भी तो वह इन तक नहीं पहुंच पाई। जिसके चलते इन्हें हर दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने शकुंतला मिश्रा यूनिवर्सिटी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां पर छात्र लगातार आंदोलन कर रहे है। छात्रों को हॉस्टल से निकाला जा रहा है, खाना सही तरीके से नहीं मिल रहा है, झूठे मुकदमे लड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर



दिव्यांगों को अच्छे कृत्रिम उपकरण भी दिए जाएंगे।

श्री यादव ने कहा कि पूरे यूपी में किसान खाद के लिए आज लाइन लगाकर खड़ा है लेकिन सरकार चुप है। कई जगह बुजुर्ग किसानों की जान चली गई है। ऐसे में सरकार को बताना चाहिए की खाद कहां पर है।उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर जंगली जानवर बच्चों और किसानों को अपना शिकार बना रहे हैं। बिजनौर में बड़ी संख्या में गुलदार बच्चों पर हमला कर रहे हैं। इसी तरह कालागढ़, नवाबगंज, खीरी में भी हमले हुए हैं। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। हर जिले से घटनाओं की सूचना मिल रही है। जानवर जान ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ना तो खाद मिल रही है और ना ही किसान सुरक्षित है।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने कहा, ''यह सरकार झूठी है और झूठ बोलती है।'' उन्होंने कहा कि सुनने में आया है कि स्कूल मर्ज होने पर जो हमारे साथी पीडीए पाठशाला चला रहे थे या उसे पाठशाला में जिन लोगों ने अपने बच्चों को भेजा है, सरकार उन पर भी एफआईआर दर्ज कराने जा रही है। इस दौरान वोटों की चोरी को लेकर उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अब डीएम के पीछे छुप रहा है। वही डीएम चुनाव आयोग के पीछे। चुनाव आयोग पुलिस के और लेखपाल के पीछे छुप रहा है। उन्होंने कहा कि अभी 18000 एफिडेविट जो चुनाव आयोग को सौंपे गए हैं उनमें से केवल 14 का ही जवाब आया है। उन्होंने कहा, '' मैं पूछना चाहता हूं कि वो यदि वे लोग मर गए तो उनका भी कोई सर्टिफिकेट तो होगा। संसद में 130 में संविधान संशोधन पेश किये जाने के बारे में पूछने पर श्री यादव ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री को पता था की एक दिन ऐसा विधेयक आएगा। इसीलिए मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने सबसे पहले अपने ऊपर से मुकदमे वापस लिए और यहां तक कि उप मुख्यमंत्री के ऊपर से भी मुकदमा वापस ले लिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होने के बारे में पूछने पर श्री यादव ने कहा कि हां कुछ ही दिनों में वह यात्रा में शामिल होंगे। उन्होंने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को भाजपा नेता द्वारा पीटे जाने के बारे में कहा कि बीजेपी के लोग कुछ भी करें उन पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। श्री यादव ने कहा कि बिजली इन्होने बनाई नहीं, ट्रांसमिशन ठीक नहीं किया, वितरण ठीक नहीं किया तो फिर यही होगा। इस दौरान कानपुर में अखिलेश दुबे की गिरफ्तारी पर यादव ने कहा कि बीजेपी के करीबी हैं, भाग नहीं पाए। देखना है कि क्या बीजेपी का बुलडोजर वहां पर भी चलेगा।

## प्रयागराज में यमुना-गंगा का जलस्तर बढ़ा, सभी बांध सुरक्षित

**प्रयागराज।** जिले में नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, लेकिन फिलहाल सभी बांध सुरक्षित हैं। जल संसाधन विभाग द्वारा 24 अगस्त 2025 को शाम 4:00 बजे जारी रिपोर्ट के अनुसार, खतरे का स्तर 84.734 मीटर निर्धारित है। यमुना नदी में नैनी पर जलस्तर 79.44 मीटर दर्ज किया गया, जो पिछले 4 घंटों में 14 सेमी बढ़ा है। गंगा नदी में फाफामऊ पर जलस्तर 79.34 मीटर है, जहां 1 सेमी की बढ़ोतरी हुई। छतनाग पर जलस्तर 78.81 मीटर और बक्सी एसटीपी पर 79.76 मीटर दर्ज हुआ, जहां क्रमशः 1 सेमी और 6 सेमी की वृद्धि हुई। जलस्तर में लगातार वृद्धि के बावजूद विभाग का कहना है कि फिलहाल सभी तटबंध सुरक्षित हैं और स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## जेई की तहरीर पर दो कथित पत्रकारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ में बिजली विभाग के अवर अभियंता की तहरीर पर दो कथित पत्रकारों के खिलाफ रंगदारी मांगने, मारपीट करने, गाली-गलौज करने और सरकारी दस्तावेज फाड़ने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। विद्युत नगरीय परीक्षण खंड रेजीडेंसी में तैनात अवर अभियंता मुकुल कुमार यादव ने चौक थाने में दी तहरीर में बताया कि 20 अगस्त की शाम वह अपना अकाउंट जमा करने विक्टोरिया चौक अधिशासी अभियंता के कार्यालय गए थे। बाहर निकलते समय नीरज वर्मा और राजीव तिवारी नामक दो युवक, जो खुद को पत्रकार बताते हैं, ने उन्हें रोककर कहा कि तुम्हारे खिलाफ एक खबर है हमारे पास और खबर न चलाने के बदले 50 हजार रुपये की मांग की। जेई का आरोप है कि रुपये देने से मना करने पर आरोपियों ने उनका मोबाइल छीनकर पटक दिया, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बीच-बचाव करने आए विभागीय कर्मचारियों से भी अभद्रता की गई और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। आरोपियों ने कंट्रोल रूम में रखे सरकारी दस्तावेज भी फाड़ डाले। अवर अभियंता का कहना है कि दोनों आरोपी नशे की हालत में थे और पहले भी विभागीय अधिकारियों से पैसों की मांग कर चुके हैं। इनमें उपखंड अधिकारी गुलरेज अली, अवर अभियंता खुर्शीद अनवर, अशोक वर्मा और रामजनम का नाम शामिल है। इंस्पेक्टर चौक ने बताया आरोपियों ने करीब दो माह पहले ही पत्रकारिता ज्वाइन की है और यह लोग पारा से आकर चौक पावर हाउस में सरकारी कर्मचारियों से झगड़ा कर रहे थे। उनके खिलाफ पूरा बिजली विभाग लामबंद है। पुलिस ने मुकुल यादव की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 121(1), 221, 308(2), 324(4), 351(2) और 352 में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विशेष गाड़ियों के संचलन अवधि में विस्तार की घोषणा

**वाराणसी।** रेलवे प्रशासन ने दीपावली और छठ त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष गाड़ियों के संचलन अवधि में विस्तार की घोषणा की है। ये गाड़ियां अपने पूर्व निर्धारित समय, ठहराव और मार्ग पर संचालित होंगी।पाटलिपुत्र-बलिया-पाटलिपुत्र विशेष गाड़ी (05297/05298): इस गाड़ी की संचलन अवधि 01 अक्टूबर से 30 नवंबर 2025 तक 61 फ़ेरों के लिए बढ़ाई गई है। गाड़ी में 08 मेमू कोच होंगे। पटना-थावे-पटना विशेष गाड़ी (03215/03216): इस गाड़ी की संचलन अवधि भी 01 अक्टूबर से 30 नवंबर 2025 तक 61 फ़ेरों के लिए विस्तारित की गई है। गाड़ी में 22 सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच और 02 एस.एल.आर.डी. कोच सहित कुल 24 कोच होंगे।

## खाद की खरीद के लिए क्यूआर कोड से भी भुगतान कर सकेंगे किसान

**लखनऊ।** प्रदेश में खाद की किल्लत को लेकर चल रही मारा-मारी के बीच खाद के वितरण में पारदर्शिता और किसानों की सहूलियत को देखते हुए सहकारिता विभाग ने क्यूआर कोड की व्यवस्था शुरू की है। इसके पीछे विभाग का मानना है कि इससे जहां किसानों को सुविधा होगी, वहीं भुगतान को लेकर विभाग के पास भी रिकार्ड रहेगा। प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री जेपीएस राठौर ने इस सुविधा की शुरुआत एक दिन पूर्व बाराबंकी में की है। इस बारे में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अभी तक साधन सहकारी समितियों पर बीज एवं खाद के भुगतान को लेकर दिक्कत आती थी। उनका कहना है कि सहकारिता क्षेत्र को आधुनिक एवं डिजिटल स्वरूप देने के लगातार प्रयास हो रहे हैं। ऑनलाइन भुगतान से निधारित मूल्य से अधिक दर पर खरीद बिक्री के मामले कम होंगे। सहकारिता राज्यमंत्री जेपीएस राठौर के अनुसार क्यूआर कोड आधारित भुगतान प्रणाली लागू होने से ग्रामीण सहकारिता तंत्र को डिजिटल स्वरूप मिलेगा। इससे लेनदेन की प्रक्रिया आसान होगी। सहकारिता मंत्री ने बताया कि समितियों में आधुनिकीकरण के लिए कंप्यूटर, प्रिंटर, एलईडी और जहां बिजली उपलब्ध नहीं है वहां 2 किलोवॉट सोलर रूफटॉप पैनल लगवाए जा रहे हैं। समितियों की कार्यशील पूंजी को सुदृढ़ किया गया है। कैश क्रेडिट लिमिट को 10 लाख से बढ़ाकर 15 लाख रुपये किया जा रहा है। गौरतलब है कि विभाग के मुताबिक सभी जिलों में यूरिया और डीएपी की भरपूर उपलब्धता है।

# डिजिटल अपराधियों की धरपकड़ में मददगार साबित होंगे 35 प्रशिक्षित साइबर एक्टिविस्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। पहले हजारों की चोरी होती थी, तो शहर में सनसनी फैल जाती थी। डकैती को तो बड़ा अपराध माना गया। अब तो साइबर डाकू लाखों की डकैती दिनदहाड़े कर ले रहे हैं और उनकी पहचान न होने से, वे पकड़े भी नहीं जा रहे। साइबर डाकुओं के निशाने पर रिटायर्ड होने वाले कर्मचारी हैं, जिनको लोभ देकर ठग अपने जाल में फंसा लेते हैं और पूरा पैसा लूट लेते हैं। यह बातें सामाजिक संस्था विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजीव के कही।

डॉ राजीव रविवार को लमही स्थित सुभाष भवन में आयोजित साइबर अपराध नियंत्रण एवं जागरूकता विषयक कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के 15 जनपदों में यह प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू की जाएगी। संस्थान एवं साइबर पुलिस की संयुक्त पहल से प्रत्येक थाना स्तर और प्रशिक्षित साइबर एक्टिविस्ट तैयार किये जायेंगे, जो लोगों को जागरूक करेंगे और समय रहते फ्रॉड होने से बचाएंगे।

इसके पहले कार्यशाला का उद्घाटन साइबर क्राइम के सहायक पुलिस आयुक्त विदुष सक्सेना एवं पूर्व पुलिस अधिकारी धनंजय मिश्रा ने संयुक्त रूप से की। एसीपी विदुष सक्सेना ने प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यशाला में साइबर ठगों के बारे में जानकारी दी। मोबाइल पर आने वाले झूठे ऐप के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी अधिकारी, जज, पुलिस ऑनलाइन फोन करके कुछ कहे तो पहले उसके झांसे में न आएं। जो कहे उसको न करें। मौका मिलते ही पुलिस को सूचित करें।

उन्होंने बताया कि अब हर 14 सेकेंड पर एक शिकायत साइबर क्राइम की आ रही है। कोई भी कुछ कहे तो पहले रुको, सोचो तब करो। 99 प्रतिशत से ज्यादा लोग दो घण्टे से ज्यादा नेट चलाते हैं। अब अपराधी डिजिटल रेकी करता है और प्रोफाइल बनाता है। साइबर क्रिमिनल एक इंडस्ट्री बना चुके हैं। इनके बड़े-बड़े ऑफिस बना रहे हैं। कुछ ही मिनट में हमारे देश का पैसा बाहर जा रहा है। एसीपी ने बताया कि बनारस में एक शिक्षक के साथ तीन करोड़ का फ्रॉड हो गया।

# ट्रैफिक की सुगमता के लिए मंडलायुक्त ने दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने वाराणसी में ट्रैफिक को सुगम बनाने के लिए निर्माणाधीन रोपवे परियोजना के विभिन्न स्टेशनों का गहन स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान वाराणसी कैंट, विद्यापीठ, रथयात्रा, जीजी (गोदौलिया) और जीसी स्टेशनों का दौरा कर विशिष्ट निर्देश जारी किए गए। निर्देशों का सारांशःवाराणसी कैंट स्टेशनः अग्रभाग और आंतरिक परिष्करण कार्य 30 सितंबर 2025 तक पूरा करें। प्रतिदिन हाउसकीपिंग सुनिश्चित करें। रेलवे और लोक निर्माण विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण कर यातायात संचलन योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि विद्यापीठ और रथयात्रा स्टेशनः शेष कार्य 30 सितंबर 2025 तक पूरे करें। लोक निर्माण और यातायात विभाग के साथ बैठक कर यातायात संचलन योजना बनाएं और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जीजी (गोदौलिया) स्टेशन



संरचना स्थापना के लिए 28 अगस्त से रात 9 बजे से सुबह 9 बजे तक शिफ्टवार रोड ब्लॉक की व्यवस्था करें। निर्माण कार्य 15 दिनों में पूरा करें। उन्होंने कहा कि जीसी स्टेशनः पाइल कार्य जल्द पूरा करें और कार्य में तेजी लाएं। मंडलायुक्त ने धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए साप्ताहिक कार्य सूची तैयार करने और व्यक्तिगत निरीक्षण के निर्देश दिए। निरीक्षण में परियोजना निदेशक एनएचएलएमएल पूजा मिश्रा, स्वतंत्र इंजीनियर जुआन एडुआर्डो, अर्दानुय से सौरभ चौबे, रियायतग्राही विश्व समुद्र से शांतनु मित्रा और शंभू चौधरी उपस्थित थे। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा विवरण और आरक्षण स्थिति की जांच करने का अनुरोध किया है।

# गुरुद्वारा साहिब अलोपीबाग में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रथम प्रकाश पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। गुरुद्वारा साहिब अलोपीबाग में धन धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रथम प्रकाश पर्व आज बड़ी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। प्रातः काल से ही संगत गुरुद्वारे में एकत्रित होकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे माथा टेकती रही। श्रद्धालु पंक्तिबद्ध बैठकर कथा, कीर्तन और व्याख्यान का श्रवण करते रहे।

गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह बग्गा ने कहा –

आज्ञा भई अकाल की, तबै चलायो पंथ।
सब सिखन को हुक्म है, गुरु मान्यो ग्रंथ।

उन्होंने संगत से आह्वान किया कि हम सबको श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए, ताकि राष्ट्र की उन्नति और समाज के उत्थान में योगदान दिया जा सके। श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज श्लोक हमें विश्व बंधुत्व, समरसता और मानवता का संदेश



देते हैं।

सिख सेवा संगम के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब जी की शिक्षाएं हमेशा हमें बेहतर समाज निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन देती हैं। इस अवसर पर स्वर्गीय सरदार बलवंत सिंह बग्गा के परिवार की ओर से आयोजित अखंड पाठ का समापन भी हुआ, जो शुक्रवार 22 अगस्त 2025 से आरंभ होकर आज रविवार 24 अगस्त 2025 को संपन्न हुआ। इसके बाद कथा, कीर्तन, व्याख्यान, अरदास, हुक्मनामा और गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। इस पावन अवसर पर गुरुदीप सिंह सरना, परमजीत सिंह, सरदार पतविंदर सिंह, कुलदीप सिंह बग्गा, परमिंदर सिंह बंटी, मनु चावला, बलजीत सिंह, लखविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह ग्रोवर, गुरबख्श सिंह, जसवीर सिंह, मनप्रीत कौर, हरजीत सिंह कथुरिया, त्रिलोचन सिंह बग्गा, मनजीत सिंह खालसा, सतेंद्र सिंह पूरी, हरजिंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और तन-मन-धन से सेवा में शामिल हुए।

# सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण, लापरवाह डॉक्टरों पर गिरी गाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने आज 24 अगस्त 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदाबाद, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असढिया, थुलमा और मोतिहां का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं और लापरवाह डॉक्टरों व कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के समय आकस्मिक चिकित्सा सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही थीं। हालांकि, डॉ. नरेंद्र पटेल की आकस्मिक चिकित्सा सेवा में ड्यूटी थी, किंतु वे अनुपस्थित मिले। उनके स्थान पर आयुष डॉक्टर विजय कुमार गौतम ड्यूटी पर मौजूद थे। जब सीएमओ ने अनुपस्थिति का कारण पूछा, तो संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। इस पर डॉ. नरेंद्र पटेल से अधीक्षक सैदाबाद के माध्यम से स्पष्टीकरण मांगा गया। सीएमओ ने चीफ फार्मासिस्ट से स्टॉक रजिस्टर मंगा कर दवाओं के रखरखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश



दिए। जननी सुरक्षा योजना के रजिस्टर में 20 अगस्त 2025 से मंत्रा आईडी दर्ज न होने पर एएनएम और स्टाफ नर्स को तत्काल अपडेट करने के निर्देश भी दिए गए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधीर सिंह निरीक्षण के समय अनुपस्थित मिले। इस पर उनका एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया गया।

निरीक्षण में पाया गया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला सुचारू रूप से नहीं चल रहा था। इस पर सीएमओ ने अधीक्षक सैदाबाद को मेला समय पर लगवाने के कड़े निर्देश दिए और चेतावनी दी कि लापरवाही की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह पटेल भी अनुपस्थित पाए गए, हालांकि अन्य सभी स्टाफ समय पर मौजूद था। यहाँ मुख्यमंत्री आरोग्य मेला सुचारू रूप से संचालित हो रहा था। निरीक्षण में पाया गया कि वार्ड बॉय श्री दीपक शुक्ला 21 अगस्त 2025 से लगातार अनुपस्थित हैं। इस पर सीएमओ ने उनका अगस्त माह का वेतन रोकने का आदेश दिया और अधीक्षक सैदाबाद के माध्यम से स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं हुआ, तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। यहाँ मुख्यमंत्री आरोग्य मेला संतोषजनक रूप से संचालित हो रहा था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों व कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहने और स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उप जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी श्री अरविंद कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे।

# कोरांव में विहिप की स्थापना दिवस पर रैली निकली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव प्रयागराज। विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कोराव में एक शांतिपूर्ण रैली निकाली गई। यह रैली ब्लाक कोराव से शुरू होकर गोपाल विद्यालय तक पैदल यात्रा के रूप में निकाली गई। रैली में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया और हिंदुत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया बारिश होने के बावजूद भी रैली शांतिपूर्ण तरीके से निकाली गई। विश्व हिंदू परिषद की स्थापना सनातन धर्म की रक्षा और हिंदू समुदाय के हितों की रक्षा के लिए की गई थी। रैली ब्लाक कोराव से शुरू होकर गोपाल विद्यालय तक निकाली गई। यह रैली विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मनाई गई और हिंदुत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए आयोजित की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के रूप में लगे एडिशनल डीसीपी डॉ जंग बहादुर यादव एसडीएम कोराव संदीप तिवारी , एसीपी मेजा संन्त प्रसाद उपध्याय , प्रभारी निरीक्षक कोराव राकेश कुमार वर्मा , अतरिक्त इंस्पेक्टर क्राइम कोराव शैलेश कुमार सिंह , शंकरगढ़ इंस्पेक्टर यश पाल सिह , इंस्पेक्टर मेजा समेत अन्य पुलिस पीएसी व डीसीपी के कार्यकर्ताओ का इस कार्यक्रम में यातायात। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर काफी सहयोग रहा तीन बजे के आसपास बारिश होने लगी जिस कारण कुछ लोग भीग गए कुछ दुकानों में रुककर भीगने से बचे कुछ भीगते हुए रैली निकाले रहे।

क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस की रैली में सम्मिलित हुए सम्मिलित होने से काफी संख्या में कार्यकर्ता जुट गए। दरअसल 15 अगस्त के दिन मांडा थाना क्षेत्र के कुदर गाव में रैली निकालने में दो समुदाय में कुछ आपस मे कहासुनी विवाद हो गया था जिसको लेकर पुलिस ज्यादा सक्रिय थी कि कही विहिप के कार्यकर्ता कुदर गाव रैली लेकर न पहुच जाए हालांकि कार्यक्रम कुछ दिन पहले ही

एडीसीनल डीसीपी कोराव आकर स्थल का मौका मुवायना व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किये थे जिसमें यह आश्वस्थ किया गया था कि शांति पूर्वक स्थापना दिवस की रैली ही निकालेंगे न की कुदर जाएगे जिससे पुलिस ने राहत की सास ली थी वही डीसीपी जमुनापार विवेक चन्द्र भी रैली को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर काफी सक्रिय थे।

# साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाकर बच्चों किया गया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा । इलाके के लतीफनगर में स्थित रण बहादुर सिंह डिजिटल एवं युवा सशक्तिकरण केंद्र में साइनव फाउंडेशन एवं यूनिक इंडियन फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों को साइबर सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गई और बच्चों को साइबर और सोशल फ्रॉड से बचने और बचाने के उपाय बताए गए।यूनिक इंडियन फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष आयुष राठौर ने बताया कि कैसे आज घर बैठे हमारी छोटी सी गलती की वजह से हमारे अकाउंट से हमारी जमापूंजी हैकर द्वारा निकाल ली जाती है इससे बचना बहुत जरूरी है, वही साइनव फाउंडेशन के डायरेक्टर विकास ने बताया कि आज तरह तरह के ऑनलाइन फ्रॉड हो रहे है जिसका शिकार बच्चे, युवा, बुजुर्ग महिला सभी वर्ग के लोग हो रहे है आज ऑनलाइन ओटीपी, ऑनलाइन शॉपिंग आदि अन्य तरह के साइबर अपराध हो रहे है हमें इससे जागरूक होना है।अवेयरनेस प्रोग्राम के बाद क्विज कंपटीशन कराया गया जिसमें फर्स्ट, सेकंड और थर्ड रैंक वाले बच्चों को ट्रॉफी देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया इस कार्यकम में मां तारा इंस्टीट्यूट की तरफ से 55 बच्चों ने भाग लिया सभी बच्चों को साइबर सिक्योरिटी लर्निंग प्रोग्राम का सर्टिफिकेट दिया गया। इस अवसर पर केंद्र के डायरेक्टर आशीष सिंह, केंद्र संचालक विनोद राठौर, सहयोगी रिपुदमन व ट्रेनर आकांक्षा त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

# मोहनलालगंज पुलिस का ऑपरेशन क्लीन बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश

## डीसीपी निपुण अग्रवाल की टीम की बड़ी सफलता, क्षेत्र में अपराध पर लगेगी लगाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहनलालगंज पुलिस ने अपराध पर नकेल कसते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना पुलिस और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में बाइक चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। पुलिस ने गिरोह के तीन शातिर अपराधियों को दबोचकर उनके कब्जे से 9 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।यह कार्रवाई डीसीपी निपुण अग्रवाल के मार्गदर्शन, एसीपी रजनीश वर्मा के निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक डी.के. सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस की इस उपलब्धि से क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी और लूट की वारदातों पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

रविवार की बीती रात पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध युवक चोरी की बाइक के साथ मौजूद हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर 9 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।

**कबूल किया जुर्म चोरी की बाइकों से करते थे लूट**

पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वे लखनऊ शहर के भीड़भाड़ वाले बाजारों, बाराबंकी और आसपास के जिलों से मोटरसाइकिल चोरी करते थे। चोरी की बाइकों को छिपाकर रखने के बाद उनके नंबर बदलकर बेच देते थे। यही नहीं, वे इन्हीं बाइकों का इस्तेमाल लूट की वारदातों में भी करते थे।गिरफ्तार अपराधियों की पहचान अभिषेक रावत उर्फ भोदू गुर्जर, निवासी बाराबंकी, आरजू खान, निवासी बाराबंकी, हालपता चिनहट,लखनऊ,इश्तियाक पुत्र मोहम्मद हफीज, निवासी बलरामपुर, हालपता इन्द्रानगर, लखनऊ,तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने कहा, ॣपुलिस टीम की यह कार्रवाई अपराध पर सख्त कार्रवाई का प्रमाण है। बाइक चोर गिरोह के पकड़े जाने से न केवल चोरी की घटनाओं पर रोक लगेगी बल्कि लूट जैसी गंभीर वारदातों पर भी अंकुश लगेगा। हम अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।ॣ डीसीपी दक्षिणी क्षेत्र निपुण अग्रवाल ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा, ॣमोहनलालगंज पुलिस ने जिस तत्परता और टीमवर्क के साथ इस गिरोह को पकड़ा है, वह सराहनीय है।

अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जनता की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस तरह की सतर्कता से क्षेत्र में अपराधियों के हौसले पस्त होंगे।मोहनलालगंज पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से स्थानीय जनता ने राहत की सांस ली है। लोगों ने पुलिस की मुस्तैदी और तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि अब क्षेत्र में बाइक चोरी और लूट जैसे अपराधों में कमी आएगी।

# नगराम: डीजे की धुन पर बलसिंह खेड़ा गांव निकाला गया रामडोल

## हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मुर्तियों का किया विसर्जन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ। क्षेत्र के बलसिंह खेड़ा गांव में छः दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी पूजन कार्यक्रम का समापन मूर्ति विसर्जन के साथ हुआ। नगराम क्षेत्र के बलसिंह खेड़ा गांव निवासी लाल बाबू के आवास पर पांच वर्षों से लगातार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सामुहिक रूप से मनाई जाती है। रविवार को श्रीकृष्ण की मुर्तियों का विसर्जन धूमधाम से किया गया। डीजे की धुन पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा निकाली, यात्रा गांव से निकल कर इंदिरा नहर हंसवा पुल पर पहुंची। और मुर्तियों का विसर्जन किया, इस दौरान जय कन्हैया लाल की की धुन पर महिला समेत सभी झूम रहे थे, इस दौरान नगराम पुलिस मुस्तैद रही । कार्यक्रम में व्यापार मंच (अपना दल एस) के जिलाध्यक्ष विकास पटेल, विजय कुमार, अमित कुमार, सुनील काका, राजकुमार,राम जी , हरभजन,नौमी लाल, महाराणा प्रताप, फूलचंद, सर्वेश रोहित, दुर्गेश , अनंत कुमार समेत हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। मुर्तियों का विसर्जन विधि-विधान से सम्पन्न हुआ।

# नवोत्सव–25 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोमती नगर स्थित आदित्य टावर में रविवार को नवोत्सव-25 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। आगामी 21 सितंबर 2025 को राजधानी के आशियाना स्थित राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में उत्तर प्रदेश नवोदय ओपन एल्यूमिनी मीट (नवोत्सव-25) का आयोजन होना है। इस भव्य समारोह की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समितियों के कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और जिम्मेदारियों की प्रगति रिपोर्ट दी। इस दौरान मंच व्यवस्था, पंजीकरण, आवास, भोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अतिथि सत्कार जैसी तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति ने यह सुनिश्चित किया कि देश-विदेश से आने वाले नवोदय विद्यालयों के पूर्व छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें एक यादगार अनुभव प्राप्त हो। कार्यक्रम से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि यह एल्यूमिनी मीट केवल मिलन का अवसर ही नहीं, बल्कि भाईचारे और नवोदयन भावना को पुनर्जीवित करने का माध्यम भी बनेगा। इस दौरान पूर्व छात्र अपने अनुभव साझा करेंगे, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी और आपसी संवाद से नई पीढ़ी को भी प्रेरणा मिलेगी इसी के साथ-साथ नवोदय विद्यालय के ऐसे पूर्व छात्र जो विभिन्न संस्थानों में उच्च पदों पर हैं वह रोजगार के नए अवसरों के बारे में भी करियर काउंसलिंग करेंगे। ज्ञात हो कि नवोत्सव-25 का आयोजन विशेष रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से लेकर देश-विदेश तक फैले नवोदयन परिवार के सदस्य एक साथ जुटेंगे। इस महोत्सव से न केवल परस्पर संबंध मजबूत होंगे, बल्कि सामाजिक सरोकार और सहयोग की नई दिशा भी तय होगी। अर्जुन मंडल ने बताया कि इस अल्युमिनी मीट में देश विदेश से हजारों पूर्व छात्र छात्राएं सम्मिलित होंगे।

# प्रदेश उपाध्यक्ष का लोजपा (आर)के कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी से किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




काकोरी लखनऊ। लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के उत्तर प्रदेश मध्य के प्रदेश संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ,मण्डल प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद रावत संडीला विधानसभा में जनसभा को संबोधित करने के लिए जाते समय मलिहाबाद विधानसभा में प्रथम आगमन पर हरदोई रोड दुर्गागंज काकोरी चौराहे पर लोक जनशक्ति पार्टी की महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महासचिव व ब्लॉक अध्यक्ष काकोरी संतोष कुमार रावत के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपने नेता को गर्मजोशी अंदाज में उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ व फूल माला पहनाकर मलिहाबाद विधानसभा के काकोरी की पावन धरती में अभिनन्दन किया। वहीं कार्यकर्ताओं ने राम विलास पासवान अमर रहें चिराग पासवान जिंदाबाद लोक जनशक्ति पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए अपने नेता को विश्वास दिलाया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी करिश्माई पदर्शन करते हुए पार्टी अपने प्रतिनिधि को विधानसभा भेजने का काम करेंगी। कार्यकर्ताओं के स्वागत कार्यक्रम में मण्डल प्रभारी ने स्वागत करने वाले लोगों की भीड़ को देखकर गदगद हो कर कहा कि इस दल से जुड़ने वाले लोगों को रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य सभी तरह की सरकारी योजनाओं में भागीदारी सुनिश्चित करना हम सब की जिम्मेदारी राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने सौंपी है। यहाँ से संडीला विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक भरावन के ग्राम पंचायत भोती में पहुंचकर जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी की नीतियों का बताया जिससे सभा में आये हुए सैकड़ो लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई।जनसभा विधानसभा अध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा ने कराई जिसमें क्षेत्र की जनता ने पार्टी की नीतियों से बहुत प्रभावित हुए। स्वागत कार्यक्रम में इन पदाधिकारियों का स्वागत किया गया हरदोई जिला अध्यक्ष रविन्द्र राठौर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शास्त्री ,मण्डल उपाध्यक्ष दिनेश वर्मा,किया गया। वही कार्यक्रम में आये हुए पदाधिकारियों के स्वागत करने में महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महासचिव नीलम सरोज,मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश राजेश रावत,ब्लॉक अध्यक्ष काकोरी, संतोष रावत,बूथ अध्यक्ष मनीष गौतम,पप्पू गौतम,आशीष गौतम, विजय रावत,जिला उपाध्यक्ष कमाल अहमद,विपिन कन्नौजिया,रमेश सरोज,चंदा बढ़ाई, छंगा लोधी,रेहान अमहद,दीपक कन्नौजिया,सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# ममता राजपूत बनीं बेघर महिला की सहारा, दिया नया जीवन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। एक बेसहारा, गर्भवती और मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को ममता राजपूत ने बचाया। महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। ममता राजपूत ने उठाया इलाज का पूरा खर्च, अब परिजनों की तलाश जारी है। भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन एवं ममता महिला सेवा संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती ममता राजपूत ने अपनी मानवीयता का परिचय देते हुए एक बेघर और मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को नया जीवन दिया। यह घटना शनिवार, 3 अगस्त, 2025 की है, जब ममता राजपूत को जॉगर्स पार्क के पास सड़क किनारे एक लगभग 35 वर्षीय गर्भवती महिला मिली, जो प्रसव पीड़ा से तड़प रही थी। महिला की मानसिक स्थिति असामान्य थी और वह बिना कपड़ों के सिर्फ चिल्ला रही थी। ममता राजपूत ने तत्काल अपनी सहयोगी दिया राजपूत को बुलाया। उन्होंने मिलकर महिला को कपड़े पहनाए और एक ऑटो से संगठन के प्रदेश कार्यालय, दशहरी चौराहे पर लाईं। इसके बाद उन्होंने 108 एंबुलेंस और दुबग्गा पुलिस की सहायता ली, और उक्त महिला को काकोरी सीएचसी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे क्वीन मैरी अस्पताल, लखनऊ रेफर कर दिया। उसी दिन रात्रि 9 बजे, महिला ने एक स्वस्थ और सुंदर बेटी को जन्म दिया। मां और बेटी का इलाज गुरुवार, 8 अगस्त, 2025 तक चला, जिसके बाद दोनों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। डिस्चार्ज होने के बाद भी ममता राजपूत ने अपनी जिम्मेदारी नहीं छोड़ी। उन्होंने महिला की मानसिक स्थिति को बेहतर करने के लिए उसे नेशनल हॉस्पिटल व न्यूरो सेंटर के जाने-माने डॉक्टर जिलानी को दिखाया। उनके परामर्श से महिला का इलाज जारी है, और वर्तमान में उसकी मानसिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है।

ममता जी के अथक प्रयासों से महिला ने धीरे-धीरे अपनी पहचान बताई। उसने अपना नाम मीरा, पिता का नाम बंटू यादव, भाई का नाम रवि यादव, पति का नाम बिंदर, और बहन का नाम मीता बताया है। उसने अपना पता गांव सरहत, जिला पटना, राज्य बिहार बताया है। बच्ची का इलाज भी जाने-माने शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रवि अरोड़ा की देखरेख में चल रहा है।

संगठन के पदाधिकारी लगातार महिला के परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। वे सभी संभावित माध्यमों का उपयोग कर रहे हैं ताकि महिला को उसके परिवार से मिलवाया जा सके। भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन एवं ममता महिला सेवा संस्थान ने सभी मीडिया बंधुओं से इस मानवीय मामले को समाचार माध्यमों में प्रकाशित कर समाज को जागरूक करने और महिला के परिवार की तलाश में सहयोग करने की अपील की है।

# AIMIM की पावर मीटिंग: शौकत अली बोले संगठन की जड़ें बूथ तक ले जानी होंगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




ठाकुरगंज लखनऊ। रविवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए साफ संदेश दिया कि अब पार्टी प्रदेश की राजनीति में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। कैंपवेल रोड स्थित न्यू हैदरगंज मार्ग पर यूनिक रेस्टोरेंट में हुई प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा

हमारा मकसद सिर्फ संगठन को मजबूत करना है। व्यक्तिगत राजनीति और आपसी विरोध से हमें दूर रहना होगा। हर पदाधिकारी अपने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से जुड़े, उनकी समस्याएं सुने और समाधान करे। बैठक की अध्यक्षता शेख़ ताहिर सिद्दीकी ने की, जब संचालन काशिफ़ अंसारी (पूर्व सांसद प्रत्याशी, सीतापुर) ने किया। और कार्यक्रम का आयोजन निज़ाम गाज़ी के द्वारा किया गया।

शेख़ ताहिर सिद्दीकी का जुड़ना बना इॠॠॠ की ताक़त

हाल ही में AIMIM से जुड़े शेख़ ताहिर सिद्दीकी को एक अनुभवी और जमीनी नेता माना जाता है। उनके पार्टी में आने से न सिर्फ बड़ी संख्या में लोगों ने सदस्यता ग्रहण की है बल्कि AIMIM को उत्तर प्रदेश में नई दिशा और मजबूती भी मिली है। जानकारों का मानना है कि ताहिर सिद्दीकी के शामिल होने से पार्टी का जनाधार तेज़ी से बढ़ा है। बूथ स्तर तक संगठन विस्तार पर फोकस बैठक का एजेंडा साफ था ऽ बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार और नए कार्यकर्ताओं की भर्ती। पदाधिकारियों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि AIMIM को जमीनी स्तर पर इतना मज़बूत किया जाएगा कि आने वाले दिनों में वह प्रदेश की राजनीति में एक निर्णायक ताक़त बनकर उभरे।

कार्यक्रम में मौजूद रहे दिग्गज

बैठक में प्रदेश और ज़िला स्तर के कई दिग्गज नेता शामिल हुए, जिनमें निज़ाम गाजी, सैयद रूबील अहमद, गय्यूर खान, काशिफ सीतापुर, हाशिम सिद्दीकी, जावेद अहमद राईनी और आमिर हाशमी प्रमुख रहे।

AIMIM नेताओं का दावा है कि आने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी सिर्फ मौजूदगी नहीं बल्कि मज़बूत चुनौती पेश करेगी और उत्तर प्रदेश की सियासत में नई राजनीतिक ताक़त बनकर उभरेगी।

# नगराम: भाकियू लोकतांत्रिक संगठन को मजबूत बनाने को लेकर बैठकें तेज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) संगठन को मजबूत बनाने को लेकर प्रदेश सचिव लगातार क्षेत्र में बैठकें कर रहे हैं, संगठन के पदाधिकारी प्रदेश सचिव अनमोल तिवारी ने रविवार को क्षेत्र के बबैया गांव में नगराम क्षेत्र के शाह मोहम्मदपुर अपैया (बबैया) गांव में भाजपा के किसान मोर्चा के जिला महामंत्री वीरेन्द्र मिश्रा समेत अन्य किसानों के साथ बैठक कर संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा किया। इस दौरान प्रदेश सचिव ने गमछा डाल कर वीरेन्द्र शंकर मिश्रा को सम्मानित किया। हालांकि जल्द ही वीरेन्द्र शंकर मिश्रा सैकड़ों किसानों के साथ सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। किसानों के चर्चा में यूरिया खाद न मिलने को लेकर प्रदेश सचिव ने चिंता जताई , किसानों का कहना था कि क्षेत्र की समितियों पर खाद को लेकर सुबह से ही लाइन में लगना पड़ता है, तब जाकर यूरिया खाद मिल पाती है।

# मड़ियांव में दुर्गा मंदिर से निकली रामडोल की भव्य झांकी शोभायात्रा



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भगवान श्रीकृष्ण की छठी के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मोहिबुल्लापुर स्थित दुर्गा मंदिर से रविवार को रामडोल की भव्य झांकी शोभायात्रा निकाली गई। यह झांकी हाथी घोड़ा पालकी, जै कन्हैया लाल की'' के जयकारों के साथ बड़े भी भव्य तरीके से निकली गई। मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा भरत नगर, श्रीनगर कॉलोनी, नौबस्ता, अजीज नगर, सीतापुर रोड, व मां विन्ध्याचल देवी मंदिर होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में भगवान श्रीगणेश, शंकर-पार्वती व राधाकृष्ण सहित अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस बीच जगह-जगह भक्तों ने शोभायात्रा का स्वागत करने के साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की आरती भी की। जिसके पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में काफी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# हरदोई रोड पर बड़ा हादसा: ईंट की ट्राली पलटी, दूध कारोबारी व दो मासूम घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा लखनऊ। हरदोई रोड पर रविवार दोपहर करीब 1 बजे सीएनजी पंप के पास बड़ा हादसा हो गया। ईंट लदी एक ट्रैक्टर-ट्राली सड़क पर बने गड्ढे और खराब सड़क के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दूध कारोबारी अलीम पुत्र मोहम्मद यूनुस, निवासी सिकरौरी दुबग्गा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं उनके दो मासूम बेटे भी जख्मी हो गए।

जानकारी के मुताबिक, अलीम अपने बेटे अजहर अली 8 वर्ष और अरसा बनो 6 वर्ष के साथ अंधे की चौकी की ओर जा रहे थे। अचानक ट्राली पलटने से वे उसकी चपेट में आ गए। हादसे में अलीम का हाथ-पैर टूट गया और दोनों बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्राली पलटते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर लंबा जाम लग गया। सूचना पाकर क्षेत्रीय पुलिस और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह जाम खुलवाकर यातायात सामान्य कराया।

बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर-ट्राली सोना भट्ट की है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर दुबग्गा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खरगापुर स्थित मेरिज लान का जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने किया स्थलीय निरीक्षक



नगराम , लखनऊ। रविवार को क्षेत्र की ग्राम पंचायत अनैया खरगापुर गांव में तीन करोड़ की लागत से बन रहे बारात घर का जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने स्थलीय निरीक्षण किया। निर्माण कार्य कर रहे एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने को कहा। मालुम हो कि क्षेत्र की ग्राम पंचायत अनैया खरगापुर गांव में लगभग तीन करोड़ की लागत से एच ए एल के सीएसआर के फंड से बनाया जा है। रविवार को जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने स्थलीय निरीक्षण किया उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास एवं उन्नयन हमारा कर्तव्य है। जिसके निर्वहन हेतु हम पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस मौके पर गौरव भारद्वाज, विशाल भारद्वाज, वीरेन्द्र वर्मा, दशा रावत, जितेन्द्र भारद्वाज समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## आवश्यक सूचना

मैं इकबाल हुसैन पुत्र बहादुर हुसैन आयु लगभग 55 वर्ष निवासी 384 पुराना चबुतरा थाना सहादत गंज लखनऊ उत्तर प्रदेश ( IQBAL HUSSAIN S/O BAHADUR HUSAIN) 55 YERS 385 PURANA CHABUTRA SAHADAT GANG LUCKNOW UP. मेरे पासपोर्ट के अभिलेख में भूल वश अंग्रेजी में IQBAL HUSSAIN BAHADUR HUSAIN लिखा हुआ है जब की मेरा नाम IQBAL HUSSAIN S/O BAHADUR HUSAIN है और मुझे इसी नाम से जाना जाए ।

IQBAL HUSSAIN S/O BAHADUR HUSAIN
R/O 384 PURANA CHABUTRA SAHADAT
GANG LUCKNOW UP. MOBILE:- 7355904995

# उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश ने किया दर्शन पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ततरोई नैमिषारण्य( सीतापुर ) । आज अमावस्या पर्व पर उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति पंकज मित्तल, हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली, न्यायमूर्ति पंकज भाटिया, न्यायाधीश सौरभ लवानिया सहित नैमिषारण्य तीर्थ पहुंचकर तीर्थ के प्रमुख मंदिरो का दर्शन पूजन किया द्य सर्वप्रथम चक्र तीर्थ पर पहुंचे जहाँ प्रधानपुजारी राज नारायण पाण्डेय, पुजारी सचिन शास्त्री द्वारा तीर्थ के महत्व से परिचय कराया गया वेद मंत्रो के साथ तीर्थ का विधिविधान से पूजन किया प्रधान पुजारी द्वारा सभी को अंग वस्त्र रुद्राक्ष की माला पहनाकर स्वागत किया गया उसके बाद व्यास गद्दी का दर्शन पूजन किया फिर हनुमानगढ़ का दर्शन किया जहां बड़े महंत बजरंगदास, महंत पवन दास के द्वारा विधिवत से हनुमान जी का पूजन कराया गया वहां से न्यायमूर्ति का अमला ललिता देवी मंदिर पहुंचा जहां प्रधान पुजारी गोपाल शास्त्री, पुजारी अटल बिहारी शास्त्री, पुजारी भास्कर शास्त्री पुजारी लाल बिहारी शास्त्री द्वारा माता का पूजन कराया गया और माता की चुनरी भेंट की गई वहीं माता के हवन कुंड में आहुतियां प्रदान की और मंदिर का परिक्रमा किया द्य इस अवसर पर जिला न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना, एडीजे भागीरथ वर्मा, एडीजे नरेंद्र नाथ त्रिपाठी,डीएम अभिषेक आनंद,एसपी अंकुर अग्रवाल, एसडीम शैलेंद्र मिश्रा, सीओ आलोक कुमार, थाना प्रभारी पंकज तिवारी चौकी प्रभारी राजीव त्रिपाठी मौजूद रहे ।

# भुगतान से पूर्व ही दरक गया मानकविहीन बना आर आर सेंटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन (सीतापुर)। विकास खंड की एक ग्राम पंचायत में नव निर्मित आरआर सेंटर की दीवार भुगतान से पूर्व ही दरक गई ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदारों द्वारा पुरानी ईंटों से मानक विहीन निर्माण कराया गया है विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत देवतापुर में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) द्वारा स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण (एसबीएम-जी) के तहत दो माह पूर्व बनवाये गये आरआर सेंटर (कूड़ा घर) की दीवार में निर्माण के बाद दरार आ गई ग्रामीणों ने बताया निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा पुरानी ईंटों व घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया था तथा निर्धारित समय से कम समय में निर्माण करवा दिया गया । ग्रामीण अरूण कुमार मिश्र ने बताया निर्माण के समय मानकों की अनदेखी किये जाने से बनने से पूर्व ही सेंटर में दरारें पड़ गईं। राजकुमार ने बताया कि निर्माण के समय हम लोगों द्वारा इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से की गई थी मगर निर्माण की जांच नही की गई ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा मानक विहीन बने सेंटर के भुगतान की प्रक्रिया की जा रही है ग्रामीणों ने सेंटर की जांच कर भुगतान रोके जाने की मांग की है ।पंचायत सचिव प्रदीप चौधरी ने बताया शिकायत मिली है जांच कराई जायेगी ।

# संविधान के नाम पर जनता को गुमराह कर रही समाजवादी पार्टी : राकेश सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने समाजवादी पार्टी के मुखिया पर गम्भीर आरोप लगाया है और विधायक पूजा पाल के निष्कासन पर कहा कि समाजवादी पार्टी एक प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी बन चुकी है जिसके मालिक अखिलेश यादव जी वैसे तो हर दिन संविधान की दुहाई देते हैं लेकिन उनकी ख़ुद की पार्टी का कोई संविधान नहीं है। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान के नाम पर देश एवं प्रदेश की जनता को सिर्फ गुमराह कर रही है जब मर्ज़ी में आया जिसे मन किया तुरंत पार्टी से निष्कासित कर दिया जबकि सच्चाई यह है कि किसी को निष्कासित करने से पहले उसे नोटिस देना चाहिये और उसके जवाब का इंतजार करना चाहिये मगर सपा मुखिया संविधान के इस अधिकार को भी नही मानते। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि अखिलेश जी जिस संविधान की आप रोज़ दुहाई देते हो उसी संविधान से कम से कम इतना तो सीख ही लेना चाहिये कि किसी को निष्कासित करने से पहले उसका पक्ष भी सुना जाये।समाजवादी पार्टी से विधायक पूजा पाल के ह्लमन की बातङ्क को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुये विधायक राकेश प्रताप सिंह ने एक बार ज़रूर पढ़ने की बात कही है। उन्होंने कहा कि पूजा पाल के पति की हत्या के बाद किस तरह आपके संरक्षण में पलने वाले तथाकथित समाजवादी गुण्डों द्वारा उन्हें धमकियां दी जा रही हैं यह किसी भी संवेदनशील समाज को झकझोरने वाली घटना है।शायद इस पीड़ा को समझकर आप महिलाओं की रक्षा सुरक्षा हेतु थोड़ा सजग हो जाय और याद रखिये महिला देवी और दुर्गा का स्वरूप होती है महिलाओं का श्राप कभी भी व्यर्थ नही जाता। उन्होंने कहा कि विधवा पूजा पाल का यह श्राप समाजवादी पार्टी के पतन की ताबूत में अंतिम कील सिद्ध होगा।

# निषाद पार्टी के विधायक और कंपनी डायरेक्टर के बीच उपजा विवाद, बनी सुर्खियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। इन दिनों सुर्खियों में आए निषाद पार्टी के विधायक राज प्रसाद उपाध्याय सुर्खियों में हैं। उन पर सड़क निर्माण कंपनी की डायरेक्टर ने 25 लाख रंगदारी का आरोप लगाया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इसको लेकर कंपनी डायरेक्टर के बयान का वीडियो शेयर कर एक्स पर सरकार को घेरा भी है। जबकि विधायक का दावा है कि वो निर्माण कार्य की गुणवत्ता चेक करने मौके पर गए थे। जहां पड़ताल में दो मुख्य कारण सामने आए। पहला कारण कंपनी ने सड़क के कार्य से पूर्व विधायक को पूजन-अर्चन कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया। दूसरे यह कि सड़क पीडब्लूडी से निर्माण कराई जा रही ऐसे में ठेकेदारी प्रथा की मलाई विभाग तो काट रहा लेकिन जन प्रतिनिधि उससे वंचित हो रहे। इसकी टीस ऐसी रही कि विधायक के लोगों ने नौ दिन पूर्व सड़क निर्माण को रुकवा दिया। जिसके बाद से कंपनी की डायरेक्टर व विधायक गुट आमने-सामने है। पूरा मामला जिला मुख्यालय से कुल 27 किमी दूर सदर विधानसभा क्षेत्र के जयसिंहपुर तहसील के पापरघाट-बरौंसा मार्ग से जुड़ा है। लखनऊ-

**सड़क निर्माण के उद्घाटन में एमएलए को नहीं बुलाने से बढ़ा विवाद, गुणवत्ता दूर निषाद बस्ती में 20 फिट के हैं गड्ढे**

बलिया हाइवे पर 20 किमी का सफर तय करते ही बरौंसा चौराहे से दाहिने हाथ पापरघाट को सड़क जाती है। इस मार्ग पर लगभग 7 किमी दूर बेलहरी का चौधरी का पुरवा गांव है। हमारी गाड़ी जैसे ही यहां रुकी कुछ लोग सामने होटल पर बैठे मिले। हमने उतर कर सवाल किया यहां कोई सड़क का मामला है। जवाब मिला, बताए क्या दो दिन से लोग आते हैं पूछते हैं मगर जो हम सब बताते हैं उसके विपरीत ही चलता सुनाई और दिखाई देता है। हालांकि हमने उन्हें विश्वास में लिया कि हम आपकी बात ही सुनने और दिखाने आए हैं लेकिन किसी ने मुंह नहीं खोला। हम यहां से पापर घाट की ओर पैदल ही 400 मीटर के आसपास पहुंचे। तभी दूसरी ओर से आते हमें मोहम्मद मुकीम मिले। वे हमें देखकर रुके। उन्होंने सवाल करने पर बताया यहां 13-14 तारीख को शुरुआत हुई थी। उसके बाद एक दिन



विधायक आए लेकिन उस दिन कोई विवाद नहीं हुआ। दूसरे दिन ब्लेम लगा की वो 25 लाख मांग रहे हैं। मगर हम यह चाहते हैं कि दोनों लोग आपस में समझौता करके काम की शुरुआत करें। दोनों लोगों की वज़ह से हम लोगों को दिक्कत आ रही है। एक्सीडेंट का खतरा बना हुआ है, आने जाने में समस्या आ रही है, जाम लग रहा है। हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी चाहते हैं कि इसका जल्दी से जल्दी समाधान हो। और यह तो काम होने के बाद पता चलेगा क्या कमी है क्या नहीं है अभी तो शुरुआत है। इसके बाद हमें यकीन हो गया कि मामला सत्ता की सहयोगी पार्टी से जुड़े विधायक का है इसलिए लोग बोलने से बच रहे हैं। पुनः हम उसी होटल के पास आकर रुके। तब तक गांव में चर्चा हो गई थी कि मीडिया वाले आए हैं। ऐसे में दर्जन भर लोग यहां जमा थे। हमारे सवाल पर सड़क बनवाना है या नहीं इस पर सबने एक स्वर में कहा इसे जल्दी बनना चाहिए। जिस पर हमने कहा जब आप अपनी बात रखेंगे ही नहीं तो सुनवाई कैसे होगी। तो उन्हीं में से स्थानीय निवासी कपीश यादव आगे आए। उन्होंने कहा पूछिए क्या पूछना है। फिर उन्होंने बताया, सदर विधायक राज बाबू उपाध्याय यहां आए और यहां जो गिट्टी की गाड़ी उतर रही थी उससे पूछने लगे किससे पूछ कर आप गिरा रहे हो। बताया कि ठेकेदार के माध्यम से, उसके बाद उसको गाली गलौज दिए और डांट के भगा दिए। बताते हैं कि विधायक अली हुसैन की माताजी मरी थी आए थे उसकी चाहकारी में, लेकिन यह निराधार है उनके घर पर ही नहीं गए थे वो। अब विधायक हैं, भाजपा गुंडाराज की सरकार लोग डर वश कहेंगे ही की आए थे। रही पैसे की बात तो मैं लेते-देते नहीं देखा हूं। लोग जो बता रहे हैं रोड की गुणवत्ता देखने आए थे तो ज़ब काम शुरू ही नहीं हुआ, अभी मिट्टी की खुदाई हो ही रही थी तो देखने क्या आए थे। कह रहे हैं विधायक चहकारी में आए थे, यही रेवारी का लड़का था दिवाकर यादव की लखनऊ में उसकी हत्या हो गई उसके घर पर नहीं गए। वही शर्मा जी की हत्या हो गई तो उसके घर पर भी गए पैसे भी दिए। बता रहे हैं अब उसको पट्टा भी दे रहे हैं। यही पर चौधरी का पुरवा निवासी सुड्डू ने बताया कि पहले दिन काम शुरू हुआ जेसीबी मशीन आई खोदा गया। दूसरे दिन राज बाबू विधायक 10-12 गाड़ी लेकर आए, उनके आदमी डरवाए धमकाए काम बंद कराकर चले गए। लेवर को मारने की बात सही नहीं है। अब दो दिन यहां काम हुआ तो इसमें कौन गुणवत्ता दिखाएंगे। स्थानीय निवासी मोहम्मद कलीम बताते हैं कि दूसरे दिन आकर काम रुकवा दिए। एक-दो गाड़ी से आदमी आए थे और काम रुकवा के चले गए हम उनका नाम नहीं जानते हैं। पहले दिन विधायक आए थे और दूसरे दिन गाड़ी से आए लोगों ने काम रुकवाया। इसके बाद थोड़ा आगे बढ़ने पर मेडिकल स्टोर संचालक मोहम्मद कासिम ने हमें बताया कि जिस दिन विवाद हुआ था उस दिन हमारे यहां मिट्टी हुई थी। शाम को जब लोग मिट्टी देकर आए तो पता चला जो वर्कर यहां थे उनको कुछ लोगों ने धमकाया है। कुछ लोग कह रहे थे पैसा मांग रहे थे कुछ लोग कह रहे थे काम ठीक नहीं हो रहा है। हम लोग यह चाहते हैं आपस में सुलह समझौता करके रोड का काम चालू हो जाए। बता दें कि सड़क निर्माण का कार्य सिद्धार्थ इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड को मिला है।

## शराब पार्टी के बाद अपहरण व हत्या मामले में तीन हत्यारोपी गिरफ्तार

फिरोजाबाद । थाना फरिहा पुलिस टीम ने रविवार को अपहरण कर युवक की हत्या करने और शव को नहर में फेंकने के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्यवाही कर तीनों को जेल भेजा है। जबकि पुलिस एक अभियुक्त को पूर्व में ही जेल भेज चुकी है। थाना फरिहा क्षेत्रान्तर्गत 17 अगस्त को ग्राम बरथरा अम्बेडकर पार्क के सामने से स्वागेश (22) पुत्र स्व भँवरपाल जाटव को विजय पुत्र जगदीश प्रसाद उर्फ जगन सिंह अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गया था। स्वागेश के घर वापस न लौटने पर 19 अगस्त को अनीता देवी पत्नी भँवरपाल की तहरीरी पर मुकदमा दर्ज किया गया एवं स्वागेश की सकुशल बरामदगी हेतु तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया। थाना फरिहा पुलिस टीम ने 22 अगस्त को नामजद अभियुक्त विजय पुत्र जगदीश उर्फ जगन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त विजय ने बताया था कि वह स्वागेश को शराब पार्टी करने के लिये बोलकर अपनी मोटर साइकिल पर बैठाकर अवागढ़ ले गया था।

# विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही, परिसर में लगे ट्रांसफार्मर से छात्राओ को बना खतरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के खंड शिक्षा कार्यालय के पास स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में विद्युत विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है परिसर के अंदर 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है जिससे विद्यालय में निवास कर रही छात्राओं को हर समय जान का खतरा बना हुआ है। उक्त के संबंध में संबंधित विद्युत खंड अधिकारी व जेई से विद्यालय की प्रधानाध्यापक द्वारा शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारियो ने ट्रांसफार्मर नही हटवाया विद्युत तार के शार्ट होने से छात्राओं में अफरा तफरी मच जाती हैं। विद्यालय में कुल 100 छात्राएं शिक्षा अध्ययन करती है छात्राओ ने मांग की है कि विद्यालय परिसर के बाहर लगे पोल पर अगर ट्रांसफार्मर शिप्ट कर दिया जाय तो छात्रों का भय समाप्त हो जाएगा। विद्यालय की छात्राओं ने विद्युत विभाग के शीर्ष अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए तत्काल विद्यालय परिसर से ट्रांसफार्मर हटवाने की मांग की है।

## ट्रैक मरम्मत और तकनीकी खराबी से तीन घंटे बंद रहा चुनार रेलवे क्रॉसिंग

मीरजापुर। दिल्लीऽहावड़ा रेलमार्ग स्थित चुनार रेलवे क्रॉसिंग रविवार को ट्रैक मरम्मत और तकनीकी खराबी के चलते लगभग तीन घंटे तक बंद रही। सुबह 10 बजे से क्षतिग्रस्त स्लीपर बदलने का कार्य शुरू हुआ, जिसके चलते क्रॉसिंग बंद कर दी गई। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। दोपहर 1:30 बजे तक मरम्मत कार्य पूरा कर क्रॉसिंग खोल दी गई। हालांकि 2:45 बजे अचानक इंडिकेशन में तकनीकी समस्या आ जाने से क्रॉसिंग को दोबारा बंद करना पड़ा। सिग्नल जेई चुनार राकेश कुमार और उनकी टीम ने लगभग सवा घंटे की मशक्कत के बाद खराबी दुरुस्त की। सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद शाम 4:10 बजे क्रॉसिंग पुनः खोल दी गई। इस दौरान चार पहिया वाहनों समेत राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। स्टेशन अधीक्षक मेजर सिन्हा ने बताया कि रेलवे टीम ने इंडिकेशन की खराबी को दुरुस्त कर आवश्यक सुरक्षा मानकों के पालन करने के बाद ही क्रॉसिंग को दोबारा खोल दिया गया।

## 4,968 बोतल अंग्रेजी शराब व 34 अदद नकली ङ्ट कोड बरामद

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय, अंकुर अग्रवाल द्वारा अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री एवम् परिवहन/तस्करी की रोकथाम हेतु ऐसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध वृहद चेकिंग अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देशो के अनुपालन के क्रम में दिनांक 23.08.25 को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवम् क्षेत्राधिकारी नगर श्री विनायक भोंसले के नेतृत्व में एसओजी, थाना कोतवाली नगर तथा आबकारी विभाग की संयुक्त पुलिसटीम द्वारा चेकिंग के दौरान शाहजहांपुर की ओर से आ रही *दो चार पहिया गाड़ियों में सवार चार अभियुक्त 1.संदीप पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी बराही थाना लाइन पार जनपद झज्जर हरियाणा उम्र करीब 38 वर्ष 2.अमित पुत्र राजवीर निवासी हरजोटली जट थाना मंगलोर जनपद हरिद्वार उत्तराखण्ड उम्र करीब 32 वर्ष 3.साहिल पुत्र कमल निवासी भगत पुरा थाना सिविल जनपद सोनीपत हरियाणा उम्र करीब 27 वर्ष 4.अंकित पुत्र धर्मपाल निवासी राम नगर कालोनी थाना कोतवाली नगर सोनीपत हरियाणा उम्र करीब 28 वर्ष को शाहजहाँपुर लखनऊ मार्ग निकट बिजौरा पुल के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। तजिनसे मौके से कुल 128 पेटियों में 4,968 बोतल अंग्रेजी शराब चंडीगढ़ राज्य में बिक्री हेतु अनुमन्य तथा 34 अदद नकली क्यू आर कोड व 04 अदद मोबाइल बरामद हुए।त *??बरामद अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये आंकी जा रही है। अभियुक्तगण के पास किसी भी प्रकार का कोई शराब बिक्री का लाइसेन्स नहीं पाया गया। अभियुक्तों से पूछताछ में जानकारी हुई कि इन लोगो द्वारा चंडीगढ़ राज्य से मदिरा तस्करी कर नकली क्यू आर कोड छापकर छलपूर्वक अवैध धनार्जन के प्रयोजन से मदिरा की बोतलों पर चस्पा कर बिहार राज्य को तस्करी कर विभिन्न क्षेत्रो में बिक्री कर अनुचित धनार्जन किया जाता है। अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 243/25 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम व 318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस पंजीकृत कर चालान मा.न्यायालय किया जा रहा है।

## सिधौली में किसानों के लिए राहत का केंद्र बने कृषक भारती सेवा केंद्र प्रभारी अमित कुमार यादव

सिधौली। खाद संकट के बीच जहाँ किसानों को तमाम जगहों पर लंबी लाइनें और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं कृषक भारती सेवा केंद्र सिधौली के प्रभारी अमित कुमार यादव किसानों की सबसे बड़ी उम्मीद बनकर सामने आए हैं। सुबह 9 बजे से लेकर देर रात तक किसानों को खाद वितरण और टोकन व्यवस्था कराने वाले केंद्र प्रभारी अमित कुमार यादव किसानों के बीच किसी मसीहा से कम नहीं माने जा रहे। दूर–दराज़ के गाँवों से किसान इस केंद्र पर इसलिए आते हैं क्योंकि यहाँ उन्हें विश्वास है कि खाद की उपलब्धता अवश्य होगी। हाल ही में एक घटना के दौरान जब रात में सैकड़ों किसान केंद्र के बाहर बैठे दिखाई दिए, तो जानकारी मिलते ही प्रभारी अमित कुमार यादव स्वयं मौके पर पहुँचे। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि सुबह खाद सभी को उपलब्ध कराई जाएगी। अगले दिन उन्होंने अपना वादा निभाया और किसानों को खाद मिल सका। किसानों का कहना है कि ऐसे ईमानदार और संवेदनशील अधिकारी ही उनकी असली ताकत हैं। किसानों के बीच यह चर्चा आम है कि यदि इस समय किसी खाद्य केंद्र प्रभारी का नाम लिया जाए तो सबसे पहले अमित कुमार यादव का ही नाम आता है। उनकी लगन और सेवा भावना ने किसानों के दिलों में अलग पहचान बना दी है।

## सपा सरकार में एक बिरादरी के लोगों को मिलती थी नौकरी : अनिल राजभर

सिद्धार्थनगर । सपा की सरकार में एक ही बिरादरी को नौकरी मिलती थी। इन्होंने कई जिलों का नाम दलित महापुरुषों के नाम पर होने के कारण बदल दिया। ये हमारा हक छीनने आए हैं। इनसे पिछड़ों का कोई भला नहीं होने वाला है। यह बातें रविवार को जनपद के प्रभारी मंत्री/प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन तथा रोजगार मंत्री अनिल राजभर ने इटवा कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने नगर पंचायत द्वारा निर्मित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क एवं सेल्फी पॉइंट तथा 101 फोट ऊंचा तिरंगा के लोकार्पण अवसर पर आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता रोजगार पर सवाल करते हैं। जबकि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने साढ़े आठ लाख लोगों को नौकरी दिया है। पूजा पाल पिछड़ी जाति के महिला को विधानसभा में नहीं बोलने दिया। ये केवल बाहर पीडीए की बात करते हैं। ये हमको आपको गरीब बनाने वाले लोग हैं। ये हमारा हक मारने आये हैं। अपने सरकार में इन्होंने पिछड़ों के लिए कुछ नहीं किया। विधानसभा का मुख्यालय एक गांव या विचारों की संकीर्णता ही है। जबकि प्रदेश सरकार ने बहराइच में राजा सुहेलदेव राजभर के नाम से स्मारक बनाया। केंद्र व प्रदेश की सरकार आपकी सेवा में समर्पित है। मैं आपके सुख दुख में हमेशा साथ खड़ा हूं। सपा के नेता रोजगार पर सवाल खड़ा करते हैं।

# चला अतिक्रमण हटाओ अभियान छह व्यक्तियों से वसूला गया जुर्माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश पर नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज़ी से जारी है। शनिवार को उप जिलाधिकारी विपिन द्विवेदी, सीओ सिटी प्रशांत सिंह और नगर पालिका अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज के नेतृत्व में चौक घंटाघर से लेकर सब्ज़ी मंडी रोड तक सघन अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया गया।

ट्रैफिक और जाम की समस्या से राहत

नगर क्षेत्र में लगातार बढ़ते ट्रैफिक और जाम की समस्या से आमजन परेशान थे। इसी को देखते हुए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। अभियान के दौरान सड़क पर रखे गए ठेले, पटरियाँ, अवैध बोर्ड और दुकानदारों द्वारा फैलाया गया सामान हटवाया गया। मौके पर नगर कोतवाल धीरज कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे और कार्रवाई को सफल बनाया।

आपत्ति करने वालों को मिली चेतावनी

अभियान के दौरान कुछ दुकानदारों ने आपत्ति भी जताई, लेकिन प्रशासन ने स्पष्ट कहा कि अतिक्रमण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कई बार चेतावनी देने के बावजूद अवैध कब्ज़ नहीं हटाए गए थे, जिसके कारण मजबूरी में कार्रवाई करनी पड़ी।

खर्च भी वसूला जाएगा-एसडीएम

एसडीएम विपिन द्विवेदी ने कहाकि ह्लजो भी दुकानदार, व्यापारी भाई या ठेले वाले सड़क पर अतिक्रमण किए हैं, वे स्वयं से हटा लें। अगर प्रशासन के अभियान में हटाया जाएगा तो जो खर्च आएगा, उसकी वसूली भी उन्हीं से की जाएगी। हमारा उद्देश्य सुल्तानपुर को जाम मुक्त और अतिक्रमण मुक्त बनाना है।ह्ल

नगर पालिका का सख्त रुख

अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन अतिक्रमण के खिलाफ पूरी सख़्ती के साथ कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहाकि ह्लआमजन को यातायात की समस्या से राहत दिलाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वही सीओ सिटी प्रशांत सिंह ने भी दुकानदारों और ठेले वालों को चेतावनी देते हुए कहाकि ह्लसड़क पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्ज़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापारियों से अपेक्षा है कि वे सहयोग करें, वरना आगे और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस कार्यवाही का स्वागत किया और कहा कि इस सख़्ती से चौक घंटाघर और सब्ज़ी मंडी रोड पर ट्रैफिक जाम की समस्या काफी हद तक दूर होगी और लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# योगी जी ! गोण्डा में भीषण सड़क दुर्घटना के बाद भी नहीं जागा,जिला प्रशासन

## सड़क पर 'मौत' बनकर दौड़ रही है टैक्सिया, जिम्मेदार बड़ी घटना के इंतजार में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । तीन अगस्त को गोण्डा-बलरामपुर मार्ग पर एक ओवरलोड बोलेरो अनियंत्रित होकर सरयू नहर में पलट गयी थी।इस हादसे में 12 श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गयी थी।इस भीषण दुर्घटना से पूरा जिला थर्रा गया था और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म संवेदनाओं से पट गये थे।हालांकि, रोंगटे खड़े कर देने वाले इस हादसे के बाद भी जिला प्रशासन और अन्य जिम्मेदार विभागीय अधिकारी सबक नहीं ले रहे हैं।आलम यह है कि सड़कों पर बिना रोक-टोक के डग्गामार वाहन खचाखच सवारियां भरकर बेखौफ फर्राटा भर रहे हैं।गोण्डा रेलवे स्टेशन का मेन गेट अवैध टैक्सी स्टैंड बन गया है,जहां बिना परमिट और बिना नंबर के अवैध ई-रिक्शा व डग्गामार टैक्सियां खुलेआम बेरोक टोक सवारियां भरकर रेलवे पुलिस के सामने से ही गुजरती हैं और वे आंखें बंद कर लेते हैं। दरअसल,गोण्डा रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार डग्गामार वाहनों का अड्डा बन गया है, जहां से अपराध और अपराधियों का खेल शुरू होता है।यहां के चालकों में कुछ ऐसे भी अपराधी किस्म के हैं,जो यात्रियों से अधिक किराए के साथ ही उनके साथ लूट-पाट व मारपीट की घटनाएं भी करते रहते हैं।कई बार यहां से सवारियों को बैठाकर उन्हें लूटा जा चुका है या फिर सवारियों के साथ छिनैती जैसी वारदातों को अंजाम दिया गया है।इस तरह की कई घट नाओं में पुलिस ने पकड़कर जेल भेजने की कार्रवाई भी की है।इसके बावजूद यहां टैक्सी और ई-रिक्शा चालकों पर आरटीओ का भी ध्यान नहीं जा रहा है।इससे हर महीने लाखों रूपए सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है और यात्रियों की जान-माल का भी खतरा बना रहता है।कभी-कभी तो स्टेशन के बाहर खड़े ई-- रिक्शा व अवैध टैक्सी चालकों की वजह से आवागमन भी ठप्प रहता है,जिससे यात्रियों को ट्रेन पकड़ने में दिक्कतों का सामना करना पड़ ता है।इतना ही नहीं,मेन गेट पर डग्गामार वाह नों के जमावड़े के चलते यात्रियों की ट्रेन तक छूट जाती है।हद तो यह है कि यात्रियों द्वारा एतराज करने पर मनबढ़ डग्गामार वाहन चाल क हाथापाई और गाली-गलौच पर उतर आते हैं।यहां सबसे बड़ी बात तो यह है कि डग्गामार वाहनों पर ओवरलोड सवारियां भरी जाती हैं। इंतिहा यह है कि छतों पर भी सवारियां बैठाई जाती हैं लेकिन इस ओर न तो आरपीएफ, जीआरपी व स्थानीय थाने की पुलिस ध्यान देती है और न ही आरटीओ व पीटीओ इस पर लगाम लगाने को लेकर गंभीर दिखाई देते हैं। मनबढ़ और बेलगाम डग्गामार वाहन चालक रेलवे स्टेशन की पूरी सड़क पर कब्जा किए रहते हैं, जिससे यात्रियों और राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कतें होती हैं। सूत्रों का कहना है कि रेलवे स्टेशन के बाहर खड़े कर खुलेआम सवारियां बैठाने वाले वाहनों पर रेलवे के सुरक्षा कर्मियों, अन्य जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों, क्षेत्रीय पुलिस तथा आरटीओ, पीटीओ की कृपा बनी हुई है, जिससे वे बेखौफ ओवरलोड सवारियों को बैठाकर फर्राटा भर रहे हैं अब इस मेहरबानी के बदले में इन जिम्मेदारों को क्या मिलता है,यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

**रेलवे स्टेशन मुख्य गेट पर चल रहा टैक्सी स्टैंड**

गोण्डा रेलवे स्टेशन परिसर में टैक्सी चालकों की दबंगई इतनी बढ़ गई है कि जो यात्री उनकी टैक्सी में नहीं बैठते हैं, उन्हें मारा-पीटा तक जाता है।जबरन टैक्सी में बैठाने की कोशिश करते हैं।शुक्रवार को स्टेशन परिसर में मौजूद यात्रियों का कहना था कि यहां टैक्सी चालकों की दबंगई बहुत बढ़ गई है।कार्रवाई न होने से चालकों के हौसले बुलंद हैं।मुंबई, लुधियाना, अमृतसर, दिल्ली, चेन्नई व कोलकाता से आने वाली ट्रेनों की सूचना मिलने पर गोंडा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के मुख्य द्वार के बाहर काफी संख्या में टैक्सी चालक खड़े हो जाते हैं। यात्री लगेज लेकर स्टेशन के प्रवेश द्वार से बाहर निकलते हैं तो टैक्सी चालक उन्हें अपनी टैक्सी में बैठा लेते हैं और यात्रियों से मुंह मांगा रुपया वसूलते हैं।

**पीटीओ की शिथिलता से सड़क पर टैक्सी स्टैंड**

सड़क हादसों में लगातार लोगों की जान जा रही है।इसमें कमी लाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों संगवर्चुअल बैठक में शहरों में अवैध टैक्सी स्टैंड हटाने के आदेश दिए थे,जिसके बाद नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में परिवहन, नगर पालिका व पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर अवैध टैक्सी स्टैंड के संचालन पर रोक लगा दी थी।वाहन चालकों को शहर से बाहर कर दिया गया था, लेकिन दो दिन बाद ही अवैध टैक्सी स्टैंडों का संचालन दोबारा शुरू हो गया, जो आरटीओ व पीटीओ की शिथिलता के कारण फल-फूल रहा है।शहर के सभी मार्गों पर जहां से अवैध टैक्सी स्टैंड हटाए गये थे,वहां फिर से टैक्सियों का जमा वड़ा हो गया है।इससे सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है।लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं।पीटीओ मोहम्मद आरिफ खान का कहना है कि तीन-चार महीने रिटायरमेंट का बचा है।किसी तरह समय पूरा हो जाए।अवैध टैक्सियों पर लगाम लगाकर कौन नेताओं की नाराजगी मोल ले...?

# युवती की हत्या का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार,आरोपी के पैर में लगी गोली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के देहात कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में सनी सिंह नाम के बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी है।पुलिस ने उसके पास से एक मोटरसाइकिल और अवैध तमंचा बरामद किया है।ज्योति ने आरोपी सनी सिंह को एक अन्य लड़की के साथ देख लिया था।वह इस बात को लेकर उसे ब्लैकमेल कर रही थी और घर व गांव वालों को बताने की धमकी दे रही थी। इससे परेशान होकर आरोपी ने ज्योति की तलाश की,शुक्रवार को दोपहर तीन बजे के करीब,आरोपी ने ज्योति को धान के खेत में निराई करते हुए देखा।उसने ज्योति का मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया क्योंकि उसे ड र था कि कहीं उसकी फोटो न खींची हो।जब ज्योति ने फोन देने से मना किया तो दोनों में कहा सुनी हुई इसके बाद आरोपी ने ज्योति के दुपट्टे से ही उसका गला घोट दिया।हत्या के बाद आरोपी प्लैटिना मोटरसाइकिल पर भागने की कोशिश कर रहा था।पुलिस ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने फायरिंग शुरू कर दी।जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।घायल आरोपी को इलाज के लिए गोंडा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

# किसान की बेटी अब बनेगी डॉक्टर, छोटे से गांव के संघर्षों के बीच हासिल की कामयाबी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । कहते हैं अगर सपना खुली आंखों से दे खा जाए और मेहनत-लगन के साथ आगे बढ़े तो सपनों को पूरा होने में समय नहीं लगता और सपने जरूर पूरे होते हैं.कुछ ऐसा ही कर दिखाया है एक छोटे से गांव की किसान की बेटी सरिता मिश्रा ने गोण्डा जिले के कौड़िया बाजार अंतर्गत निबहिया महापरा गांव सरिता मिश्रा ने संसाधनों की कमी को पीछे छोड़ नीट 2025 में इतिहास रच कानपुर स्थित प्रतिष्ठित जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में दाखिला पाया है।उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी की लहर है।सरिता किसान विनय कुमार मिश्रा औ र मां बिंदू देवी की पुत्री हैं।पिता खेती कर परि वार चलाते हैं और मां गृहिणी हैं।आर्थिक स्थि ति सामान्य होने के बावजूद सरिता ने कभी हा र नहीं मानी।संसाधनों की कमी के बावजूद स रिता ने हार नहीं मानी।खेत और घर के कामों में हाथ बटाने के बाद वह किताबों में डूब जा ती थीं।बेटी की सफलता पर किसान पिता विन य कुमार ने कहा कि मेरी बेटी गरीबों और वंचि तों की सेवा करेगी।इससे बड़ा सुख मेरे लिए और क्या हो सकता है।मां बिंदू देवी ने भावुक होकर कहा कि सरिता बचपन से ही होनहार रही है।उसका सपना पूरा होते देख हमें गर्व है।

वहीं सरिता ने अपनी सफलता पर कहा मैं डॉक्टर बनकर गांव और आसपास के गरीब मरीजों का इलाज करना चाहती हूँ मेरा सपना है कि कोई भी इलाज के अभाव में पीड़ा न झे ले।गांव में बेटी की इस सफलता पर जश्न जैसा माहौल है।ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटकर परिवार को बधाई दी और कहा कि सरिता ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## विवाहिता ने दुपट्टा के सहारे पंखा से लटक की खुदकुशी

गोरखपुर। थाना क्षेत्र के सोनबरसा बाबू पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपीपुर में बीते शनिवार की रात में भोजन करने के बाद कमरे में दुपट्टा के सहारे पंखा से लटक कर विवाहिता के आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गोपीपुर निवासी सूरज प्रजापति पत्नी उर्मिला प्रजापति उम्र करीब 21 वर्ष बीते शनिवार की रात भोजन करने के बाद कमरे में दुपट्टा के सहारे पंखा से लटक कर आत्महत्या कर ली। सुबह आठ बजे तक जब कमरा नहीं खुला तो मृतका उर्मिला प्रजापति की सास कमरा खोलने के लिए कई आवाज लगाई लेकिन जब अन्दर से कमरा नहीं खुला तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और दरवाजा तोड़ा गया तो मृतका उर्मिला प्रजापति दुपट्टा के सहारे पंखा से लटक रही थी। स्वजन पुलिस को सूचना दे कर शव को नीचे उतारा। मृतका उर्मिला प्रजापति की शादी नवम्बर 2024 में गोपीपुर निवासी सूरज प्रजापति के साथ हुई थी।उसका मायका ग्राम परसा कला थाना धनघटा संतकबीरनगर है। पति सूरज प्रजापति बंगलौर में रहकर मजदूरी करता है, वह घर पर नहीं था।घर पर केवल सास और बहू ही रहती थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने बताया कि मायके वालों ने कोई तहरीर नहीं दिया है।

# जीवनदीप अस्पताल पर पूर्व आईपीएस ने लगाए गंभीर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जिले के आवास विकास में स्थित जीवन दीप अस्पताल पर गैर कानूनी तरीके से महिला ओं के अंडाणुओ के कारोबार करने का आरोप पूर्व आईपीएस व आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने लगाया है।

उन्होंने ने कहाँ है कि जीवनदीप हॉस्पिटल में गैर कानूनी ढंग से महिला अंडाणु खरीदे जाने के आरोपों में कार्यवाही की मांग है।महिलाओं के अंडाणुओं के बारे में बताते है कि भारत स हित कई समाजों में निसंतान होना एक कलंक माना जाता है,खासकर महिलाओं के लिए जि ससे सामाजिक तनाव भेदभाव अलगाव और मनोवैज्ञानिक समस्याओं का सामना करना पड़ ता है।इस कलंक के कारण की संतान महिला ओ को अक्सर दोष,शर्म,और परिवार द्वारा प्रति त्याग जैसी भावनाओं का अनुभव होता है,ऐसे दंपति किसी भी तरह से बच्चा होने की उम्मीद से अस्पताल और डॉक्टर के पास चक्कर लगा ना शुरू कर देते हैं।यहीं से शुरू होती है अस्प तालों के धंधे की देशभर में बच्चा पैदा करने का ऐ कारोबार अरबो रुपए का है।आई वीएफ से लेकर सरोगेसी तक व हर तकनीक से लोग माँ बाप बनने के लिए लाख रुपए खर्च करने के लिए तैयार रहते हैं।पुरुषों के शुक्राणु से लेकर महिलाओ के अंडाणु और कोख सब बजार में बिक रही है।पहले तो ऐ सुविधा बड़े शहरों तक ही सीमित थी।लेकिन अब पैसों के लालच में छोटे शहरों के अस्पताल भी इसका खूब फाय दा उठा रहे हैं, गोंडा के जीवनदीप अस्पताल पर इसी कारोबार में शामिल होने का आरोप ल गा है।इस अस्पताल में महिलाओं के अंडाणुओं को दलालों के जरिए खरीदा जा रहा है इसकी कीमत रखी गई है बाजार में 15 हजार रूपये हालांकि बड़े शहरों में इसकी कीमत ज्यादा है इस मामले में एक महिला का सोशल मीडिया पर एक बयान भी जारी किया गया है।जिसे पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने शिकायत के सा थ जारी किया है।महिला के द्वारा बताया जा र हा है कि गोंडा के जीवनदीप अस्पताल में गुंज न भटनागर डोनेट वाले अंडे लोगो से लेती है और बनाती है दस से बारह दिन तक इंजेक्शन लगाती हैं उसी के द्वारा तैयार हो जाता है तब उसे निकलती है.फिर उसके बाद उस महिला को बदले में 15 हजार रूपये देती है।और इस की जानकारी मुझे एक साल से है।पेशेंट को सिर्फ 15 हजार रूपये मिलता है।महिला ने बताया कि लोगों के द्वारा सुनाई दे रहा है यह काम उन के यहां काफी दिन से चल रहा है इस मामले को आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने राष्ट्रीय सहायक प्रजनन तकनीकी बोर्ड नई दिल्ली को भेजी अपनी शिकायत में उन्होंने कहा है कि उन्हें गोंडा के जीवनदीप अस्पताल में दलालों के माध्यम से महिलाओं के अंडाणु खरीदे जाने से संबंधित वीडियो तथा ऑडियो रिकॉर्डिंग प्राप्त हुए हैं।इन वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग से प्रथम दृष्टया इस अस्पताल द्वारा पैसे देकर महिला अंडाणु खरीदे जाने के तथ्य प्रमाणित होते दिखते हैं।अमिताभ ठाकुर ने कहा कि जीवन दीप अस्पताल का यह कार्य सहायक प्रजनन तकनीकी विनियमन अधिनियम 2021 की विभिन्न धाराओं का स्पष्ट उल्लंघन दिखता है, क्योंकि कोई भी अस्पताल बिना पंजीकरण के और बिना समुचित प्रक्रिया के सहायक प्रजनन तकनीकी से संबंधित कार्य नहीं कर सकता है.उन्होंने कहा कि इस अधिनियम का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 32,33 और 34 में गंभीर दंड का प्रावधान है किंतु इस अधिनिय म में कोई भी शिकायत मात्र राष्ट्रीय या राज्य प्रजनन तकनीकी बोर्ड द्वारा ही किया जा सक ता है।अतः उन्होंने राष्ट्रीय प्रजनन तकनीकी बोर्ड को इन तथ्यों की जांच कर नियमानुसार सी जेएम गोंडा के समक्ष शिका यत प्रस्तुत किए जाने की मांग की है ।

# आजाद अधिकार सेना ने सीएमओ रश्मि वर्मा पर कार्यवाही की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने तत्कालीन सीडीओ गोंडा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम द्वारा 6 अक्टूबर 2023 को दी गई जांच रिपोर्ट के संबंध में अब तक लगभग कोई कार्यवाही नहीं होने की बात कहते हुए मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश से इस प्रकरण में कठोर कार्रवाई की मांग की है।अपनी शिकायत में उन्होंने कहा है कि सीडीओ गोंडा की जांच समिति ने एक अप्रैल से 31 अगस्त 2023 के मध्य चिकित्सा किट, मशीन उपकरण, प्रिंटिंग सामग्री आदि के टेंडर और भुगतान के संबंध में आयुक्त, देवी पाटन मंडल को अपनी जांच आख्या सौंपी थी. इस जांच आख्या में कुल लगभग 3.93 करोड़ रुपए के गंभीर अनियमितता के तथ्य थे.15 पृष्ठों की जांच रिपोर्ट में 14 टेंडर के मामलों में विभिन्न कंपनियों को गलत ढंग से लाभ दिए जाने के तथ्य अंकित है.इनमें वित्तीय अनियमितया,नियमों के उल्लंघन और दोषपूर्ण कार्य के साथ सत्यनिष्ठा की संदिग्धता की बात कही गई है अमिताभ ठाकुर ने कहा कि इस जांच रिपोर्ट में सीएमओ डॉ रश्मि वर्मा के साथ तत्कालीन सीएमएस डॉ.पीडी गुप्ता तथा अन्य को दोषी पाया गया था लेकिन मात्र चीफ फार्मासिस्ट और स्टोर इंचार्ज को निलंबित कर मामले को रफा दफा करने का प्रयास किया गया है जो बेहद आपत्तिजनक है।उन्होंने सीडीओ की जांच आख्या के आधार पर एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है

# केन्द्रीय ग्राम विकास मंत्री पहुंचे बगहा देवार, सड़क से ही किया ज्ञानकोल गांव के कटान का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । बड़हलगंज विकास खंड के बगहा देवार गांव व ज्ञानकोल गांव के कटान का निरीक्षण केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान व चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने सोमवार को किया। बगहा देवार गांव पहुंच मंत्री ने मौके पर मौजूद बाढ़ खंड दो के अधिशासी अभियंता वैभव सिंह से कटान रोधी कार्य के बारे में जानकारी ली। एक्सीएन ने बताया कि पर्पोकाइन, बंबु क्रेट, ट्री स्पर, जीयो बैग डालकर कटान रोकने का प्रयास किया जा रहा हैं। प्राथमिक विद्यालय पर कटान रुका हुआ है। एक्सीएन ने बताया की लो लैंड होने के नाते यहां बोल्डर पीचिंग का कार्य संभव नही है। लोक निर्माण विभाग की सड़क को भी बाढ़ खंड को हस्तांतरित करना पड़ेगा। राज्य मंत्री ने कहा कि बोल्डर पीचिंग कराकर कटान रोकने के लिए मुख्यमंत्री से बात करुंगा। मंत्री ने अधिकारियो को निर्देशित किया कि ज्ञानकोल से बगहा देवार तक कटान हर हाल में रुकना चाहिए। चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने एक्सीएन से कहा कि लोकनिर्माण विभाग की सड़क बाढ़ खंड को हस्तांतरित कराकर तटबंध का निर्माण कराया जायेगा। बगहा देवार गांव के ग्रामीण नंद कुमार, बबलू, विनोद, सुनील, अनीता, भानमती आदि ग्रामीणो ने मंत्री से कटान पीड़ीतो को बसाने की गुहार लगाई। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य मायाशंकर शुक्ल, गोरखपुर महराजगंज के पुर्व चेयरमैन रणविजय चंद, बाढ़ खंड दो के एक्सीएन वैभव सिंह, तहसीलदार गोला सुमित मौर्या, खंड विकास अधिकारी बड़हलगंज मनोज सिंह, एई बाढ़ खंड दो सुधांशु सिंह, जेई सुनील सिंह, भाजपा नेता देवेन्द्र चंद, बृजेश बर्मा, आनंद त्रिपाठी, ग्राम प्रधान प्रेम प्रकाश सिंह, चन्दन पान्डेय, ललकु यादव, सुभाष यादव, अंगद निषाद, पंकज सिंह, पुर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक यादव, कमलेश सिंह, राजन सिंह, राणा प्रताप सिंह, शिवम पांडेय,राजन तिवारी, करन यादव, कान्हा पाल, प्रतीश राय आदि लोग मौजूद थे।

भाजपा नेत्री व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अस्मिता चंद ने बगहा कटान पीड़ीतो पर अधिकारीयो के मनमानापन का आरोप लगाया। भाजपा नेत्री ने बताया कि उपजिलाधिकारी गोला से बगहा देवार में बंधे पर बसे लोगो के लिए लाइट की व्यवस्था करने को कहा लेकिन दो सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अब तक लाइट की व्यवस्था नही हो पाई। जिससे ग्रामीणो में काफी आक्रोश है। इस पर राज्य मंत्री ने मौजुद अधिकारीयो को फटकार लगाई।भाजपा नेता प्रेमप्रकाश सिंह ने ग्रामीणो के लिए शौचालय की मांग की। राज्यमंत्री ने तहसीलदार गोला सुमित मौर्या को तत्काल लाइट व शौचालय की व्यवस्था करने को कहा।

## इन्दिरा स्टेडियम में आयोजित होंगे 03 दिवसीय खेल व फिटनेस सम्बन्धी क्रियाकलाप

बहराइच । हाकी के जादूगर के नाम से विश्व प्रसित खिलाड़ी मेजर ध्यानचन्द के जन्मदिवस 29 अगस्त के उपलक्ष्य में ''राष्ट्रीय खेल दिवस-2025'' के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, इन्दिरा गांधी स्पोटर्स स्टेडियम, बहराइच द्वारा 29 से 31 अगस्त 2025 तक वृहद खेल एवं फिटनेस क्रियाकलापों आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए क्रीड़ा अधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 29 अगस्त को 14 वर्षीय बालकों की जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता, 30 को ओपेन तीरन्दाजी बालक/बालिकाओं की फन गेम्स तथा 31 अगस्त को ओपेन एथलेटिक्स बालक/बालिकाओं की फन गेम्स का आयोजन किया जायेगा। क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विद्यालय की इच्छुक टीमें/समस्त खिलाड़ी नगर निकाय/आधार कार्ड/प्रधानाचार्य द्वारा प्रदत्त आयु प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ आयोजन तिथि के अनुसार प्रातः 08:30 बजे तक जिला खेल कार्यालय, इन्दिरा गांधी स्पोटर्स स्टेडियम, बहराइच में उपस्थित होकर अपने टीम के खिलाड़ियों का प्रमाणित सूची इस कार्यालय में जमा करा सकते हैं।

# अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी जन्मोत्सव में मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । एस.आर. मैरिज लॉन, बरखुरद्वारापुर, कैसरगंज में आयोजित अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी जन्मोत्सव प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के मा. मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले श्री आशीष पटेल जी ने अध्यक्ष, अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा एवं विधायक एटा विपिन कुमार सिंह डेविड, प्रदेश अध्यक्ष उत्तम चन्द्र राकेश लोधी एडवोकेट, प्रदेश प्रभारी हरिपाल सिंह लोधी, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती कान्ति सिंह लोधी, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय लोधी महासभा शारदा प्रसाद लोधी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा व जिला अध्यक्ष अपना दल गिरीश पटेल व अन्य अतिथियों के साथ अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश के मा. मंत्री श्री पटेल ने अन्य अतिथियों के साथ हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाली छात्र-छात्राओं रंजीत कुमार लोधी, संतोष कुमार लोधी, अंशिका लोधी व कृष्णा सोनी, इण्टरमीडिएट के धर्मवीर राजपूत, जूली राजपूत व अश्वनी राजपूत, डी.एल.ई.एड. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा दिव्या राजपूत, एम.बी.बी.एस. अन्तिम वर्ष के छात्र अनुज वर्मा, एम.एस.सी. की छात्रा अर्चना को शिक्षाविद स्वामी ब्रहमानन्द जी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जन्मोत्सव प्रतिभा सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश के मा. मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्वामी ब्रहमानन्द भारत के एक स्वतन्त्रता सग्राम सेनानी, समाजसुधारक एवं परोपकारी व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। उन्होंने समाज में फैले अन्धविश्वास, अशिक्षा एवं कुरीतियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी साथ ही गौ हत्या निषेध को लागू कराने के लिए अन्दोलन भी किया। वह आज़ाद भारत के पहले सन्यासी सांसद थे। मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वामी जी का चित्र भेंट करने के पीछे यही मंशा है कि हमारी युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती रहे। श्री पटेल ने उपस्थित जन का आहवान किया कि आगे आने वाली पीढ़ी को शिक्षित बनाये जाने का संकल्प लें। श्री पटेल ने मेधावी छात्र-छात्राओं का आहवान किया कि दूसरे छात्र-छात्राओं को शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित करें। मुख्य अतिथि मा. मंत्री श्री पटेल, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, अर्जुन सिंह पटेल सहित अन्य वक्ताओं ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी के जीवनगाथा पर प्रकाश डाला। वक्तागण ने कहा कि 1857 के भारतीय विद्रोह में महारानी अवंतीबाई लोधी का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने रामगढ़ की रानी के रूप में ब्रिटिश हुकूमत से लोहा लिया और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। 16 अगस्त 1831 को जन्मी अवंतीबाई ने बचपन में ही तलवारबाजी और घुड़सवारी सीख ली थी और अपने पति, राजा विक्रमादित्य सिंह, के बीमार होने पर रामगढ़ राज्य का कार्यभार संभाला। उन्होंने अंग्रेजों की राज्य हड़पने की नीति का पुरजोर विरोध किया, आसपास के राजाओं को एकजुट करने के लिए चूडियों के साथ पत्र भेजे, और 20 मार्च 1858 को अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए वीरगति प्राप्त की, जिससे वे प्रथम महिला शहीद वीरांगना कहलाईं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष रा.युवा लोधी महासभा बजरंग लोधी, शिव बरन लोधी, प्रकाश लोधी, हरिहर शरण लोधी, उमा शंकर लोधी, राम सेवक लोधी, राम नरेश व पवन कुमार लोधी, अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष देशराज लोधी व जगदीश राजपूत, जिला महामंत्री अर्जुन सिंह लोधी, मण्डल मंत्री जी.एस. सिंह लोधी, वरि. समाज सेवी उमा प्रसाद लोधी व तहसील अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह लोधी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# गांव की बाजार में युवक पर हमला गंभीर रूप से घायल-रिपोर्ट दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। ग्राम सिद्धौरा में लगी बाजार के दौरान एक युवक पर दबंगों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार नानपारा कोतवाली अंतर्गत ग्राम सिद्धौरा निवासी बबलू 22 वर्षीय पुत्र मूने, बाजार में सामान खरीदने गया था। इसी दौरान कुछ दबंगों ने उस पर हमला कर दिया और मारपीट में उसके सिर पर गंभीर चोट लग गई। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पीड़ित के परिजनों ने बताया कि बबलू घटना के बाद बेहोश हो गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने जिला अधिकारी से प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

## बीज विक्रेताओं के लिए आज से आयोजित होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

बहराइच । जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि रबी 2025-26 से जनपद में साथी पोर्टल पर बीज प्रमाणीकरण संस्था से प्रमाणित बीजों की बिकी का कार्य बीज उत्पादक संस्था से बीज विक्रेता डीलर/रिटेलर के माध्यम से कृषकों को बिकी किया जाना प्रस्तावित है। डॉ. यादव ने बताया कि उप कृषि निदेशक कार्यालय के सभागार में 25 अगस्त 2025 को प्रातः 10:00 बजे से जनपद के समस्त बीज बिक्रेताओं को एनआईसी महाराष्ट्र के विशेषज्ञों द्वारा आन लाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिला कृषि अधिकारी ने जनपद समस्त बीज विक्रेताओं से अपेक्षा की है कि ससमय उपस्थित होकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करें।

# सपा की पीडीए पंचायत अभियान के अंतर्गत सिमरिया अजितपुर बिल्हा में हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के ग्राम सिमरिया अजितपुर बिल्हा में पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया जिसका संचालन एवं अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय यादव ने किया इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार राजू जी ने सभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि ''भाजपा सरकार जनविरोधी और पीडीए विरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, तब से पीडीए समाज को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर हैं समाजवादी पार्टी का लक्ष्य संविधान रचयिता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों को पिछड़े, अगड़े और दलितों तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचे पूर्व विधायक अरशद खा ने ''संविधान में दिए गए अधिकारों के प्रति जागरूक होने की अपील की एव गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में अंबेडकर को लेकर दिए गए बयान की भी याद दिलाई और भाजपा को संविधान की सबसे बड़ी दुश्मन बताया।विशिष्ट अतिथि उमाशंकर यादव ने कहा कि ''जैसे-जैसे भाजपा ताकतवर होगी, वह संविधान को कुचलने का प्रयास करेगी। लेकिन समाजवादी पार्टी पीडीए समाज के साथ मजबूती से खड़ी है सपा प्रमुख अखिलेश यादव भाजपा के मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे हम सबको मिलकर इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाना है कार्यक्रम को मुख्य रूप से महिला सभा की मीता सिंह,ओम शर्मा, यादव,सतीश वर्मा,राजाराम वर्मा,इंद्रपाल सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित कियाकार्यक्रम मे प्रमुख रूप हरीशंकर यादव,हार्दिक,हरिओम सिंह, मनोज कुमार शर्मा,देवेंद्र सिंह,अमरजीत,इक़बाल,जौम्न प्रसाद,रमेश,नंदलाल,कपिल कुमार कश्यप,सुरेश कुमार,भगवान दीन वर्मा,रजनीश यादव आदि कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे।

# एसपी ने दो दिवसीय बारहवीं अन्तर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । रिजर्व पुलिस लाइन्स अमेठी में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने दो दिवसीय बारहवीं अन्तर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता लखनऊ जोन का शुभारम्भ किया। रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स अमेठी में लखनऊ जोन के दो दिवसीय बारहवीं अन्तर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रथम दिवस पर प्रतियोगिता में भाग ले रही लखनऊ जोन की टीमों व बैण्ड द्वारा मंच के पास से मार्च पास कर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक का मान प्रणाम किया गया तदोपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभाग कर रही जोन की टीमों के प्रबंधक से परिचय प्राप्त किया गया व खिलाड़ियों द्वारा शपथ ग्रहण करने के उपरान्त रंग बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़कर मलखम्भ के प्रर्दशन प्रतियोगिता के शुभारम्भ की घोषणा की गई।प्रतियोगिता का प्रथम दिवस बेहद ही उत्साहपूर्ण एवं रोमांचक रहा। प्रतियोगिता में आज लखनऊ जोन की कुल छह जनपदों में अम्बेडकरनगर, सीतापुर, सुलतानपुर, खीरी, हरदोई व अमेठी की टीमों द्वारा प्रतिभाग कर एक दूसरे के लिये कड़ी प्रतिद्वन्दता प्रस्तुत कर अपने अपने प्रदर्शन से दर्शक दीर्घा में उपस्थित व्यक्तियों एवं निर्णायक मण्डल को आश्चर्यचकित कर दिया गया। छह सदस्यीय निर्णायक मण्डल के निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निर्णय के उपरान्त प्रथम दिवस के समापन पर टीम प्रतिस्पर्धा में जनपद अमेठी की टीम छब्बीस अंक के साथ बढ़त बनाकर प्रथम स्थान पर, जनपद अम्बेडकरनगर की टीम सोलह अंक के साथ द्वितीय व जनपद सुलतानपुर की टीम दस अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही वहीं एकल प्रतिस्पर्धा में आरक्षी प्रमोद कुमार जनपद अमेठी प्रथम स्थान पर, आरक्षी आकाश यादव जनपद अम्बेडकरनगर द्वितीय स्थान पर तथा आरक्षी ओमजी त्रिपाठी जनपद अमेठी तृतीय स्थान पर रहे । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह , क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह, मनोज कुमार मिश्रा,अखिलेश वर्मा एवं पुलिस उपाधीक्षक श्वेताभ भास्कर व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# ब्लॉक प्रमुख ने लगाया जनता दरबार सुनी पीड़ितों की समस्याएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत।मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा अपने कार्यालय पर जनता दरबार लगाकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने का प्रयास करती हैं। इस जनता दरबार में क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान अपनी-अपनी ग्राम पंचायत से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचते हैं।जनता दरबार में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान होता हैं। मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास करती हैं। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा संबंधित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर समस्याओं के समाधान करने के निर्देश देती हैं। मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा लगातार अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाती हैं। और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करती हैं।इस जनता दरबार से ग्रामीणों को अपनी समस्याओं को बताने का अवसर मिलता है और मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा के प्रयास से समस्याओं का समाधान भी होता है।

## मीरामऊ में बेड पर एक साथ सो रही चाची भतीजी की सांप काटने से हुई मौत

अमेठी । थाना जायस क्षेत्र के गांव मीरामऊ में एक ही बेड पर सो रही चाची और भतीजी को एक साथ सांपों के जोड़े ने डस लिया। परिजन आनन फानन में दोनों को अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र के गांव मीरामऊ निवासिनी शकीला उम्र पैंतीस वर्ष पत्नी आसिफ अपनी पन्द्रह वर्षीय भतीजी साइमा पुत्री जहीर के साथ बेड पर सो रही थी तभी अचानक जहरीले सांपो का एक जोड़ा बेड पर चढ़कर दोनों को काट लिया।सांप के काटने से दोनो चिल्लाकर बेहोश हो गई। शोरगुल की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे परिजन दोनो को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद दोनों सांप बाहर की तरफ भागने लगे जिसके बाद ग्रामीणों ने लाठी डंडो से पीटकर सांप को मौत के घाट उतार दिया है। सांप काटने से चाची भतीजी की हुई मौत की खबर मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# अधिकारियों और व्यापारियों के बीच हुआ खुल कर संवाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत उद्योग व्यापार प्रीतिनिधि मंडल के ज़िला अध्यक्ष एम ए जिलानी की पहल पर ज़िले के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने ज़िला अध्यक्ष एम ए जिलानी के प्रतिष्ठान उसके पश्चात नौगवाँ पकड़िया में आरटी सी ट्रान्पोर्ट पर पहुँच कर व्यपारियों से विस्तार से चर्चा की जिसमे पीलीभीत शहर की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक, अतिक्रमण और यातायात अव्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों और शहर के प्रमुख व्यापारीयों के बीच एक खुला और सार्थक संवाद हुआ, जिसका उद्देश्य इस समस्या का स्थायी समाधान खोजना था। यह बैठक इस बात का संकेत है कि प्रशासन अब केवल कार्रवाई नहीं, बल्कि बातचीत के माध्यम से समाधान निकालने पर जोर दे रहा है।अतिक्रमण एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। सड़कों पर वाहनों और पैदल चलने वालों के लिए जगह कम होती जा रही है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति पैदा होती है। दुकानों के बाहर फुटपाथों पर फैला सामान और अवैध स्टॉल यातायात को बाधित करते हैं, जिससे न केवल आम नागरिकों को परेशानी होती है बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। व्यापारी भी इस अव्यवस्था से प्रभावित होते हैं, क्योंकि ग्राहकों को उनकी दुकानों तक पहुँचने में कठिनाई होती है।बैठक की शुरुआत अधिकारियों द्वारा शहर की वर्तमान स्थिति पर एक विस्तृत प्रस्तुति के साथ हुई। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज और सर्वेक्षण डेटा के माध्यम से दिखाया कि कैसे अतिक्रमण यातायात की गति को धीमा कर रहा है और सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाल रहा है। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी भी व्यापारी को नुकसान पहुँचाना नहीं है, बल्कि एक ऐसा रास्ता निकालना है जिससे व्यापार भी सुचारू रूप से चले और शहर की व्यवस्था भी बनी रहे।

इसके जवाब में, व्यापारियों ने अपनी चिंताओं को सामने रखा। उन्होंने कहा कि कई बार अतिक्रमण सिर्फ उनकी दुकानों के बाहर फैले सामान से नहीं, बल्कि अधिकारियों की गाड़ियों से भी होता है,जो अक्सर बीच सड़क पर खड़ी हो जाती है जिन पर उनका कोई नियंत्रण नहीं होता। कुछ व्यापारियों ने पार्किंग की अपर्याप्त सुविधा को भी एक बड़ी वजह बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रशासन को पार्किंग के लिए वैकल्पिक स्थानों की पहचान करनी चाहिए।लंबी चर्चा के बाद, दोनों पक्षों के बीच कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी। अधिकारियों ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि नगर में जल्द ट्रांसपोर्ट नगर के लिए जगह तलाशी जाएगी जहाँ ट्रांसपोर्ट नगर को शिफ्ट किया जाएगा जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल ने कहा व्यापार मंडल अतिक्रमण के हॉटस्पॉट की पहचान करेगा और उनके लिए प्रशासन को समाधान सुझाएगा व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानों के बाहर से अतिक्रमण हटाने की बात कही और इसके लिए कुछ समय मांगा।प्रशासन ने अवैध फ़ेरीवालों और ठेलेवालों के लिए एक वैकल्पिक वेंडिंग जोन बनाने का प्रस्ताव दिया, ताकि उनकी आजीविका पर भी असर न पड़े और यातायात भी बाधित न हो।नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक ने शहर में खाली पड़ी सरकारी जगहों को अस्थायी पार्किंग स्थल के रूप में इस्तेमाल करने की संभावना पर भी विचार करने पर ज़ोर दिया बैठक का समापन सकारात्मक नोट पर हुआ। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने कहा कि बैठक सिर्फ एक शुरुआत है। हमारा लक्ष्य एक ऐसा मॉडल स्थापित करना है जहाँ हम सब मिलकर काम करें, समस्याओं का हल निकालें और पीलीभीत को एक सुरक्षित और सुव्यवस्थित शहर बनाएँ।'' व्यापार मंडल ज़िला अध्यक्ष ने भी प्रशासन के इस सहयोगात्मक रवैये की सराहना की और कहा कि वे इस पहल का पूरा समर्थन करेंगे। यह देखना होगा कि इस संवाद का परिणाम कितना प्रभावी होता है, लेकिन यह स्पष्ट है कि पीलीभीत में बदलाव की दिशा में एक नया अध्याय शुरू हो गया है।बैठक में सीओ सिटी ,एआरटीओ,इंस्पेक्टर कोतवाली ,इंस्पेक्टर सुनगडी,टीएसआई,नगर पालिका व विधुत विभाग के अधिकारियों के अलावा ज़िला अध्यक्ष एम ए जिलानी,प्रकाशवीर ,राजेश अग्रवाल ,पंकज अग्रवाल ,शैली शर्मा ,रणवीर पाठक,राशिद अंसारी ,सुनील वर्मा कंचन सक्सेना ,शोभनीय सिंह ,आशीष लोधी ,गौतम गुहा,ममनून,मुस्तकीम मलिक,विक्की,इस्लाम,गुलफाम हसन,अन्ना सहित हज़ारो व्यापारी उपस्थित रहे है।

## बाबर खान को मिला मैन ऑफ द मैच दर्शकों ने बजाई तालियां

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। आयोजित अंडर 12 टूर्नामेंट मैच में सेंट जोसेफ क्लब ने चैतन्य क्लब को हराकर जीत हासिल की। इस मैच में 10 वर्षीय बाबर खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 48 रन बनाए और 2 विकेट लिए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी जैगम खान के पुत्र बाबर खान ने क्रिकेट मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण 48 रन बनाए और 2 विकेट लिए,जिससे उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।सेंट जोसेफ क्लब की जीत सेंट जोसेफ क्लब ने 142 रन बनाकर मैच जीत लिया, जबकि चैतन्य क्लब 129 रन पर ऑल आउट हो गई।कोच और दर्शकों की उपस्थिति मैच में चैतन्य क्लब के कोच अजय रात्राजी और सेंट जोसेफ क्लब के कोच मनीष सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।बाबर खान का यह प्रदर्शन उनकी टीम के लिए महत्वपूर्ण था और उन्हें भविष्य में एक अच्छे क्रिकेटर के रूप में देखा जा रहा है।

## महाराणा प्रताप चौक निर्माण के लिए चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षत्रिय समाज पूरनपुर द्वारा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता को महाराणा प्रताप चौक के पुनः निर्माण,सौंदर्यीकरण और मूर्ति स्थापना हेतु ज्ञापन सौंपा गया। जिसको स्वीकार करते हुए उन्होंने पूरे समाज को आश्वासन भी दिया कि जल्द ही महाराणा प्रताप चौक का निर्माण किया जाएगा जिसके लिए मूर्ति बनकर तैयार भी हो चुकी है और श्री गुप्ता ने बताया क़िमेरा प्रयास यही है क़िपूरे प्रदेश में ऐसा चौक शायद ही कहीं होगा जैसा हम बनाने जा रहे हैं।इस अवसर पर समाज के कौशलेन्द्र सिंह भदौरिया, ठाकुर प्रदीप सिंह मुखिया, सोनू ठाकुर, ठाकुर हरीश सिंह चौहान, अशोक सिंह, नेत्रपाल सिंह, अंशुल सिंह चौहान, अमर सिंह ठाकुर, सनी सिंह, राहुल सिंह, सुमित सिंह, सुरेंद्र सिंह, उत्कर्ष सिंह, नवीन सिंह चौहान, अनूप सिंह चौहान, पवन सिंह, बृजेंद्र सिंह, ऋतुराज सिंह, अमित ठाकुर, श्याम सिंह एवं अन्य क़ई सम्मानित जन उपस्थित रहे है।

## नगर के मिली एक और उपलब्धि वैश्य समाज के सहयोग से भामाशाह द्वार निर्माण की हुई शुरुआत चेयरमैनब ने रखी नींव

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद पूरनपुर द्वारा माहौर वैश्य समाज के सहयोग से दानवीर श्री भामाशाह जी की स्मृति में निकट कोतवाली पूरनपुर भामाशाह द्वार के निर्माण की नींव रखी गई। जिसमें माहौर वैश्य समाज ने चेयरमैन पूरनपुर शैलेन्द्र गुप्ता की उपस्थिति में पूजन करवाया। उनके साथ समाज के वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र आर्य की प्रमुख उपस्थिति रही।इस अवसर पर मुख्य रूप से समाज के अध्यक्ष अनुप गुप्ता, महामंत्री राजेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास गुप्ता, मनोज गुप्ता 'सोना' ,गिरीश गुप्ता, संरक्षक संतोष गुप्ता, बाबूराम आर्य, रामाशंकर गुप्ता, छोटे लाल गुप्ता,विनोद गुप्ता,अजय गुप्ता सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।इस अवसर पर सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे और उनके सहयोग व आशीर्वाद से कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा हैं।

## भोजपुरी महोत्सव 2025 में दीनबंधु सिंह को मिला सम्मान

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज द्वारा राजधानी लखनऊ में भव्य भोजपुरी महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक गायक दीनबंधु सिंह को राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह ने विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय एवं राष्ट्रीय महासचिव मनोज सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव में सैकड़ों कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी और भोजपुरी संस्कृति की छटा बिखेरी। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा ञ्भोजपुरी भाषा और संस्कृति भारत की आत्मा है। इस तरह के आयोजन भोजपुरी कला और लोक संस्कृति को विश्व पटल पर और अधिक सशक्त बनाएंगे।ञ्इस अवसर पर संस्कृति विभाग के अधिकारी कमलेश पाठक , भोजपुरी के प्रख्यात गायक गोपाल राय एवं लोकप्रिय गायिका कल्पना भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। लोक गायक दीनबंधु सिंह ने अपने लोकगीतों से ऐसा समां बाँधा कि पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह से गूंज उठा। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

## गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश पर्व को समर्पित दस्तार कैंप शुरू

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुरुद्वारा सिंह सभा ब्लॉक रोड पूरनपुर में सिख संगत ने गुरुबाणी पाठ, शबद कीर्तन,कथा विचार करते हुए श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व मनाया।गुरुद्वारा सिंह सभा ब्लॉक रोड पूरनपुर में शुक्रवार को गुरु ग्रंथ साहिब जी का अखंड पाठ शुरू किया गया।रविवार को भोग के बाद शरबत के भले की अरदास हुई। गुरुद्वारा सिंह सभा ब्लॉक रोड पूरनपुर के हेड ग्रंथि की सेवा निभा रहे भाई जसपाल सिंह ने कथा करते हुई संगत को बताया कि गुरु नानक देव जी से लेकर गुरुर गोबिंद सिंह जी तक सभी गुरुओं ने सिख संगत को शब्द गुरु को गुरु मानने का हुक्म दिया ।

# खाद की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त, दी एफआईआर की चेतावनी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**







सुल्तानपुर। जनपद में खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन हाई अलर्ट पर है। जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश पर एडीएम (एफआर) एस. सुधाकरण और जिला कृषि अधिकारी सदानंद चौधरी ने रविवार को पयागीपुर चौराहा स्थित पीसीएफ गोदाम का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टर का मिलान कर खाद की सप्लाई और उपलब्धता का पूरा लेखा-जोखा देखा। उन्होंने यह भी परखा कि पीसीएफ गोदाम पर आई खाद की रेकों को संबंधित सहकारी समितियों तक ट्रैक्टरों के माध्यम से सही तरीके से पहुँचाया जा रहा है या नहीं। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी सदानंद चौधरी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई दुकानदार या सहकारी समिति का सचिव यूरिया खाद की कालाबाजारी करता पाया गया तो उसके खिलाफ सीधे मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, कार्रवाई ऐसी होगी कि नज़ीर बनेगी और भविष्य में कोई भी खाद की कालाबाजारी करने का दुस्साहस नहीं करेगा।

**10 दुकानों के लाइसेंस निरस्त, 14 के निलंबित**

जिला कृषि अधिकारी सदानंद चौधरी की निगरानी में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। यूरिया की कालाबाजारी और अनियमितताओं की शिकायतों के बाद की गई इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। जिलाधिकारी कुमार हर्ष व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक के निर्देशानुसार की गई जांच के दौरान कई निजी दुकानों पर गड़बड़ियां पाई गईं। दोषी पाए जाने पर 10 दुकानों पर प्रशासन की गाज गिरी इन दसों दुकानों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए, जबकि अन्य 14 दुकानों पर लाइसेंस निलंबन की कारवाही की गई हैं। कृषि विभाग की मानें तो जिले में फिलहाल 435 निजी विक्रेताओं और 112 सहकारी समितियों के पास पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। विभाग के पास लगभग 33,020 बैग यूरिया और सहकारी समितियों के पास 6,980 बैग यूरिया उपलब्ध है। अधिकारियों का दावा है कि जिले में यूरिया की कोई कमी नहीं है। और अब विभाग द्वारा अनियमितता पर होगी सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगीजांच के दौरान जिन दुकानों पर कालाबाजारी और गड़बड़ी की शिकायतें सही पाई गईं, उन पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित भी की गई है । अधिकारियों ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि भविष्य में भी अगर किसी दुकान पर अधिक दाम वसूले जाने या अवैध भंडारण की शिकायत पाई जाती है, तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## न्याय की आस लिए दर दर भटकता रहा पिता

बल्दीराय/सुलतानपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी चालीस वर्षीय युवक ने गांव के ही एक युवक पर घर में रखी नगदी, जेवरात सहित उसकी सोलह वर्षीय पुत्री को भगा ले जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुत्री के साथ किसी अनहोनी आशंका की संभावना करते हुए न्यायलय से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित पिता के अनुसार उसके गांव के ही निवासी एक पैंतालीस वर्षीय युवक ने उनकी सोलह वर्षीय नाबालिग पुत्री को पांच जून सुबह लगभग साढ़े आठ बजे बहला फुसलाकर घर में रखे उसकी पत्नी के गहने व नगदी समेत कही भगा ले गया। जिसकी खोज उसने नाते रिश्तेदारी समेत संभावित जगहों पर की मगर कहीं पता नहीं चल पाया जिससे उक्त व्यक्ति पर उसकी पुत्री के साथ किसी अनहोनी आशंका का डर सता रहा है। जिसकी तहरीर उसने स्थानीय थाने पर दी थी मगर मुकदमा नहीं दर्ज किया गया। तब उसने सात अगस्त को लिखित रजिस्टर्ड सूचना पुलिस अधीक्षक को दी मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई तब उसने न्यायलय की शरण ली जहां न्यायलय के आदेश पर स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया।

# तिलोई रियासत के युवराज आरवीएस कालेज के तीसरी बार बने प्रबंधक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



तिलोई अमेठी । राजा विश्वनाथ शरण शिक्षण संस्थान तिलोई की साधारण सभा की बैठक डीआईओएस द्वारा नामित पर्यवेक्षक राजेंद्र प्रसाद जायसवाल की देखरेख एवं विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुई जिसमें साधारण सभा के उनहत्तर सदस्यों के सापेक्ष अठावन सदस्यों ने बैठक में प्रतिभाग किया। तिलोई रियासत के युवराज कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह को तीसरी बार प्रबंधक एवं कुंवर उत्कर्ष शरण सिंह को उप प्रबंधक पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया।राजा विश्वनाथ शरण सिंह इण्टर कालेज तिलोई के सभागार में आयोजित बैठक का शुभारम्भ मां सरस्वती के पूजन अर्चन एवं राजा विश्वनाथ शरण सिंह एवं राजा मोहन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। साधारण सभा के अध्यक्ष पद पर मयंकेश्वर शरण सिंह एवं उपाध्यक्ष पद पर विनय कुमार सिंह को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। पर्यावरण संरक्षण के लिये राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही अभिभावकों ने बधाई दी है।इस मौके पर रमेश कुमार सिंह, धर्मेश कुमार मिश्रा, संत बख्श सिंह,अर्जुन सिंह भदौरिया, शिवानंद सिंह,उमेश प्रताप सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह,प्रदीप सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# गांव के हक पर डाका जिम्मेदारों की मिलीभगत से दबा सच आरटीआई के 11 महीने बाद भी नहीं दिया जवाब गांव में भ्रष्टाचार का पनप रहा खेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। विकास खंड की ग्राम पंचायत टांडा छत्रपति में मनरेगा और ग्राम निधि का घोटाला सामने आ रहा है। ग्रामवासियों ने 27 सितम्बर 2024 को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत आवेदन कर पंचायत में वर्ष 2020 से 2024 तक हुए कामों का ब्योरा मांगा था। इसमें नाली-खड़ंजा निर्माण, आय-व्यय रजिस्टर, मजदूरों के भुगतान, स्कूलों में हुए विकास कार्य और आवास योजना के लाभार्थियों की सूची तक की जानकारी मांगी गई थी। आवेदन के साथ शुल्क भी जमा किया गया था।लेकिन 11 महीने बीत जाने के बाद भी अब तक कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है।सूचना अधिनियम के लिए प्रधान और सचिव ने अधिकारियों की मिलीभगत से लाखों रुपये का खेल किया है। काम कागजों में दिखाए गए, लेकिन जमीन पर नाली-खड़ंजा अधूरा है और कई जगह तो शुरुआत भी नहीं हुई।गाँव में गंदगी का अम्बार लगा है।लोगों का कहना है।कि पंचायत में ऐसे कई मामले उठते हैं, लेकिन जांच के नाम पर हमेशा लीपापोती होती है। आरटीआई से लेकर प्रथम अपीलीय आधिकारी तक सब कुछ बेअसर साबित हो रहा है। ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है। कि उच्चस्तरीय जांच टीम गठित कर पूरे खेल का सच उजागर किया जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो भ्रष्टाचार और भी बढ़ेगा और गांव के विकास के नाम पर सिर्फ कागजों पर खेल चलता रहेगा। यह मामला सिर्फ टांडा छत्रपति का नहीं, बल्कि जिले की कई पंचायतों में इसी तरह का भ्रष्टाचार है। जांच नहीं हुई तो जनता का विश्वास पूरी तरह खत्म हो जाएगा।

# महामारी मोटापे की

देश में जिस तेजी से मोटापा और उससे जनित रोगों का दायरा बढ़ा है, उससे यह एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात जैसी स्थिति बनती जा रही है। जिससे मोटापा जनित गैर संक्रामक रोगों में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। एक हालिया अध्ययन में इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च व विश्व स्वास्थ्य संगठन ने खुलासा किया है कि साल 2025 तक भारत की वयस्क आबादी में मोटापे की दर 20 से 23 फीसदी तक जा पहुंची है। जबकि वर्ष 1990 में देश यह दर महज नौ से दस प्रतिशत ही थी। चिंता की बात यह है कि महज तीन दशक में मोटापा बढ़ने की यह दर दो गुना हो चुकी है। यही वजह है कि शहरों में आजकल हर चौथा व्यक्ति मोटापे का शिकार दिखायी देता है। दरअसल, देश में जैसे-जैसे आर्थिक समृद्धि आई तो हमारी खान-पान की आदतों में बदलाव आया है। हमारे भोजन में डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, अधिक शूगर वाले पेय पदार्थ और युवाओं में जंक फूड का उपभोग तेजी से बढ़ा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि खाद्य तेलों का उपयोग भी बहुत तेज गति से बढ़ा है। आर्थिक विकास से समृद्धि आई तो हमारा खानपान समृद्ध हुआ,लेकिन वहीं शारीरिक निष्क्रियता भी बढ़ी है। दरअसल, खाद्य तेलों का बेतहाशा उपयोग भी मोटापे की वजह बना है। देश में नब्बे के दशक में जहां प्रति व्यक्ति तेल की औसतन खपत साढ़े तीन से चार लीटर थी, जो अब करीब बीस लीटर सालाना हो गई है। यानी चिंताजनक स्थिति तक पहुंचकर पांच गुना हो गई है। अब मोटापे की समस्या से शहर ही नहीं, ग्रामीण जीवन भी प्रभावित हो रहा है। बीती सदी में ऐसा देखने में नहीं आता है। दरअसल, इस सदी की शुरुआत में आई आर्थिक समृद्धि ने न केवल हमारी खानपान की आदतें बदली, बल्कि वाहनों के अधिक उपयोग व आरामदायक जीवनशैली ने हमारी शारीरिक सक्रियता भी कम कर दी। जो मोटापे की एक बड़ी वजह बना। देश में मोटापे की समस्या किस हद तक पहुंच चुकी है और उससे गैर संक्रामक रोग कितनी तेजी से बढ़ रहे हैं, उसको लेकर कई सार्वजनिक मंचों से प्रधानमंत्री देश को संबोधित कर चुके हैं। स्वतंत्रता दिवस पर उन्होंने देश में गति पकड़ते मोटापे पर गंभीर चिंता जतायी। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भी वे मोटापे से मुक्त जीवन के लिये लाइफ स्टाइल में बदलाव की बात कह चुके हैं। उन्होंने खाद्य तेलों के उपयोग में कमी लाने की भी बात कही। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी कह चुका है कि पांच-छह सौ एमएल से अधिक खाद्य तेल का सेवन मोटापे, उच्च रक्तचाप, दिल के रोग और डायबिटीज के खतरे को बढ़ा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कह रहे हैं कि खानपान की आदतों में सुधार और शारीरिक सक्रियता बढ़ाने से हम मोटापा कम कर सकते हैं। नियमित व्यायाम व योग-प्राणायाम इसमें खासे मददगार हैं। यहां संकट हमारी जीवन शैली में आये बदलावों का भी है, जिसमें हम देर रात को अधिक गरिष्ठ भोजन करते हैं। देर से सोना और देर से जागना अब आम बात हो चली है। तेजी से होते शहरीकरण, आफिसों में देर तक काम करने, शारीरिक सक्रियता में कमी तथा देर रात तक सोशल मीडिया में उलझे रहने से भी नींद की कमी ने जीवन में तनाव को बढ़ाया है। यह तनाव हमारी खानपान की आदतों को बुरी तरह प्रभावित करके मोटापे को बढ़ाता है। यही वजह है कि एक बहुचर्चित मेडिकल पत्रिका ने चेताया है कि भारत में 2050 तक पैंतालीस करोड़ युवा मोटापे की चपेट में आ सकते हैं। इस समस्या का एक पहलू यह भी है कि सोशल मीडिया पर मोटापा कम करने के नीम-हकीमी नुस्खों की भरमार आई है। हर दूसरा आदमी मोटापा कम करने के तरीके बताता नजर आता है। जबकि चिकित्सीय दृष्टि ये तथ्य प्रमाणिक नहीं हैं। लेकिन फिर भी लोग आंख मूंदकर उस पर विश्वास करने लगते हैं। कुछ लोग जिम जाकर रातों-रात वजन घटाने का उपक्रम करके अपने शरीर से खिलवाड़ करने लगते हैं। वजन घटने में सावधानी की लंबी प्रक्रिया भी होती है। जल्दीबाजी के चक्कर में कई लोग अपनी जान से भी हाथ धो बैठते हैं।

# इक्षक : जलमार्गों की सुरक्षा का स्वदेशी प्रहरी

'इक्षक' की नींव 6 अगस्त 2021 को रखी गई थी और इसे 26 नवंबर 2022 को लांच किया गया था। निर्माण से लेकर डिलीवरी तक इस जहाज में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उपकरणों और सामग्री का उपयोग किया गया है। यह आंकड़ा अपने आप में महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दर्शाता है कि भारत अब महत्त्वपूर्ण समुद्री प्लेटफार्मों को विदेशी निर्भरता के बजाय स्वदेशी संसाधनों से निर्मित करने में सक्षम है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 'इक्षक' की डिलीवरी 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की दिशा में एक ठोस प्रमाण है। इस पोत के निर्माण में बड़ी संख्या में भारतीय उद्योग, एमएसएमई और स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं ने सक्रिय योगदान दिया, जिससे न केवल रक्षा उत्पादन में स्वदेशीकरण को बल मिला बल्कि देश के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को भी प्रोत्साहन मिला। 'इक्षक' का विस्थापन लगभग 3400 टन है और इसकी कुल लंबाई 110 मीटर है। यह आकार इसे अपनी श्रेणी का सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत बनाता है। यह पोत उन्नत हाइड्रोग्राफिक और समुद्र विज्ञान संबंधी अनुसंधान कार्यों को संपन्न करने के लिए आवश्यक स्थिरता और क्षमता प्रदान करता है। इस पोत का ढांचा आधुनिक एकीकृत निर्माण तकनीक से निर्मित किया गया है, जो मजबूती और टिकाऊपन सुनिश्चित करता है। भारतीय शिपिंग रजिस्टर (आईआरएस) के वर्गीकरण नियमों का पालन करते हुए इसका डिजाइन तैयार किया गया है। 'इक्षक' अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरणों से सुसज्जित है, जिनमें समुद्र की गहराईयों और तलछट की उच्च गुणवत्ता वाले आंकड़े संकलित कर उनका डिजिटल विश्लेषण करने के लिए डेटा अधिग्रहण और प्रसंस्करण प्रणाली, बिना मानवीय चालक के गहरे पानी में विस्तृत सर्वेक्षण और निगरानी करने में सक्षम स्वायत्त जल वाहन, कठिन जल क्षेत्रों में भी रियल टाइम निगरानी और सर्वेक्षण में मददगार दूर से संचालित वाहन, समुद्री मानचित्रण की सटीकता बढ़ाने हेतु लंबी दूरी की पोजिशनिंग प्रणाली डीजीपीएस, समुद्री तल की संरचना और अवरोधों का विस्तृत डिजिटल चित्र तैयार करने में सहायक डिजिटल साइड-स्कैन सोनार प्रमुख हैं।

भारतीय नौसेना की बढ़ती सामरिक क्षमताओं और समुद्री प्रभुत्व को सुदृढ़ करने की दिशा में उस समय एक और मील का पत्थर जुड़ गया, जब स्वदेशी तकनीक से निर्मित आधुनिकतम सर्वेक्षण पोत (एसवीएल) 'इक्षक' को आधिकारिक रूप से नौसेना को सौंप दिया गया। 'इक्षक' का अर्थ है 'मार्गदर्शक' और यह नाम अपने आप में प्रतीकात्मक है क्योंकि इस जहाज का मूल उद्देश्य ही समुद्री मार्गों, नौवहन चैनलों तथा गहरे समुद्री क्षेत्रों का सटीक सर्वेक्षण कर मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। यह पोत भारतीय नौसेना के लिए न केवल सामरिक दृष्टि से बल्कि तकनीकी और औद्योगिक आत्मनिर्भरता की दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारतीय नौसेना के लिए युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा तैयार किया गया यह पोत गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) कोलकाता में निर्मित हुआ है। जीआरएसई द्वारा निर्मित यह 802वां जहाज और 113वां युद्धपोत है। इससे पहले इस श्रेणी के दो पोत 'आईएनएस संध्याक' और 'आईएनएस निर्देशक' क्रमशः दिसंबर 2023 और अक्टूबर 2024 में नौसेना को सौंपे गए थे। चार पोतों की इस श्रृंखला में 'इक्षक' तीसरा पोत है जबकि चौथा पोत अगले वर्ष तक नौसेना में सम्मिलित होने की संभावना है। 'इक्षक' की नींव 6 अगस्त 2021 को रखी गई थी और इसे 26 नवंबर 2022 को लांच किया गया था। निर्माण से लेकर डिलीवरी तक इस जहाज में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उपकरणों और सामग्री का उपयोग किया गया है। यह आंकड़ा अपने आप में महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दर्शाता है कि भारत अब महत्त्वपूर्ण समुद्री प्लेटफार्मों को विदेशी निर्भरता के बजाय स्वदेशी संसाधनों से निर्मित करने में सक्षम है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 'इक्षक' की डिलीवरी 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की दिशा में एक ठोस प्रमाण है। इस पोत के निर्माण में बड़ी संख्या में भारतीय उद्योग, एमएसएमई और स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं ने सक्रिय योगदान दिया, जिससे न केवल रक्षा उत्पादन में स्वदेशीकरण को बल मिला बल्कि देश के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को भी प्रोत्साहन मिला। 'इक्षक' का विस्थापन लगभग 3400 टन है और इसकी कुल लंबाई 110 मीटर है। यह आकार इसे अपनी श्रेणी का सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत बनाता है। यह पोत उन्नत हाइड्रोग्राफिक और समुद्र विज्ञान संबंधी अनुसंधान कार्यों को संपन्न करने के लिए आवश्यक स्थिरता और क्षमता प्रदान करता है। इस पोत का ढांचा आधुनिक एकीकृत निर्माण तकनीक से निर्मित किया गया है, जो मजबूती और टिकाऊपन सुनिश्चित करता है। भारतीय शिपिंग रजिस्टर (आईआरएस) के वर्गीकरण नियमों का पालन करते हुए इसका डिजाइन तैयार किया गया है। 'इक्षक' अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरणों से सुसज्जित है, जिनमें समुद्र की गहराईयों और तलछट की उच्च गुणवत्ता वाले आंकड़े संकलित कर उनका डिजिटल विश्लेषण करने के लिए डेटा अधिग्रहण और प्रसंस्करण प्रणाली, बिना मानवीय चालक के गहरे पानी में विस्तृत सर्वेक्षण और निगरानी करने में सक्षम स्वायत्त जल वाहन, कठिन जल क्षेत्रों में भी रियल टाइम निगरानी और सर्वेक्षण में मददगार दूर से संचालित वाहन, समुद्री मानचित्रण की सटीकता बढ़ाने हेतु लंबी दूरी की पोजिशनिंग प्रणाली डीजीपीएस, समुद्री तल की संरचना और अवरोधों का विस्तृत डिजिटल चित्र तैयार करने में सहायक डिजिटल साइड-स्कैन सोनार प्रमुख हैं। इन उपकरणों के माध्यम से 'इक्षक' बंदरगाहों, तटीय क्षेत्रों और गहरे समुद्री मार्गों का व्यापक सर्वेक्षण कर सकता है। यह नौवहन चैनलों और समुद्री मार्गों के निर्धारण में निर्णायक भूमिका निभाएगा। इसके अतिरिक्त यह जहाज रक्षा और नागरिक उद्देश्यों के लिए समुद्र विज्ञान संबंधी और भू-भौतिकीय आंकड़े भी एकत्र करेगा। 'इक्षक' दो समुद्री डीजल इंजनों द्वारा संचालित है। यह 18 नॉट (लगभग 33 किलोमीटर प्रति घंटा) से अधिक की गति प्राप्त कर सकता है। फिक्स्ड-पिच प्रोपेलर के साथ-साथ धनुष और स्टर्न थ्रस्टर्स भी इसमें लगाए गए हैं, जो इसे कम गति पर भी अत्यधिक स्थिरता और सटीक संचालन क्षमता प्रदान करते हैं। यह विशेषता सर्वेक्षण अभियानों के दौरान अत्यंत उपयोगी है क्योंकि ऐसे अभियानों में धीमी और स्थिर गति पर काम करना आवश्यक होता है। 'इक्षक' का प्राथमिक उद्देश्य यद्यपि जल सर्वेक्षण और नौवहन चैनलों का निर्धारण है, फिर भी यह पोत बहुआयामी भूमिका निभाने में सक्षम है। यह प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत सामग्री पहुंचाने, चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने और बचाव कार्यों के लिए अस्पताल जहाज की तरह कार्य कर सकता है, सीमित स्तर पर सैन्य अभियानों में भाग लेने में सक्षम है। यह पोत एक हेलीकॉप्टर ले जाने और उसके संचालन का समर्थन करने में भी सक्षम है। इस प्रकार 'इक्षक' केवल सर्वेक्षण पोत ही नहीं बल्कि एक बहुउद्देशीय मंच है, जो भारतीय नौसेना की विविध आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है। 'इक्षक' भारतीय नौसेना का पहला ऐसा एसवीएल (सर्वे वेसल लार्ज) पोत है, जिसमें महिला अधिकारियों और नाविकों के लिए विशेष आवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह कदम नौसेना में लैंगिक समानता और समावेशिता की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन है। इससे यह संदेश भी जाता है कि नौसेना अब महिला अधिकारियों की बढ़ती भूमिका और योगदान को लेकर गंभीर और प्रतिबद्ध है।

विश्व की सामरिक राजनीति में भारतीय महासागर क्षेत्र अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इस क्षेत्र से होकर विश्व का एक बड़ा हिस्सा समुद्री व्यापार के मार्गों से गुजरता है। ऐसे में नौवहन चैनलों की सटीक जानकारी और समुद्री मार्गों की सुरक्षित निगरानी किसी भी राष्ट्र के लिए अत्यावश्यक है। 'इक्षक' जैसे उन्नत सर्वेक्षण पोत की उपस्थिति से भारत की समुद्री निगरानी और सर्वेक्षण क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी। इससे न केवल नौसेना की परिचालन क्षमता मजबूत होगी बल्कि वाणिज्यिक नौवहन और समुद्री सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स और भारतीय नौसेना का संबंध 64 वर्षों से अधिक पुराना है। 1961 में जीआरएसई ने भारतीय नौसेना को पहला स्वदेशी युद्धपोत 'आईएनएस अजय' सौंपा था। तब से लेकर अब तक यह शिपयार्ड नौसेना को 75 युद्धपोत सौंप चुका है। 'इक्षक' इस दीर्घकालिक साझेदारी का नवीनतम उदाहरण है। वर्तमान में जीआरएसई नौसेना के लिए 14 और युद्धपोतों का निर्माण कर रहा है, जिनमें दो पी-17ए उन्नत निर्देशित मिसाइल फ्रिगेट, सात पनडुब्बी रोधी उथले जल पोत, चार अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती पोत और एक अन्य एसवीएल शामिल हैं। 'इक्षक' की उपलब्धि भारत के रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विदेशी तकनीक और आयात पर निर्भरता कम कर स्वदेशी उद्योगों की क्षमताओं का उपयोग करना भारत की रणनीतिक प्राथमिकता है। इस पोत का 80 प्रतिशत से अधिक भाग स्वदेशी तकनीक और उपकरणों से निर्मित है, जो यह दर्शाता है कि भारत अब बड़े समुद्री प्लेटफार्मों को डिजाइन और निर्माण करने में सक्षम हो चुका है। कुल मिलाकर, भारतीय नौसेना के बेड़े में 'इक्षक' का सम्मिलन केवल एक और जहाज जुड़ने की घटना नहीं है बल्कि यह भारत की सामरिक, औद्योगिक और तकनीकी प्रगति का जीवंत उदाहरण है। यह पोत भारतीय महासागर क्षेत्र में नौसेना की सर्वेक्षण क्षमता को अभूतपूर्व स्तर तक ले जाएगा, साथ ही वाणिज्यिक नौवहन और आपदा राहत अभियानों में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 'इक्षक' का स्वदेशी निर्माण, उन्नत तकनीकी क्षमताएं, महिला अधिकारियों के लिए विशेष प्रावधान और बहुआयामी उपयोग इसे न केवल भारतीय नौसेना के लिए बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए गर्व का विषय बनाते हैं। आने वाले वर्षों में यह पोत भारतीय नौसेना की समुद्री शक्ति, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। **– योगेश कुमार गोयल**

# सूचना एवं ज्ञान व्यक्ति और देश के विकास के लिए आवश्यक स्तम्भ

**संजीव ठाकुर**

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है। जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि पाप से घृणा करो पापी से नहीं फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना किश ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैंश। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे। एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फ ज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था। प्रेम तथा ज्ञान के सदुपयोग से अच्छे जीवन का पथ प्रदर्शन भी किया जा सकता है। इससे हम केवल परिवार व्यक्ति या समाज ही नहीं बल्कि राष्ट्र के स्तर पर भी आत्मसात कर राष्ट्र को वैश्विक महानता की ओर ले जा सकते हैं। वर्तमान में हम संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सामाजिक जीवन को सफलतापूर्वक संचालित करने में सक्षम है। आज हमारे सामने पर्यावरण संतुलन वैश्विक अपन गरीबी जैसी अनेक समस्याएं मौजूद हैं। हम सभी मूक प्राणियों वनस्पति आदि के प्रति ज्ञान का उपयोग दिखाकर उनके साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार कर समस्या का समाधान कर सकते हैं। आधुनिक तकनीक से अर्जित ज्ञान के उपयोग इनके संरक्षण में करने में हम सक्षम भी हैं।

## सेहत मंत्र

# फॉलेट से भरपूर चुकंदर है खास, प्रेगनेंसी और ब्लड प्रेशर में मिलते हैं लाभ

चुकंदर में इतने ढेर सारे पोषक तत्व होते हैं कि इसके फायदों को जानकर हैरानी होती है। इसमें मौजूद सभी तत्व शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। इसके सेवन से शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है और खून की कमी पूरी होती है। चुकंदर में फॉलिक एसिड की मात्रा भरपूर होती है इसलिए ये कई बीमारियों और गर्भावस्था की कई समस्याओं में बहुत फायदेमंद है। इसे सलाद में कच्चा भी खाया जा सकता है और सब्जियों में पकाकर भी लोग खाते हैं। इसके अलावा चुकंदर के जूस को काफी गुणकारी माना जाता है। इसे खाने या पीने से शरीर को तुरंत एनर्जी मिलती है। आइये आपको बताते हैं कि चुकंदर किस तरह आपके लिए फायदेमंद है। चुकंदर में फॉलिक एसिड की मात्रा भरपूर होती है। ये तत्व शरीर के लिए जरूरी है क्योंकि ये कैंसर और हार्ट अटैक की आशंका को कम करता है। प्रेगनेंसी के दौरान महिलाओं को फॉलिक एसिड वाले आहार खाने की सलाह दी जाती है क्योंकि ये बर्थ डिफ़ेक्ट्स से बचाता है। हमारे शरीर को एक दिन में लगभग 180 से 400 माइक्रोग्राम फॉलिक एसिड की जरूरत होती है, वहीं गर्भवती महिलाओं को 400 से 800 माइक्रोग्राम फॉलिक एसिड की जरूरत पड़ती है। गर्भावस्था में फॉलिक एसिड की जरूरत आम दिनों से दोगुनी हो जाती है क्योंकि फॉलिक एसिड शिशु की निर्माण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई बार समय से पहले प्रेगनेंसी के मामले में भ्रूण के एम्बायरोज न्यूरल ट्यूब में कुछ परेशानी हो जाती है, तो भ्रूण का विकास ठीक से नहीं होता है। यही ट्यूब आगे जाकर बच्चे के स्पाइनल कॉर्ड और मस्तिष्क के रूप में विकसित होता है। फॉलिक एसिड की कमी के कारण बच्चा शारीरिक या मानसिक रूप से कमजोर पैदा हो सकता है या ऐसा भी हो सकता है कि उसके किसी अंग का पूरा विकास न हो पाया हो।

## धर्म मंत्र

# घर पर है बुरा साया या परेशान हैं राहु दोष से तो करें गोमूत्र के उपाय

हिंदू धर्म में गाय को माता कहा जाता है। ग्रंथों के अनुसार गाय में अनेक देवी-देवता निवास करते हैं इसलिए इसके गोबर और मूत्र को भी पवित्र कहा जाता है। महाभारत के अनुसार, गाय के गोबर और मूत्र में देवी लक्ष्मी निवास करती हैं। इसलिए पूजा-पाठ में भी गाय के गोबर और मूत्र का उपयोग किया जाता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. प्रफुल्ल भट्ट के अनुसार, ज्योतिष शास्त्र में भी गोमूत्र के अनेक उपाय बताए गए हैं, जिनसे अनेक समस्याओं का समाधान हो सकता है। ये उपाय बहुत आसान है। कोई भी व्यक्ति इन्हें आसानी से कर सकता है। जानिए कौन-से गोमूत्र के वो उपाय 1. अगर किसी घर में नेगेटिव एनर्जी यानी ऊपरी शक्ति का असर है तो वहां रोज सुबह-शाम गंगा जल में गोमूत्र मिलाकर छिड़काव करना चाहिए। इससे बुरी शक्ति उस घर को छोड़कर जाती है। 2. घर में वास्तु दोष या किसी की नजर लगी तो भी गोमूत्र का छिड़काव करने से इस समस्या का समाधान हो सकता है। 3. जिस व्यक्ति की कुंडली में राहु अशुभ स्थान पर हो, उसे रोज पानी में गोमूत्र की कुछ बूंदे मिलाकर नहाना चाहिए। इससे राहु का दोष कम हो सकता है। 4. अगर किसी व्यक्ति पर बुरी शक्ति का प्रभाव है तो उस पर भी गोमूत्र छिड़कना चाहिए या उसे गोमूत्र का तिलक लगाना चाहिए। 5. नए घर में प्रवेश करने से पहले वहां गोमूत्र छिड़कने से सभी प्रकार के दोषों का निवारण हो जाता है।

## पर्यटन



# किसी जन्नत से कम नहीं है हिमाचल का नारकंडा

शायद ही ऐसा कोई शख्स होगा जिसे पहाड़ों से मोहब्बत ना हो। और विशाल पहाड़ों व प्राकृतिक खूबसूरती के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है हिमाचल प्रदेश। सफ़ेद व बर्फ़ से ढका शिमला भी आकर्षण का केंद्र है। हिमाचल में स्थित शिमला को पहाड़ों की रानी भी कहा जाता है। यह प्रदेश की राजधानी के साथ-साथ सबसे बड़ा शहर भी है। हर साल लाखों की संख्या में पर्यटक शिमला आते हैं। शिमला के आलावा मनाली भी पर्यटकों को बहुत भाता है। नार्थ इंडिया मे सर्दी हो चाहे गर्मी हर सीज़न मे लोग शिमला और मनाली घूमने जाना पसंद करते हैं। लेकिन एक ऐसी खूबसूरत जगह है जहां शिमला के मुकाबले कम भीड़ और ज्यादा ताज़गी मिलेगी और वह है ïनारकंडाï। जी हां, एक ऐसा छोटा शहर जो हिमालय की गोद में बसा है और अपनी प्राकृतिक खूबसूरती और देश के सबसे पहले स्कीइंग डेस्टिनेशन के लिए जाना जाता है। नारकंडा समुद्र तल से 2,700 मीटर की ऊंचाई पर बसा है, जिसके चारों ओर पर्वत की श्रृंखला और हरियाली है। इस जगह को फलों का कटोरा भी कहा जाता है। यहां पर आप स्कीइंग के साथ-साथ ट्रैकिंग का लुत्फ भी उठा सकते हैं। साथ ही जंगली ताड़ के पेड़, लैवेंडर के सफ़ेद फूल भी देखने को मिलते हैं जो नारकंडा की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं। इसलिए नारकंडा पूरे साल पर्यटकों के लिए एक परफ़ेक्ट टूरिस्ट डेस्टिनेशन बना रहता है। कोरोना वायरस के चलते, इस साल पर्यटन सेवा पूरी तरह से बंद है। ऐसे में शिमला और उसके आसपास के क्षेत्रों में आजकल काफी कम संख्या में लोग दिख रहे हैं। आप आसानी से शिमला से नारकंडा 2 घंटे में पहुंच सकते हैं। पहाड़ों की रानी शिमला से नारकंडा की दूरी महज 65 किलोमीटर है। इसके साथ ही नारकंडा पहुंचने के लिए सभी साधन उपलब्ध हैं। अगर आप फ्लाइट से जाना चाहते हैं तो निकटतम एयरपोर्ट भुंतर पहुंच सकते हैं। भुंतर एयरपोर्ट से नारकंडा हिल स्टेशन की दूरी लगभग 82 कि.मी. है। अगर आप ट्रेन से आने का मन बना रहें हैं तो सबसे नज़दीक रेलवे स्टेशन शिमला है। यहां से आपको टैक्सी मिल सकती है और यदि आप बस से आना चाहते हैं तो वो भी आसानी से उपलब्ध है।

# महादेवा धाम में उमड़ेगा आस्था का सैलाब, कजरी तीज पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुँचने का अनुमान

**श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है : गुंजिता अग्रवाल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। बहुप्रतीक्षित कजरी तीज पर्व पर श्रीलोधेश्वर महादेवा धाम में आस्था का सैलाब उमड़ने की संभावना है। अनुमान है कि इस बार लाखों की संख्या में श्रद्धालु देश-प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से यहाँ दर्शन-पूजन के लिए पहुँचेंगे।महिलाएँ इस पर्व पर निर्जला व्रत रखकर भगवान भोलेनाथ से पति की लंबी आयु की कामना करती हैं, वहीं अविवाहित कन्याएँ मनचाहे वर की प्राप्ति हेतु पूरे श्रद्धा-भाव से पूजन करती हैं। मान्यता है कि महादेवा धाम में व्रत और पूजा का विशेष पुण्यफल प्राप्त होता है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियाँ युद्धस्तर पर शुरू कर दी हैं। साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन की टीमें लगातार सक्रिय हैं।इसी क्रम में थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय ने मंदिर परिसर एवं तालाबों का निरीक्षण कर पुलिस बल को बैरिकेडिंग और यातायात व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए।



महादेवा धाम आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। भीड़ प्रबंधन से लेकर प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और साफ-सफाई की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

**सुश्री गुंजिता अग्रवाल**
**उपजिलाधिकारी / ज्वाइंट मजिस्ट्रेट**
**रामनगर बाराबंकी**

प्रशासन का दावा है कि इस बार महादेवा धाम आने वाले श्रद्धालु केवल सुरक्षित और सुगम दर्शन ही नहीं करेंगे, बल्कि भक्ति और आस्था के पावन वातावरण का विशेष अनुभव भी प्राप्त करेंगे।

# वृद्धाश्रम में रोटरी क्लब का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, अभियान के तहत पौधारोपण भी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। रोटरी क्लब बाराबंकी के पदाधिकारी द्वारा रविवार को आरोग्य रिसर्च फाउंडेशन के सहयोग से सफ़ेदाबाद स्थित मातृ पितृ सदन वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा एवं जांच शिविर तथा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. अविनाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में लगभग 80 बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि वह आगे भी यहां रह रहे लोगों को चिकित्सा सुविधाएं देते रहेंगे। इस अवसर पर रोटरी क्लब बाराबंकी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुधीर वर्मा ने कहा कि क्लब सामाजिक सरोकार के तहत जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहता है। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर इसी कड़ी की एक सार्थक पहल है। कार्यक्रम का समन्वय रोटरी क्लब के सदस्य राजेश अरोड़ा बब्बू ने किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पूरी तरह वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को समर्पित है। पौधारोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी क्लब के पदाधिकारी निभाएंगे। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष डॉ. राजेश मोहन, महावीर प्रसाद जैन, डॉ विमल बैसवार, सुनील वर्मा, सम्पन्न कुमार निगम, शिखा श्रीवास्तव, रजनी वर्मा, कुसुम जैन, कमलेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, राजलक्ष्मी, ममता, अनुज कुमार सहित अन्य रोटरी सदस्य उपस्थित रहे।



# मुसलमान राष्ट्रपति हो सकता है लेकिन अगरक्षक नहीं : वसीम

## कांग्रेस सपा पर चलाएं शब्द बाण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने पसमांदा मुस्लिम समाज को कहीं का नही छोड़ा। वोट बैंक बनाकर जमकर इस्तेमाल करने के साथ ही नफरत भी इस कदर की कि आज इस समाज का नेतृत्व करने वाला भी कोई नही रहा। सत्ता, सदन संगठन तीनो जगहों से समाज को वंचित रखा। इस समाज की तरक्की की राह में रोड़ा सिर्फ कांग्रेस व सपा ने ही अटकाया।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो मुसलमान से नफरत की सारी हदे ही पार कर दी। मुसलमान भारत का राष्टपति बन सकता हैं पर राष्ट्रपति के अंगरक्षक में कोई भी मुसलमान शामिल नही हो सकता नेहरू सरकार ने आर्टिकल 341 के तहत धार्मिक प्रतिबंध लगाकर दलित से बदत्तर बना दिया कांग्रेस का मुसलमानों पर यह दूसरा बड़ा हमला था, जिसे तब ही इस समाज को समझ लेना चाहिए था पर उस वक़्त के हालात ही ऐसे थे कि पसमांदा चाह कर भी कुछ न कर सका बस बेहतर भविष्य की उम्मीद में शांत रहा पर यह शायद सबसे बड़ी भूल थी, कांग्रेस जैसी कथित धर्मनिरपेक्ष दोहराचरित्र और धोखेबाज पार्टी से और भला क्या उम्मीद की जा सकती थी, इस पंजा छाप दल ने पसमांदा को कहीं का नही छोड़ा बस वोट लेकर सरकार बनाते रहे। जब भी बात पसमांदा के हक़ और बुनियादी जरूरतों की हुई कांग्रेस सबसे पीछे खड़ी दिखाई दी यही हाल वर्तमान के भी हैं। दिशाहीन कांग्रेस के नेताओं को सही रास्ता भी नही दिख रहा।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने सपा नेतृत्व को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव हों या पूर्ववर्ती नेता, सब पसमांदा मुसलमान को मूर्ख बनाते रहे वोट लेकर सरकार बनवाई एवज में सिर्फ दरी बिछवाई न राज्यसभा जाने दिया और न ही संगठन में ही शामिल किया। बस झूठ के सहारे मतलब हल करते रहे जबकि पसमांदा ने सपा का साथ देने में कोई कसर बाकी नही रखी। यहां तक कि कांग्रेस और सपा के गठबंधन ने 2024 के चुनाव में उम्मीदवारी का मौका भी नही दिया। आज पसमांदा मुसलमान बेहद निराश है उसे इन दलों से बड़ी आस थी जो टूट गई पसमांदा के साथ अपना सियासी नाइंसाफी करने वाला रवैया ना बदला तो 2027 के चुनाव में पसमांदा भी निराशा में जिस पार्टी से हिस्सेदारी मिलेगी वहाँ वोट करेंगा।

# धार्मिक उल्लास से सराबोर दरियाबाद , 16वां श्री गणेश पूजा महोत्सव, तैयारियां अंतिम चरण में 27 अगस्त को प्राण-प्रतिष्ठा, 29 को कल्याणी नदी में विसर्जन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दरियाबाद। हिंदू नवयुवक श्री गणेश पूजा समिति, दरियाबाद द्वारा आयोजित श्री गणेश पूजा महोत्सव की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। समिति अध्यक्ष हर्ष शुक्ला ने बताया कि विगत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा।कार्यक्रम के अनुसार 27 अगस्त को मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा पूजा, 28 अगस्त को रात्रि जागरण एवं आकर्षक झांकियों का आयोजन तथा 29 अगस्त को नगर भ्रमण के बाद गणेश प्रतिमा का विसर्जन कल्याणी नदी में किया जाएगा। अध्यक्ष हर्ष शुक्ला ने कहा कि यह दरियाबाद का 16वां गणेश पूजा महोत्सव है, जो नगरवासियों और भक्तों के सहयोग से लगातार सफलतापूर्वक संपन्न होता आ रहा है। अमन शुक्ला ने कहा ङ्खगणेश उत्सव दरियाबाद की पहचान बन चुका है। यहां हर वर्ग के लोग मिलकर आयोजन करते हैं, यही इसकी सबसे बड़ी खूबसूरती है।ङ्कशिवनाथ कन्नौजिया ने कहा ङ्खमहोत्सव की झांकियां और नगर भ्रमण पूरे इलाके को भक्तिमय बना देते हैं। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।ङ्कसंतोष जायसवाल ने कहा ङ्खयह सिर्फ धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का उत्सव है। हम पूरे परिवार के साथ हर साल इसमें शामिल होते हैं।ङ्क नगर में इस समय भक्ति और उल्लास का माहौल है। गलियां गणेश भक्तों के जयकारों से गूंज रही हैं और महोत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।



## चित्रकूट में कार पर गिरा पेड़ बुजुर्ग दंपति की मौत

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जनपद में झांसी-मिर्ज़ापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कालूपुर पाही गांव के सुखनंदनपुर के पास प्रयागराज की ओर से चित्रकूट आ रहीं स्कॉर्पियो कार पर महुआ का पेड़ गिर पड़ा। इस हादसे में कार सवार बुजुर्ग दंपति की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मृतकों के दोनों पौत्र गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने बताया कि बांदा जिले के रहने वाले अभिनव द्विवेदी और अंश द्विवेदी अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से ड्राइवर बबलू के साथ मुंबई से मानिकपुर स्टेशन अपने दादा दुर्गा प्रसाद द्विवेदी और दादी मधु द्विवेदी को लेने पहुंचे थे। दादा-दादी को लेने के बाद सभी लोग वापस बांदा जा रहे थे। जैसे ही स्कॉर्पियो चित्रकूट जिले की सदर कोतवाली कर्वी अंतर्गत झांसी-मिर्ज़ापुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कालूपुर पाही गांव के सुखनंदनपुर के पास से गुजर रही थी तभी सड़क किनारे लगा महुआ का पेड़ अचानक उनकी गाड़ी पर आ गिरा और सभी लोग दब गए।

# कानूनी ढिलवाई से कबूतर बाजों के हौसला बुलंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। विदेश भेजने के नाम पर कबूतर बाजों पर सख्त कानूनी कार्यवाही न होने से जनपद मे कबूतरबाज एजेंटो के हौसले बुलंद है। नतीजा यह है कि एजेंटो को लाखो रुपये देकर विदेश जाने वाले लोग विदेश जाकर अपने साथ हुई ठगी का अहसास करते है और बैरंग वापस आने के बाद जब शिकायत करते है तो एजेंट मारपीट पर उतारू हो जाते है और पुलिस भी अपनी जेब गर्म होने के बाद मामले को ठंडे बस्ते मे डाल देती है।

बताते चले कि विदेश भेजनें के लिए शहर से लेकर गांव तक तमाम एजेंट कबूतरबाजी कर श्रमिकों को अच्छी तनख्वाह का झांसा देकर ठगी कर रहे हैं। कबूतर बाज एजेंट भोले भाले ग्रामीणों को अपने जालसाज मे फंसाकर लाखो रुपये की ठगी कर मालामाल हो रहे है पीड़ित परिवार जब शिकायत करता है तो उसे ठंडे बस्ते मे डाल देता है ऐसे ही एक मामले मे कबूतर बाज एजेंट मो0 सैय्यद अपने पुत्र मो0 समीर के साथ मिलकर जैदपुर थाना क्षेत्र के एक युवक को विदेश भेजने के नाम पर करीब डेढ़ लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली है। जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम इन्धौलिया निवासी शिवशंकर वर्मा पुत्र जग्गनाथ वर्मा को एजेंट मो0 समीर ने ड्राइवर की नौकरी पर सऊदी अरब भेज लेकिन वहा ड्राइवरी के बजाय मजदूरी करना पड़ा मजदूरी न करने पर कमरे मे बंधक बनाकर पिटाई भी की गयी विदेश से लौटने के बाद पीड़ित ने थाना जैदपुर मे शिकायत की है।

इंटरमीडिएट पास रोजगार की तलाश कर रहे पीड़ित शिवशंकर को थाना क्षेत्र के ग्राम टाडपुरवा निवासी एक दूधिए नियाज , राजा पुत्र सिराज ने बताया कि कस्बा जैदपुर के मोहल्ला वसीनगर निवासी मो0 सैय्यद जिसकी सउदी अरब मे अच्छी पकड़ है जो विदेश मे अच्छी नौकरी लगवा देते है दूधिए के झांसे मे आकर एजेंट मो0 सैय्यद व उसके पुत्र मो0 समीर से मिला जिसने सउदी अरब मे ड्राइवरी की नौकरी का बीजे पर भेजनें के नाम पर 23 जुलाई को मो0 समीर के खाते मे आनलाइन 50 हजार, 24 जुलाई को 30 हजार, इससे पूर्व 8 जुलाई को 10 हजार व 11 जुलाई को 20 हजार रुपये आनलाइन तथा 40 हजार नगद लेकर 26 जुलाई को दम्माम ड्राइवरी के लिए भेज दिया लेकिन वहा ड्राइवरी के बजाय बोझा ढोने को कहा गया तो इंकार करने पर एक महिला वर्कर द्वारा कमरे मे बंद कर भूखा प्यासा रखा गया। पीड़ित के परिजनों ने एजेंट मो0 सैय्यद से शिकायत की तो एजेंट मो0 सैय्यद ने कहा कि 75 हजार रुपये दो तो वापस बुला दे पीड़ित के परिजनों ने 75 हजार रुपये देने के बाद भी एक सप्ताह तक वापस नही बुलाया फिर सउदी मे रह रहे गांव के निजामुद्दीन से 50 रियाल लेकर वापस घर आया मामले की जानकारी स्थानिय पुलिस तथा अफसरों को देते हुए मामले की कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**नहाते समय नदी में डूबा युवक,मौत**

निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम मोहब्बतपुर मजरे सरसवां निवासी पिंटू यादव 25 वर्ष पुत्र राधेलाल रविवार दोपहर नहाने कल्याणी नदी गया था। नहाते समय जलकुंभी में फंस गया और बाहर नहीं निकाल पाया।

फतेहपुर कोतवाली अंतर्गत इसरौली चौकी इंचार्ज मृदुल कुमार पाण्डेय ने बताया कि पिंटू की डूबकर मौत हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



## कांग्रेस नेताओं का बाढ़ क्षेत्र का भ्रमण

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया व कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन के साथ करीब दो बजे बाढ़ ग्रस्त इलाकों मे व्यापक भ्रमण करते हुये हेतमापुर में बाढ़ पीड़ितों से मिले और उनका हाल जाना। बिझला, बल्लोपुर आदि इलाकों का दौरा कर समस्त बाढ़ पीड़ितों को आश्वासन देते हुये कहा कि पी0.एल पुनिया ने जिस प्रकार 54 किलोमीटर का विशाल बंधा बनवाया था जो कि, सीतापुर के बार्डर से अयोध्या की सीमा तक विशाल निर्माण किया गया था। भ्रमण के दौरान आर.डी. राव, प्रवक्ता के.सी श्रीवास्तव, राजेन्द्र वर्मा, फोटोवाला, आदर्श पटेल, ब्लाक अध्यक्ष मो0 सद्दाम, रामनगर ब्लाक अध्यक्ष सौरभ पाण्डेय,ब्लाक अध्यक्ष सूरतगंज सुरेन्द्र वर्मा, भूपेन्द्र वर्मा, अकील इदरीसी, मो0 जिशान, मोहम्मद अहमद पठानी, अनूप सिंह, नेकचन्द्र त्रिपाठी, संजीव मिश्रा, इत्यादि लोग मौजूद थे।

## व्रती की मनोकामना पूर्ण करती है माता पार्वती

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कजरी तीज का त्योहार सामाजिक और समृद्धि का पवित्र त्यौहार है। इस दिन सभी महिलाएं स्नान आदि से पवित्र होकर निर्जला व्रत रखकर इस पर्व को मानती हैं। सर्वप्रथम माता पार्वती जी भगवान शिव जी को पाने के लिए यह व्रत कड़ी तपस्या के साथ किया था ।काफी दिनों तक भोजन आदि को त्याग कर बेलपत्र खाकर गहरे पानी में खड़े होकर तपस्या की थी। जेठ के महीने में अग्नि के घेरे में बैठकर भगवान शिव की प्रार्थना की थी। उनकी प्रार्थना पर प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें दर्शन दिया। तभी से सभी सुहागिन महिलाएं अपने पति के सौभाग्य एवं दीर्घायु के लिए यह व्रत रखती हैं। इसके अलावा बहुत से कन्याएं सुंदर पति पाने के लिए भी यह व्रत करती हैं ।इस व्रत में भगवान शिव के परिवार की पूजन अर्चन होती है। जिसकी तैयारी श्री लोधेश्वर महादेवा के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में चल रही है। आगामी 26 अगस्त को यह पर्व मनाया जाएगा ।यह पर्व मात्र एक दिन के लिए होता है ।लेकिन इस पर्व का बहुत बड़ा महत्व है। इसलिए सभी स्त्रियां इस पर्व को धूमधाम के साथ मानती है। भगवान शिव एवं माता पार्वती उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं।

## गैस शोरूम में से लगी आग

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा रामनगर में बदोसराय मार्ग पर स्थित गैस एजेंसी के शोरूम में बीती रात शॉर्ट सरट्स आग लग गई ।जिससे आगके चलते शोरूम में धुआं फैलने लगा। इतने में गस्त कर रहे थाने के एस आई ने पड़ोसके लोगों को जगाया। जिनके द्वारा गैस मालिक को फोन द्वारा सूचना दी गई ।मौके पर आकर कर्मचारियों ने उसे बुझा दिया। जिसके चलते गैस शोरूम में एक ही स्थान पर जलकर आग बुझ गई और शोरूममे नुकसान होने से बच गया।

## बाइक चोरी, घटना कैमरे में कैद

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आदर्श नगर पंचायत स्थित मनोज रेडीमेड दुकान के सामने खड़ी मोटरसाइकिल यूपी 41 बी 73 12 हीरो चोर लेकर फरार हो गया।मोटरसाइकिल मालिक मनोज तिवारी ने रामनगर पुलिस को ताहिर दी है। सीसी कैमरे में चोर दिखाई दे रहा है ।लेकिन चेहरा पहचान में नहीं आ रहा है ।इसके अलावा रोड के किनारे अन्य सभी कैमरे बंद पाए गए। हल्ला सुनकर लोगों ने चोर का पीछा किया ।लेकिन वह भागने में सफल रहा।

## ढाबा श्रमिक ने की आत्महत्या

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सफदरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर स्थित लक्षबर बजहा गांव के निकट वीर ढाबे पर काम करने वाला एक 38 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चले कि लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित लक्षबर बजहा गांव के निकट वीर ढाबे पर काफी समय से काम करने वाले 38 वर्षीय संतोष नाम के मजदूर ने ढाबे के पीछे स्थित हाल मे फांसी लगाकर जान दे दी मृतक कहा का रहने वाला है जिसकी जानकारी ढाबा मालिक को नही ढाबा संचालक जयवीर ने बताया कि मृतक संतोष काफी समय से ढाबे पर काम करता था तथा शराब का आदी था।

# निजाम भाजपा का पुलिसिया कल्चर समाजवादी का अवैध कब्जेदारी मिथिलेश चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश पुलिस को आचरण सुधार के तमाम आदेश निर्देश बाराबंकी में बेमतलब साबित हो रहे हैं। उसके उलट बाराबंकी के पुलिसकर्मी आज भी समाजवादी पार्टी कल्चर पर ही काम कर रहे हैं। क्षेत्रीय दरोगा या इंचार्ज की मुराद पूरी कर दीजिए फिर चाहे जिसकी जमीन व मकान हो कब्जा कर लीजिए।

देवा कोतवाली के चौकी बिशुनपुर में तैनात सपा मानसिकता वाला दरोगा मिथिलेश यादव का कारनामा इस समय चर्चा में है। चौकी इंचार्ज मिथिलेश यादव अपने एक धनाढ्य चहेते को एक मुस्लिम की प्रॉपर्टी पर कब्जा कराने के लिए क्रियाशील है। देवा थाना क्षेत्र के विशुनपुर कस्बा निवासी मोहम्मद शरीफ व उसकी मां मोहसिना तथा बहन अंजुम बानो द्वारा एक किता प्लाट स्थित बिशनपुर तहसील फतेहपुर गाटा संख्या 298 रकबा 0.100 हेक्टेयर में से एक किता प्लांट पैमाइशी पूरब पश्चिम 57 फीट उत्तर दक्षिण 8 फीट कुल 456 वर्ग फिट यानी 42.37 वर्ग मीटर अर्थात 0.0042 हेक्ट. कुल वय हुआ। जिसमें भूतल कवर्ड क्षेत्रफल 472 वर्ग फीट यानी 43.86 वर्ग मीटर में दुकान निर्मित है जिसकी स्लेप आरसीसी द्वितीय श्रेणी लगी है, प्लाट आराजी किसी अन्य से पूर्व में अनुबंध नहीं है, इसको स्थानीय एक महिला के हाथों बीते आठ अगस्त 25 को बेचा है। शरीफ बताता है कि बीते कई महीनो से वह निर्माण कार्य कर रहा था, किसी ने कोई आपत्ति नहीं की। पड़ोसी अब फर्जी दावेदार बना है यह वही व्यक्ति है जिसने धमकाया था कि मेरे हाथ अगर दुकान नहीं बेचा तो तुमको परिणाम भुगतना पड़ेगा। जगदीश उर्फ विजय शंकर सोनी औने पौने दामों पर खरीदना चाहता था। अब बिना किसी बाजिब कागजात के उक्त सोनी दावेदार महज इसलिए बन गया कि चौकी इंचार्ज मिथिलेश यादव सोनी का संरक्षण जो मिल गया है। मोटी रकम पा, अब वह कब्जा करना चाहते हैं। क्रेता खरीददार श्रीमती रामपुत्री बताती है कि चौकी इंचार्ज मिथिलेश यादव उनके पुत्रों को मारपीट कर व जेल में ठूंस कर दुकान पर कब्जा कराने की कोशिश कर रहे हैं। कल उनके चार लड़कों आदि को चौकी इंचार्ज ने भरी बाजार में अपमानित कर देवा कोतवाली पकड़ कर ले गए और कार्रवाई की। फतेहपुर एसडीएम कोर्ट से जमानत हुई। पीड़िता के पुत्र बताते हैं कि कल थाना दिवस था थाना दिवस में आए तहसील के नायब तहसीलदार ने हमारे सब कागज देख और उन्होंने कागजात सही बताया। फिर भी चौकी इंचार्ज नहीं माना। और 151 की कार्यवाही की विपक्षी के घर के उन लोगों को नाम जब नहीं किया जिन्होंने मारपीट की थी। पीड़िता श्रीमती रामपुत्री बताती है कि विपक्षी बराबर धमकी दे रहा है कि अंदर से दीवार काट कर हम दुकान में कब्जा कर लेंगे। चौकी इंचार्ज के कार्य कलाप भी कुछ ऐसा ही संकेत दे रहा है। इधर शरीफ पुत्र नादिर अली बताता है कि उसकी जमीन पर श्री सोनी भाईयों समेत कई अन्य लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है।अवैध कब्जा हटाने के लिए वह उच्च अधिकारियों से गुहार लगाएगा।



# 'वोट चोरी' के बाद 'सत्ता चोरी' में जुटी भाजपा

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को पीएम, सीएम और मंत्रियों को हटाने वाले विधेयक को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी के बाद भाजपा अब सत्ता चोरी में लगी हुई है। भाजपा 30 दिनों के भीतर विपक्षी सरकारों को गिराने और गिरफ्तारी को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर लोकतंत्र को अस्थिर करने के लिए विधेयक ला रही है।

इंदिरा भवन में हरियाणा और मध्य प्रदेश के जिला कांग्रेस समितियों के जिलाध्यक्षों की बैठक में खरगे ने दावा किया कि ये विधेयक नागरिकों से उनकी चुनी हुई सरकार बनाने या हटाने का अधिकार छीन लेते हैं और यह शक्ति ईडी-सीबीआई जैसी संस्थाओं को दे देते हैं। यह लोकतंत्र पर बुलडोजर चलाने जैसा है। खरगे ने जिला कांग्रेस प्रमुखों को बूथ और मंडल समितियों के गठन में विशेष सावधानी बरतने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इन



समितियों के लोग पार्टी के प्रति वफादार हों और कांग्रेस की विचारधारा से विचलित न हों। जिला अध्यक्ष अपने अधीन ब्लॉक समिति बनाता है। वह मंडल और बूथ समितियां बनाता है। जब आप ये समितियां बनाते हैं, तो इस बात का विशेष ध्यान रखें कि ये सभी लोग पार्टी के प्रति वफादार और मेहनती हों। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे कांग्रेस की विचारधारा से विमुख न हों।

उन्होंने कहा कि हमें ऐसे लोगों की जरूरत है कि अगर कोई उन्हें प्रलोभन भी दे तो भी उनकी निष्ठा कांग्रेस के प्रति बनी रहनी चाहिए। कांग्रेस ने अपने मजबूत संगठन के कारण लंबे समय तक देश पर शासन किया और मंत्रियों के लिए यह जरूरी है कि वे जब भी किसी जिले में जाएं तो सबसे पहले जिला अध्यक्ष से संपर्क करें। उन्होंने हरियाणा और मध्य प्रदेश के जिलाध्यक्षों से कहा कि वे कांग्रेस संगठन की सबसे मजबूत कड़ी हैं। अगर राज्य में सरकार बनानी है तो विधानसभा में उम्मीदवार को जिताने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अगर देश में सरकार बनानी है तो लोकसभा जीतने के लिए आपके समर्थन की जरूरत है। बीच में इस परंपरा में थोड़ा बदलाव आया। मंत्री अपने पसंदीदा लोगों को जिला अध्यक्ष बनाने लगे। योग्यता और विचारधारा को नजरअंदाज किया जाने लगा।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और मुझे यह अहसास हुआ कि संगठन को मजबूत किए बिना, जिला अध्यक्षों को महत्व दिए बिना हम मजबूती से सत्ता में वापसी नहीं कर सकते। कांग्रेस प्रमुख ने जिला प्रमुखों से गुटबाजी से बचने और संगठन को

### पीएम, सीएम, मंत्रियों को हटाने वाले विधेयकों पर खरगे

### 'बूथ और मंडल समितियों के गठन में सावधानी बरतें जिलाध्यक्ष'

मजबूत करने के लिए एकजुट होकर काम करने का भी आग्रह किया। आपको सभी को एकजुट रखना होगा। गुटबाजी को पनपने न दें। जब कांग्रेस एकजुट रहेगी, तभी हम चुनाव जीतेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हाल ही में राहुल गांधी ने एक विस्तृत प्रस्तुति दी थी कि किस तरह कर्नाटक की महादेवपुरा सीट पर एक साजिश के तहत रणनीतिक तरीके से वोट चुराए गए। हमें यह सब छह महीने के शोध के बाद पता चला। चुनाव आयोग ने पहले तो कोई जवाब नहीं दिया। अब पूरा देश इसे समझ रहा है। बिहार में एसआईआर पर भाजपा सरकार और चुनाव आयोग के बयान को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। मानसून सत्र को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि विपक्ष चाहता था कि संसद चले और जनता के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो, लेकिन भाजपा सरकार नहीं चाहती थी कि एसआईआर (मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण) और वोट चोरी जैसे महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा हो। भाजपा एसआईआर जैसी योजनाओं से हमारे लोगों के वोट काटती रहेगी। जिला अध्यक्ष की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि हमें पूरे पांच साल सावधान रहना है। हमें अपनी मतदाता सूची की गहन जांच करते रहना होगा ताकि अगर भाजपा के लोग या बीएलओ हमारे लोगों के नाम काटते हैं, तो हम उन्हें तुरंत पकड़ सकें। उन्होंने कांग्रेस नेताओं से कहा कि कि वे लोगों को बताएं कि इस देश में सभी को वोट देने का अधिकार कांग्रेस की देन है। राजीव गांधी ने ही मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी ताकि लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ाई जा सके। राहुल गांधी की बिहार में मतदाता अधिकार यात्रा में लाखों लोग शामिल हो रहे हैं।

# रानी अवंतीबाई लोधी का जीवन देशभक्ति, त्याग और शौर्य का प्रतीक : गडकरी

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को नागपुर में लोधी क्षत्रिय लोक कल्याण फाउंडेशन कार्यक्रम में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के 194वीं जयंती समारोह में उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में गडकरी ने अवंतीबाई के बलिदान और साहस को याद करते हुए उन्हें भारत की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम वीरांगना बताया।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि रानी अवंतीबाई मध्य प्रदेश के रामगढ़ राज्य की रानी थीं। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ साहसपूर्वक युद्ध लड़ा। अंग्रेजों के सामने झुकने की बजाय अपने राज्य और स्वाभिमान की रक्षा के लिए शहादत को गले लगाया। रानी अवंतीबाई उन पहली महिलाओं में से थीं, जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका जीवन देशभक्ति, त्याग और शौर्य का प्रतीक है। ऐसी वीरांगनाओं की गाथाएं आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती हैं। गडकरी ने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि वे रानी अवंतीबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर देश के प्रति निष्ठा और राष्ट्रवाद की भावना को अपने भीतर जागृत करें। यही रानी अवंतीबाई के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने अपने संबोधन के अंत में हाथ जोड़कर रानी अवंतीबाई को नमन करते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद से समाज में राष्ट्र प्रेम व कर्तव्य भावना और अधिक गहराई से समाहित होगी।

# कैट ने जीएसटी में प्रस्तावित कर स्लैब के अंतर्गत वस्तुओं के पुनर्वर्गीकरण की मांग की

एजेंसी

नयी दिल्ली। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने जीएसटी के अगली पीढ़ी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुधारों के आह्वान का स्वागत करते हुए इसे जीएसटी को वास्तविक अर्थों में कंज्यूमर बोनांजा बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। कैट ने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को भेजे गए एक पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री का जीएसटी को सरल बनाने और कर स्लैब को तर्कसंगत करने का दृष्टिकोण देश के आंतरिक व्यापार तंत्र को मजबूत करने का सुनहरा अवसर है। इससे विशेष रूप से छोटे खुदरा व्यापारी, किराना स्टोर, फ़ेरीवाले और पान की दुकान चलाने वाले लोग लाभान्वित होंगे, जो देश के अंतिम बिन्दु रिटेल नेटवर्क की रीढ़ हैं। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भारतीया ने अपने पत्र में कहा कि जब जीएसटी कर प्रणाली का पुनर्गठन किया जा रहा है, तो एक ओर कर स्लैब को पुनर्परिभाषित करना आवश्यक है और दूसरी ओर बहु-आयामी अनुपालनों के बोझ को कम करना इन सुधारों का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। हंसा रिसर्च के साथ कराए गए कैट-अध्ययन का उल्लेख करते हुए श्री भारतीया ने बताया कि केवल पेय पदार्थ ही छोटे किराना स्टोरों की बिक्री मात्रा का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं। किंतु वर्तमान में कार्बोनेटेड पेयों पर उच्च कर दर ने छोटे व्यापारियों के कारोबार को प्रभावित किया है और उनकी आय की क्षमता को कम कर दिया है, जबकि ये उत्पाद उनकी सबसे अधिक बिक्री वाले सामानों में से हैं। श्री भारतीया ने कहा पेय पदार्थ जन-उपभोग की वस्तुएं हैं, जिन्हें मुख्य रूप से छोटे व्यापारी बेचते हैं और वे बहुत ही कम मार्जिन पर कार्य करते हैं। इस श्रेणी पर जीएसटी को तर्कसंगत करने से उनके परिचालन दबाव में कमी आएगी, आय में सुधार होगा और इस क्षेत्र में औपचारिककरण को बढ़ावा मिलेगा, जो आज भी 80 प्रतिशत से अधिक असंगठित है। कैट ने उल्लेख किया कि वैश्विक स्तर पर पेय पदार्थों पर औसत कर दर 16S18 प्रतिशत के बीच है और कार्बोनेटेड पेयों को 18 प्रतिशत स्लैब में रखने से भारत अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं के अनुरूप होगा तथा घरेलू औपचारिककरण को बढ़ावा मिलेगा। व्यापारिक समुदाय की ओर से कैट ने आग्रह किया कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित जीएसटी सुधारों के अंतर्गत कार्बोनेटेड पेयों को 18 प्रतिशत स्लैब में पुनर्वर्गीकृत किया जाए। यह कदम छोटे व्यापारियों को वास्तविक राहत देगा, वैल्यू चेन में रोजगार सृजन को प्रोत्साहन देगा और विस्तारित कर आधार से सरकार के राजस्व में वृद्धि करेगा।

# पैंसठ लाख कटे नामो में एक भी भाजपा का नही, यह चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत नही तो क्या है : राहुल

एजेंसी

अररिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद हटा दिए गए 65 लाख मतदाताओं में एक भी नाम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोगो का नही है, जो चुनाव आयोग और उनकी मिलीभगत को बताता है।

श्री गांधी ने रविवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगो के नाम कटे और उसकी वजह से ज्यादातर राजनीतिक पार्टियां चुनाव आयोग से सवाल पूछ रही हैं। उन्होंने कहा कि बस भाजपा एक अकेली पार्टी है जिसका कोई भी मतदाता सूची से बाहर नही हुआ और उन्होंने चुनाव आयोग के पास कोई शिकायत दर्ज नही की। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इसे



मिलीभगत नही कहेंगे तो क्या कहेंगे? श्री गांधी ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा की अपार सफलता बता रही है कि लोगो के बीच चुनाव आयोग के कार्यकलापों को ले कर रोष है। उन्होंने कहा कि बिहार के कोने कोने में उमड़ रही भीड़ स्वतः स्फूर्त है और प्रायोजित नही है। लोग खुद चल कर आ रहे हैं और लोकतंत्र बचाओ अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। श्री गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक में वोट चोरी से सम्बंधित सवालों का जवाब चुनाव आयोग ने नही दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से सवाल पूछना भी गुनाह है और उसी सवाल पर पक्ष और विपक्ष के लिए आयोग का रवैया अलग अलग है। उन्होंने कहा कि जब मैंने वोट चोरी की बात की तब चुनाव आयोग ने 'एफ़ेडेविट' मांगा लेकिन वहीं सवाल भाजपा के नेता अनुराग ठाकुर ने पूछा तो उनसे कुछ भी नही मांगा गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चुनाव आयोग के पास हमारे सवालों का कोई जवाब नही है और उलटे हमारे उपर भ्रम फैलाने का आरोप लगा दिया जाता हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा में आयी भीड़ बता रही है की हमारे सवाल जनता के सवाल हैं। श्री गांधी ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा के दौरान उनकी मुलाकात गरीब किसानों से हुई है। ज्यादातर किसान सरकार की अनदेखी से परेशान है और भविष्य में अगर उनके गठबंधन की सरकार आई तो किसानों की सुरक्षा के लिए विशेष प्लान बनाया जाएगा और उन्हें कर्ज से मुक्ति दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# रुस की तेल रिफाइनरियों पर यूक्रेन ने हमले तेज़ किए

एजेंसी

कीव। यूक्रेन के रूस की तेल रिफाइनरियों पर हमलों में वृद्धि के कारण रूस में पेट्रोल की कीमतें रिकॉर्ड ऊँचाई पर पहुँच गई हैं जबकि सरकार ने इस संकट से निपटने के लिए पेट्रोल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन रूसी युद्ध मशीनों को नुकसान पहुँचाने के लिए रिफाइनरियों, पंपिंग स्टेशनों और ईंधन ट्रेनों पर ड्रोन हमलों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है साथ ही रूस में दैनिक जीवन को भी बाधित करने की कोशिश कर रहा है। गर्मियों में रूस के ड्राइवरों और किसानों के बीच पेट्रोल की माँग चरम पर होती है। सीएनएन द्वारा किए गए हमलों की गणना के अनुसार यूक्रेनी ड्रोन ने अकेले इस महीने कम से कम 10 प्रमुख रूसी ऊर्जा संयंत्रों पर हमला किया है। यूक्रेन की खुफिया सेवा के अनुसार जिन रिफाइनरियों पर हमला किया गया है उनमें सालाना 44 मिलियन टन से ज़्यादा उत्पाद उतारे हैं जो रूस की क्षमता का 10 प्रतिशत से भी ज़्यादा है और यह रणनीति कारगर होती दिख रही है। यूक्रेन के मानवरहित प्रणालियों के कमांडर रॉबर्ट ब्रोवडी के अनुसार इन लक्ष्यों में दक्षिणी रूस की सबसे बड़ी वोल्गोग्राद स्थित विशाल लुकोइल रिफ़ाइनरी, दक्षिणी रूस में स्थित सारातोव में एक बड़ी रिफ़ाइनरी और रोस्तोव क्षेत्र में स्थित एक और रिफ़ाइनरी शामिल है।

# बिहार मतदाता सूची : 98.2 प्रतिशत मतदाताओं के दस्तावेज प्राप्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत नयी मतदाता सूची के मसौदे को लेकर इस समय चल रहे दावे और आपत्तियों के दौर में कुल 98.2 प्रतिशत मतदाताओं के दस्तावेज प्राप्त हो चुके है। यह जानकारी चुनाव आयोग की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है।

दावे और आपत्तियां दाखिल कराने के लिए अभी आठ दिन बाकी है। आयोग ने कहा है, ' बिहार का एसआईआर कार्यक्रम निर्धारित समय के अनुसार चल रहा है। प्राप्त सभी दस्तावेजों और आपत्तियों पर निर्णय और पात्रता दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित सह मतदाता पंजीयन अधिकारी अथवा सहायक मतदाता पंजीयन अधिकारी (ईआरो/एईआरओ) द्वारा 25 सितंबर, 2025 तक पूरा किया जाना है और अंतिम जांच के बाद, अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर 2025 को प्रकाशित की जाएगी। दावे और आपत्ति का समय सूची के मसौदे में किसी भी त्रुटि में सुधार कराने का अवसर प्रदान करता है। इस दौरान मतदाता अपने अपेक्षित संक्षिप्त दस्तावेज भी प्रस्तुत कर सकते हैं जो वे पहले दौर में गणना-फार्म जमा करते समय प्रस्तुत नहीं कर सके थे। आयोग ने बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के आधार पर बताया है कि एसआईआर में अब तक 98.2 प्रतिशत मतदाताओं के दस्तावेज प्राप्त हो चुके हैं। इस तरह 24 जून से 24 अगस्त तक 60 दिन में, 98.2 प्रतिशत लोगों ने अपने दस्तावेज जमा करा दिये हैं। इस तरह प्रतिदिन लगभग 1.64 प्रतिशत लोगों ने दस्तावेज जमा कराये हैं 1 अब दावे आपत्ति तथा छूटे दस्तावेज जमा करने के लिए आठ दिन बाकी हैं जिसमें बचे हुए 1.8 प्रतिशत मतदाताओं को अपने दस्तावेज जमा कराने का अवसर है।

# आरएसएस संविधान के लिए सबसे बड़ा खतरा: प्रियांक खरगे

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक के ग्रामीण विकास मंत्री प्रियांक खरगे ने रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर तीखा हमला बोलते हुए इसे एक 'विषाक्त संगठन' करार दिया और कहा कि यह देश की एकता, लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के लिए गंभीर खतरा है।

एक कठोर बयान में उन्होंने कहा कि एक प्रबुद्ध एवं समृद्ध भारत के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक को यह प्रतिज्ञा लेनी होगी कि ऌआरएसएस की छाया भी हमें नहीं छूनी चाहिए।ङ्क बयान में कहा गया, ''आरएसएस संविधान का दुश्मन है, एकता का दुश्मन है, राष्ट्रीय ध्वज का दुश्मन है, राष्ट्रगान का दुश्मन है, भारत की संप्रभुता का दुश्मन है।''

ऐतिहासिक चेतावनियों का हवाला देते हुए श्री खरगे ने याद दिलाया कि कैसे भीमराव आम्बेडकर और सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को आरएसएस के विभाजनकारी एजेंडे के खिलाफ आगाह किया था। उन्होंने सरदार पटेल द्वारा चार फ़रवरी, 1948 को जारी आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अधिसूचना का हवाला दिया, जिसमें तात्कालीन उप प्रधानमंत्री ने कहा थाः ''हमें नफ़रत और हिंसा की ताक़तों को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा। आरएसएस पर प्रतिबंध इसलिए लगाया जा रहा है क्योंकि यह राष्ट्रीय स्वतंत्रता के ख़िलाफ़ काम कर रहा है।

# पेज एक का शेष

### सदन लोकतंत्र का...

प्रथम अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल के योगदान की प्रशंसा की और भारत की विधायी परंपराओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं को आकार देने में उनकी अनुकरणीय भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, ''विधानसभा अध्यक्ष का पद अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस पद की गरिमा की रक्षा और उसे बढ़ाना अध्यक्ष का दायित्व है, और विट्ठलभाई पटेल ने इस कर्तव्य का बखूबी निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि ''देश के लिए स्वतंत्रता प्राप्त करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि स्वतंत्रता के बाद देश को लोकतांत्रिक तरीके से चलाना। और यह वीर विट्ठलभाई पटेल ही थे जिन्होंने भारतीय विचारधारा के आधार पर लोकतांत्रिक तरीकों से राष्ट्र चलाने की नींव रखी। इसी सदन से भारतीय जनता की आकांक्षाओं को आवाज़ देने वाले कई भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों और नेताओं का उल्लेख करते हुए, श्री शाह ने कहा, ''महामना मदन मोहन मालवीय से लेकर गोपाल कृष्ण गोखले, लाला लाजपत राय और देशबंधु चित्तरंजन दास तक, कई महान हस्तियों ने इस सदन में अपने भाषणों के माध्यम से भारत की स्वतंत्रता की कामना को आवाज़ दी। श्री शाह ने इस विरासत को संरक्षित करने के लिए, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया कि ''इन महान हस्तियों के इस सदन में दिए गए सभी भाषणों को संकलित करें और उन्हें देश भर की सभी राज्य विधानसभाओं के पुस्तकालयों में उपलब्ध कराएँ। इससे आज के युवाओं और विधायकों को यह समझने में मदद मिलेगी कि इसी सदन में स्वतंत्रता की भावना कैसे प्रज्वलित हुई। देश की लोकतांत्रिक यात्रा में गुजरात के योगदान का उल्लेख करते हुए, श्री शाह ने कहा, ''जब हम विट्ठलभाई पटेल की बात करते हैं, तो हम गुजरात के लोग गर्व से कहते हैं कि इस राज्य ने देश को दो महान व्यक्ति दिए हैं। पहले, सरदार पटेल, जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में गांधीजी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, और दूसरे, विट्ठलभाई पटेल, जिन्होंने भारत की विधायी परंपराओं की नींव रखी। गृह मंत्री ने स्वतंत्रता और शासन की दोहरी जिम्मेदारी पर भी ज़ोर देते हुए कहा, ''स्वतंत्रता प्राप्त करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि स्वतंत्रता के बाद देश को लोकतांत्रिक तरीके से चलाना। और यह वीर विट्ठलभाई पटेल ही थे जिन्होंने भारतीय विचारों में आस्था रखते हुए, लोकतांत्रिक तरीकों से देश चलाने की नींव रखी। इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन श्री विट्ठलभाई पटेल की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में किया गया है।

### यूरोपीय देशों ...

लागू होगा। 23 अगस्त को डाक विभाग ने एक प्रेस नोट जारी करके इसकी जानकारी दी थी। वहीं, जर्मनी की डॉयचे पोस्ट ने कहा कि निजी और व्यवसायी ग्राहकों के लिए पार्सल भेजने पर अस्थायी रोक लगाई गई है। इटली के पोस्ट ने 23 अगस्त से इस सेवा पर रोक लगा दी है। हालांकि यहां से सामान्य पत्र भेजे जा सकते हैं। दूसरी तरफ, ब्रिटेन की रॉयल मेल सर्विस ने अमेरिका भेजे जाने वाले सभी पैकेज रोक दिए हैं। इसके अलावा 100 डॉलर से अधिक कीमत के सामान पर 10% शुल्क भी लगेगा। फ्रांस और नीदरलैंड ने भी टैरिफ वसूली की व्यवस्था साफ नहीं होने के चलते इसे रोक दिया है।

### बाढ़ प्रभावित किसानों ...

से मिलने वाली रिपोर्ट के आधार पर फसलों की क्षतिपूर्ति या फिर अन्य हुए नुकसान का पैसा देगा। राजस्व विभाग जिन जिलों से रिपोर्ट मिल गई है, उनको पैसे देने लगा है। वाराणसी को अभी पांच करोड़ रुपये दिए गए हैं। जिन जिलों से रिपोर्ट आ चुकी है उनको पैसे देने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जिलों को पैसे देने के साथ यह निर्देश दिया जा रहा है कि पात्र किसानों व प्रभावितों को सीधे उनके खाते में पैसे दिए जाएंगे।

### 'हनुमान जी का...

भारत के एक नए अध्याय के रूप में देखता हूं, जहां हम दुनिया की प्रमुख अंतरिक्ष शक्तियों के बीच पूरे गौरव के साथ खड़े हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, 'भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम केवल प्रयोगशालाओं और प्रक्षेपण यानों तक ही सीमित नहीं है। यह हमारी राष्ट्रीय आकांक्षाओं और वैश्विक दृष्टि का प्रतीक है। भारत अंतरिक्ष को केवल अनुसंधान के क्षेत्र के रूप में नहीं देखता, बल्कि हम इसे अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, ऊर्जा और मानवता के भविष्य के रूप में देखते हैं। आने वाले समय में, अंतरिक्ष खनन, रिसर्च और ग्रहों से मिलने वाले संसाधन मानव जाति की दिशा बदल देंगे।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'मैं लखनऊ संसदीय क्षेत्र से आता हूं, शुभांशु शुक्ला वहीं से हैं। वह हमारे मतदाता भी हैं। राजनाथ सिंह ने शुभांशु शुक्ला के बारे में आगे कहा कि 'मुझे यह भी बताया गया कि आप (शुभांशु शुक्ला) भी बजरंग बली के भक्त हैं। और आपने वहां (अंतरिक्ष में) कई बार हनुमान चालीसा पढ़ी होगी। आज हनुमान जी का एक भक्त आसमान की ऊंचाइयों को छूकर लौटा है और हम सबके बीच मौजूद है। मेरा मानना है कि यह सिर्फ विज्ञान की जीत नहीं है। यह हमारे विश्वास की भी जीत है। जब शुभांशु अंतरिक्ष में गए, तो वे सिर्फ भारत के ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के, सशस्त्र बलों के प्रतिनिधि बनकर गए। नागरिक क्षेत्र में आपका योगदान इतिहास में दर्ज होगा। मुझे बताया गया कि शुभांशु ने अंतरिक्ष में खेती भी की है। भारत एक कृषि प्रधान देश रहा है, लेकिन मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि भारत का कोई किसान अंतरिक्ष में जाकर मेथी और मूंग की खेती करेगा। निश्चित रूप से, आपका अनुभव हमारे आगामी अभियानों में बहुत मददगार साबित होगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि 'आज हम एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुके हैं जहां अंतरिक्ष अब केवल सैन्य शक्ति या तकनीकी कौशल का प्रतीक नहीं रह गया है। यह मानव सभ्यता की यात्रा में एक नया मील का पत्थर है। भारत ने हमेशा दुनिया को 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश दिया है। आज हमारे वैज्ञानिक और अंतरिक्ष में हमारे अंतरिक्ष यात्री उस संदेश को नई ऊँचाइयों पर ले जा रहे हैं।'

### राहुल की नहीं, इंडिया...

आमने-सामने चुनाव लड़ते हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में संपन्न हुए भी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस इंडी गठबंधन का नजारा पूरे देश ने देखा। किस तरीके से एक दूसरे पर यह लोग आरोप लगा रहे थे। तो यह गठबंधन न होकर सत्ता के लोभ में एक ठग बंधन है, जो जनता के बीच में पुरी तरह बेनकाब है। सबकी अपनी अपनी डफली अपना राग है। भारतीय जनता पार्टी अखिलेश के बयान को इसी परिपेक्ष्य में देखती है। गौरतलब है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा 17 अगस्त 2025 को सासाराम (रोहतास) से शुरू हुई है। 16 दिनों की यह यात्रा 1300 किलोमीटर और 23 जिलों को कवर करेगी जो आगामी 1 सितंबर को पटना के गांधी मैदान में समाप्त होगी। 24 अगस्त तक यह यात्रा रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, मुंगेर, भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया और अररिया से गुजर चुकी है. इसका सीधा सा उद्देश्य मतदाताओं की जागरूकता के बहाने और महागठबंधन की एकता को मजबूत करना है। दरअसल, कांग्रेस के सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सड़क से लेकर संसद तक वोट चोरी के आरोप को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग को घेरा था। इस दौरान उनके साथ विपक्षी दल भी मौजूद रहे। अपने मुद्दे को लेकर इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी आयोग जा रहे थे लेकिन उनका रास्ता पुलिस ने रोका। इस प्रदर्शन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बढ़चढ़कर भाग लिया और प्रदर्शन के दौरान वह बैरिकेटिंग पर चढ़ गये जो कि सुर्खियों में रहा। उसके बाद अखिलेश लगातार वोट चोरी के मुद्दे पर सोशल मीडिया के माध्यम से आयोग से सवाल जवाब भी कर रहे हैं।

### सिख गुरुओं ने...

यही सिख परंपरा और गुरुवाणी का वास्तविक संदेश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर के प्रमुख तीन गुरुद्वारों जटा शंकर, मोहद्दीपुर और पैडलेगंज को बेहतर स्वरूप देने का कार्य किया गया है। यह सिख गुरु परंपरा के प्रति हमारी कृतज्ञता और श्रद्धा का प्रतीक है। सीएम योगी ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए पवित्र इसलिए भी है कि 421 वर्ष पूर्व इसी दिन गुरु ग्रंथ साहिब जी को हरमंदिर साहिब में स्थापित कर उन्हें गुरु के रूप में स्वीकार किया गया। यह परंपरा आज भी पूरे विश्व में आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं ने अपने जीवन का हर क्षण देश, धर्म और मानवता के कल्याण के लिए समर्पित किया। आज हमारा दायित्व है कि उनकी शिक्षाओं और बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें। गोरखपुर में सिख समुदाय की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह आयोजन पूर्वी उत्तर प्रदेश के सिख समुदाय को एकजुट करने का अवसर है। उन्होंने लखनऊ में अपने नियमित गुरुपर्व आयोजनों का जिक्र करते हुए कहा कि गोरखपुर में इस तरह के आयोजन में शामिल होना उनके लिए विशेष सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि गुरु परंपरा ने देश और सनातन धर्म के लिए अपना जीवन समर्पित किया, उनकी प्रेरणा से हमें देश और धर्म के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करना है। इस दौरान सांसद रवि किशन शुक्ला, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, कालीबाड़ी के महंत रविंद्र दास समेत गुरुद्वारा कमेटी के वरिष्ठ सदस्य व सिख समुदाय के कई गणमान्य मौजूद रहे।

# चमोली के थराली में राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के चमोली जिले के टूनरी गदेरे में आई बाढ़ के पीड़ितों का प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद की जा रही है। यहां प्रभावित करीब 150 लोग राहत शिविर में रह रहे हैं। प्रशासन उन्हें सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध करवा रहा है। इस क्षेत्र के करीब कई गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित है। इसके अलावा संपर्क मार्ग भी क्षतिग्रस्त हैं। आपदा में घायल हुए नौ लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र चमोली से प्राप्त सूचना के अनुसार चमोली जिले के थराली, ग्राम सगवाड़ा, चेपड़ो बाजार और कोटदीप बाजार आपदा से प्रभावित हुआ। आपदा 20 वर्षीय एक युवती का शव बरामद हुआ है जबकि ग्राम-चेपड़ो का 78 वर्षीय बुजुर्ग अभी भी लापता बताया जा रहा है। आपदा में सगवाडा गांव में 10, थराली में 15 व चैपडो में 16 आवासीय भवनों के साथ ही 30 से अधिक दुकानों को नुकसान पहुंचा है। यहां 11 वाहनों को भी नुकसान हुआ है। प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल राहत उपलब्ध कराये जाने के लिए राजस्व निरीक्षक व उप निरीक्षक को तहसील थराली में आपदा राहत कार्यों के लिए तत्काल प्रभाव से तैनात किया गया है। चैपड़ों एवं थराली क्षेत्र में जल संस्थान की 14 योजनाएं क्षतिग्रस्त हुई है, जिन्हें सुचारू किये जाने का कार्य गतिमान है। विद्युत व्यवस्था देवाल क्षेत्र में 30 व थराली विकासखण्ड में 33 गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी, थराली, सीओ, तहसीलदार राजस्व प्रशासन, पुलिस विभाग, सिविल पुलिस, डीडीआरएफ, फायर सर्विस, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संस्थान, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग आदि के साथ ही आपदा राहत दल भी मौके पर तैनात हैं। स्वास्थ्य विभाग के पांच चिकित्सा अधिकारी, छह स्टाफ नर्स, एक फार्मासिस्ट, तीन एम्बुलेंस के साथ जीवनरक्षक औषधियों सहित, दो विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी, आईटीबीपी सेकना की मेडिकल टीम घटनास्थल पर मौजूद है। यूकाडा के हेलीकॉप्टर गौचर में तैनात किया गया है व

## थराली आपदा में घायलों का हाल जानने एम्स पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

■ आपदा प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है सरकार: डॉ धन सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। राज्य के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने रविवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश पहुंच कर थराली (चमोली) आपदा में घायल लोगों से मिले और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस मौके पर मंत्री रावत ने बताया कि चमोली जनपद के थराली में भीषण आपदा की चपेट में आये लोगों को स्थानीय स्तर पर ही उपचार दिया जा रहा है, लेकिन आधा दर्जन गंभीर रूप से घायल लोगों को राज्य सरकार ने एयर एम्बुलेंस के माध्यम से एम्स ऋषिकेश पहुंचाया है। यहां उनका उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में किया जा रहा है। इनमें प्रकाश, गिरीश चन्द्र, शम्भू, बलवंत, हेमंत तथा जसपाल सिंह शामिल हैं और सभी घायल अब खतरे से बाहर हैं। मंत्री ने बताया कि सभी घायलों को सरकार की ओर से हरसंभव सहायता और उच्च-स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने एम्स प्रशासन को निर्देश दिए कि घायलों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और उनकी की देखभाल प्राथमिकता के आधार पर की जाय।

# जागरूकता शिविर लगाने जा रहे भाजपा के कई नेता हिरासत में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर शिविर लगाने जा रहे भाजपा के कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा भाजपा नेताओं पर डाटा चोरी का आरोप भी लगाया जा रहा है। वहीं, भाजपा ने रविवार को भी कैंप लगाने का फैसला लिया है। ऐसे पुलिस द्वारा भाजपा नेताओं को रोककर हिरासत में लिया जा रहा है। मलोट में भाजपा के जिला प्रधान सतीश अजीजा कैंप लगाने जा रहे थे, तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया है। उनके साथ कुछ और नेताओं को पुलिस थाने लेकर गई। इस तरह मुल्लांपुर में कैंप लगाने जा रहे प्रदेश महासचिव सुभाष शर्मा, नयागांव में कई पार्षद और नेताओं को पुलिस हिरासत में लिया है। सबको बस में बिठाकर थाने ले गई। नेताओं ने इस दौरान जमकर प्रदर्शन किया। अमरगढ़ मलेरकोटला में लगने वाले लोक भलाई के कैंप में भाग लेने जाते हुए प्रदेश महासचिव अनिल सरीन को पंजाब पुलिस ने हिरासत में लिया है।उन्हें सीआईए पुलिस स्टेशन अमरगढ़ में रखा हुआ गया है। फाजिल्का के गांव अमरपुरा कैंप में जाते हुए पूर्व मंत्री सुरजीत ज्याणी, विधायक संदीप जाखड़, वंदना सांगवान, जिला अध्यक्ष फाजिल्का सुखविंदर सिंह काका कंबोज वह अन्य कार्यकर्ता को पुलिस ने हिरासत में लिया है। मुल्लापुर खेड़ा, न्यू चंडीगढ़, जिला मोहाली लगाए गए कैंप में भाग लेने जाते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुभाष शर्मा अपने समर्थकों के साथ चंडीगढ़ और पंजाब के बॉर्डर पर पंजाब पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि कोई किसी का पर्सनल डाटा, फोन, पैन, वोटर और आधार कार्ड कैसे ले सकता है। यह जनता की निजता का उल्लंघन है। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा कि आप सरकार की नीतियां गरीबों की मदद करने में रोड़ा बन रही हैं।

# 8वें वेतन आयोग के गठन को लेकर कर्मचारी 29 अगस्त को देशभर में करेंगे प्रदर्शन: सुभाष लांबा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ ने रविवार को घोषणा के सात महीने बाद भी आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन की अधिसूचना जारी न करने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए, 29 अगस्त को देशभर में सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, नगर निगमों, पालिकाओं, परिषदों व विश्वविद्यालयों में विरोध गेट मीटिंग एवं प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। आंदोलन की अगली कड़ी में वेतन आयोग के गठन, ओपीएस, रेगुलराइजेशन, निजीकरण पर रोक, लेबर कोड्स व एनसीपी की वापसी, रिक्त पदों को भरने, बकाया डीए डीआर का भुगतान आदि मांगों को लेकर 23 सितंबर को देशभर में जिला मुख्यालयों पर धरने प्रदर्शन किए जाएंगे। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले और राज्य कर्मियों के बढ़ते दबाव के चलते केन्द्र सरकार ने 16 जनवरी को आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी, जिसकी अभी तक अधिसूचना जारी नहीं की गई है। देश के करोड़ों कर्मचारियों और पेंशनर्स पर वेतन आयोग की सिफारिशों को पहली जनवरी,2026 से लागू किया जाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर कर मामले को लटका रही है। जिससे करोड़ों कर्मचारियों और पेंशनर्स में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। श्री लांबा ने बताया कि केन्द्र एवं राज्य कर्मचारियों के संगठन पुरानी पेंशन की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत हैं। लेकिन केन्द्र सरकार ने ओपीएस की बजाय यूपीएस लागू करने का फैसला किया। जिसको केन्द्र एवं राज्य कर्मचारियों ने सिरे से नकारते हुए पीएफआरडीए एक्ट रद्द कर पुरानी पेंशन लागू करने की मांग की है। लेकिन माकपा के सीकर ( राजस्थान) से सांसद कॉमरेड अमराराम के द्वारा संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री ने ओपीएस लागू करने और राज्य सरकारों के पीएफआरडीए में जमा धन राशि को वापस करने से इंकार कर जले पर नमक छिड़कने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी अपने चरम पर है, लेकिन सरकार देशभर में सरकारी विभागों, पीएसयू में खाली पदों को स्थाई भर्ती से भरने की बजाय ठेका संविदा पर कर्मियों को तैनात कर रही है। सेना तक में चार साल के लिए अग्निवीर लगाए जा रहे हैं। सरकारी विभागों को सिकोड़ने और पीएसयू को कौड़ियों के भाव में निजी हाथों में सौंपने की गति को तेज किया जा रहा है। कारपोरेट घरानों के लाखों करोड़ रुपए के क़र्ज और टैक्सों को माफ किया जा रहा है। जिसके चलते आर्थिक असमानता बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कारपोरेट घरानों के लाखों करोड़ के कर्जो और टैक्सों को माफ किया जा रहा है, लेकिन कर्मचारियों और पेंशनर्स के 18 महीने के बकाया डीए डीआर को रिलीज नही किया जा रहा है और ना ही 65, 70 व 75 साल की उम्र में बेसिक पेंशन में पांच प्रतिशत बढ़ोतरी की जा रही है। जिससे कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## चेतावनी लेबल के पास बह रही गंगा

**हरिद्वार।** हरिद्वार में आज मौसम फिलहाल साफ है, लेकिन बारिश का भी अनुमान है। जबकि पहाड़ों में बारिश को लेकर यैलो और ओरैंज अलर्ट है। गंगा का जलस्तर फिलहाल कल के सापेक्ष कुछ कम हुआ है, लेकिन गंगा अब भी चेतावनी लेवल के आसपास बनी हुई है। एसडीओ उत्तरी गंगनहर हरिद्वार भारत भूषण शर्मा ने बताया कि कल गंगा चेतावनी लेबल से 000.30 मीटर ऊपर बह रही थी, जबकि अब चेतावनी लेवल से कुछ नीचे है। उन्होंने बताया कि आज सुबह गंगा का जलस्तर 292.90 दर्ज किया गया है। टिहरी डैम से आने वाले जल की मात्रा भी अभी डेढ़ लाख क्यूसेक से ऊपर बनी हुई है। पहाड़ों में बारिश के अलर्ट के चलते गंगा के लेवल को निरंतर मानिटर किया जा रहा है। उधर मौसम विभाग ने पिछले 24 घंटे में हरिद्वार में 30 एम एम बारिश दर्ज की है।

# 'जय श्री राम' के जयघोष के साथ निकला ऐतिहासिक महावीरी झंडा जुलूस

■ दिखा आपसी सौहार्द

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फारबिसगंज/अररिया। बिहार के फारबिसगंज में रविवार को 'जय श्री राम' के उद्घोष के साथ ऐतिहासिक महावीरी झंडा जुलूस निकाला गया। इस भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया, जिससे पूरा शहर भगवामय नजर आया। इस विशाल जुलूस के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात था और ड्रोन कैमरों से पूरे जुलूस की निगरानी की जा रही थी। शहर में कुल 31 जगहों पर दंडाधिकारियों और पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। जुलूस में एसडीएम रंजीत कुमार रंजन और डीएसपी मुकेश कुमार साहा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। जुलूस में भगवान राम और हनुमान से जुड़ी कई आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। शोभायात्रा जिस रास्ते से गुजर रही थी, वहां जगह-जगह श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। जुलूस में महंत पंडित कुशल दुबे के साथ क्षेत्रीय सांसद प्रदीप कुमार सिंह, विधायक विद्यासागर केसरी, नप मुख्य पार्षद वीणा देवी, उपमुख्य पार्षद नूतन देवी और अन्य कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। इसके अलावा, विभिन्न अखाड़ों के राम भक्तों ने भी जुलूस में बढ़-चढ़कर भाग लिया। फारबिसगंज के सांवरिया कुंज महावीरी ठाकुरबारी से शुरू होकर जुलूस जब दरभंगिया टोला पहुंचा, तो वहां एक अनोखी और दिल छू लेने वाली परंपरा देखने को मिली। यहां महंत पंडित कुशल दुबे और छोटी मस्जिद के इमाम ने एक-दूसरे को फूल-माला पहनाकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जो शहर की गंगा-जमुनी तहजीब को दर्शाती है। आपको बता दें कि फारबिसगंज में महावीरी झंडा जुलूस की यह परंपरा साल 1904 से चली आ रही है। एक छोटे रूप में शुरू हुई यह शोभायात्रा आज 119 सालों में एक विराट रूप ले चुकी है। हर साल लोग इस जुलूस का बेसब्री से इंतजार करते हैं, जो अब शहर की पहचान बन चुका है।

## पांच करोड़ की हेरोइन के साथ दो महिला आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पांच करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ नशे के कारोबार में लिप्त दो महिलओं को गिरफ्तार भी किया है। दिल्ली पुलिस ने सप्लाई चेन का पर्दाफाश करते हुए नंद नगरी से महिला तस्कर सीमा और उसकी रिश्तेदार/सहयोगी समीता को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से 1,049 ग्राम हेरोइन, एक स्कूटी, 22,900 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) यूनिट की टीम को सूचना मिली थी कि उत्तर पूर्वी जिले के इलाकों में मादक पदार्थों की बड़ी खेप सप्लाई की जा रही है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने 22 अगस्त को जीटीबी अस्पताल के पास जाल बिछाया और डी ब्लॉक, झुग्गी नंद नगरी इलाके में बात करने आई सीमा और समीता को गिरफ्त में लिया।

# मंडियाला एलपीजी टैंकर में आग लगने से घायल हुए चार और लोगों की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर में मंडियाला गांव के पास एलपीजी टैंकर में आग लगने से घायल हुए चार और लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई है, जिससे दुर्घटना में मरने वालों की संख्या सात हो गई है। होशियारपुर की उपायुक्त आशिका जैन ने रविवार को कहा कि मंडियाला के रहने वाले मंजीत सिंह (60), विजय (17), जसविंदर कौर (65) और आराधना वर्मा (30) की शनिवार रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार ने बताया कि चारों लोग 90 प्रतिशत से अधिक जल चुके थे और वेंटिलेटर पर थे, इसलिए उनकी जान नहीं बच सकी। इससे पहले होशियारपुर-जालंधर मार्ग पर मंडियाला अड्डा के पास शुक्रवार रात करीब 10 बजे एक पिकअप वाहन से टकराने के बाद एक एलपीजी टैंकर में विस्फोट होने से दो लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए थे। पुलिस ने बताया कि आग तेज़ी से फैली और आसपास की लगभग 15 दुकानों और चार-पाँच रिहायशी घरों को अपनी चपेट में ले लिया। भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर के अनुसार टैंकर राम नगर ढेहा लिंक रोड की ओर मुड़ रहा था, तभी उसकी टक्कर सब्जी से लदे पिकअप ट्रक से हो गई। दोनों वाहनों में आग लग गई, जो आसपास के घरों और दुकानों तक फैल गई। डॉ. कुमार ने बताया कि घटना के तुरंत बाद, एक व्यक्ति को होशियारपुर के सरकारी अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति ने एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक अन्य व्यक्ति को अमृतसर के सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह मंडियाला और आसपास के गांवों के सैकड़ों निवासियों ने मुआवजे और त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए होशियारपुर-जालंधर मार्ग पर तीन घंटे से अधिक समय तक यातायात अवरुद्ध कर दिया था। उपायुक्त जैन ने आश्वासन दिया है कि घायलों को पंजाब सरकार की फरिश्ता योजना के तहत मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा रहा है।

# पुलिस ने अंधे कत्ल का मामला सुलझाया, आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब में जालंधर के पुलिस थाना लोहियाँ की टीम ने गुरु नानक कॉलोनी, लोहियाँ निवासी हरजीत कौर के अंधे कत्ल के मामले को सुलझाने में सफलता प्राप्त की और इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शाहकोट ग्रामीण के उप पुलिस अधीक्षक उकार सिंह बराड़ग्रामीण ने रविवार को बताया कि साधु सिंह पुत्र निरंजन सिंह निवासी टुरना, थाना लोहिया जिला जालंधर के बयान पर थाना लोहियां में मामला दर्ज किया गया था कि गत 14 जुलाई को उसकी बेटी हरजीत कौर बलजिंदर कौर पुत्री मंगल सिंह निवासी सुचेतगढ़ कोठे (जब्बोवाल) थाना सुल्तानपुर लोधी के पास कपड़े सिलवाने गई थी लेकिन वह वापस नहीं लौटी। जब उन्होंने अपनी बेटी की तलाश की तो देखा कि लोहियां से मक्खू जीटी रोड के बाएं कोने में हरजीत कौर का शव खून से लथपथ पड़ा था और उसके गाल पर गहरे तेजधार हथियार के घाव थे और उसका अपना स्कूटर भी उसके पास पड़ा मिला। परिस्थितियों के अनुसार उसकी किसी अज्ञात व्यक्ति ने तेजधार हथियार से हत्या कर दी थी। मृतका के पिता के बयान पर थाना लोहियां में मामला दर्ज कर आधुनिक तरीकों से जांच शुरू कर दी गई थी। श्री बराड़ ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि हरजीत कौर तलाकशुदा थी और उसकी दूसरी शादी फिरोजपुर के मोहल्ला वीरनगर निवासी कुलविंदर सिंह पुत्र महिंदर सिंह के साथ हुई थी, जिसका भी फिरोजपुर में तलाक हो चुका था। शादी के कुछ समय बाद हरजीत कौर ने गुरु नानक कॉलोनी लोहियां में अपना मकान बनाकर अपनी बेटी और अपने पति के साथ रहना शुरू कर दिया था और उसका पति कुलविंदर सिंह विदेश इटली में कमाने गया हुआ था।

## जालंधर में मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े दो भाइयों के अवैध निर्माण ध्वस्त

जालंधर। पंजाब सरकार की नशा विरोधी पहल 'युद्ध नाशियाँ विरुद्ध' के तहत एक निर्णायक कदम उठाते हुए, जालंधर नगर निगम ने कमिश्नरेट पुलिस जालंधर के सहयोग से रविवार को गोपाल नगर में कुख्यात नशीले पदार्थों के व्यापार से जुड़े दो भाइयों के एक अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर ने बताया कि जालंधर के गोपाल नगर निवासी प्रेम कुमार के पुत्र प्रलाद कुमार और सोमनाथ उर्फ मन्ना की अवैध संपत्ति को ध्वस्त कर दिया गया। प्रलाद कुमार और सोमनाथ उर्फ मन्ना दोनों ही कुख्यात ड्रग तस्कर हैं, जिनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आईपीसी के तहत 10 एफआईआर दर्ज हैं। सुश्री कौर ने कहा, ''यह कार्रवाई ड्रग माफिया के लिए एक कड़ा संदेश है। उनकी अवैध संपत्तियों को नष्ट करके, हम न केवल कानून का पालन कर रहे हैं, बल्कि अपने इलाके को भी नशे की गिरफ्त से मुक्त कर रहे हैं।'' उन्होंने कमिश्नरेट पुलिस द्वारा ड्रग नेटवर्क को पूरी तरह से उखाड़ फेंकने की प्रतिबद्धता दोहराई और नागरिकों से अपील की कि वे सरकार के व्हाट्सएप नंबर 9779-100-200 के माध्यम से ड्रग से संबंधित जानकारी साझा करें, और सूचना देने वालों की पूरी गोपनीयता सुनिश्चित करें।

# गूगल मैप के भरोसे नैनीताल में फंसी सैलानियों की थार


कैनविज टाइम्स संवाददाता



नैनीताल। रविवार सुबह नैनीताल घूमने आये कुछ सैलानी गूगल मैप के भरोसे सफर करने पर बड़ी मुसीबत में फंस गये। उनकी थार कार मल्लीताल के संकरे बाजार क्षेत्र में पहुंच गई और बाहर निकलने के प्रयास में पहले सीढ़ियों पर और फिर नाली में फंस गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर वाहन को बाहर निकालकर हाईकोर्ट मार्ग तक पहुंचाया। पुलिस व संबंधितों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के महामाया नगर (हाथरस) निवासी पर्यटक अपनी काली रंग की थार संख्या यूपी86AQ9909 से नैनीताल से लौट रहे थे। सुबह लगभग आठ बजकर तीस मिनट पर गूगल मैप के निर्देशों का पालन करते हुए उनकी कार जय लाल साह बाजार की संकरी गली में पहुंच गई। पहले सीढ़ियों में अटकने के बाद मुश्किल से निकाले जाने पर कार के पहिये नाली में फंसकर पूरी तरह रुक गये और आगे-पीछे हिलना असंभव हो गया। आधे घंटे तक प्रयास के बाद स्थानीय लोगों ने वाहन को निकालने में सफलता पाई। इस दौरान बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और व्यापारी नाराज दिखे। उनका कहना था कि गूगल मैप मस्जिद तिराहे से हाईकोर्ट के रास्ते कालाढूंगी रोड जाने वाले वाहनों को अंडा मार्केट से बड़ा बाजार की ओर भेज रहा है, जिससे प्रतिदिन स्कूटी, बाइक और कारें गलियों में घुसकर जाम व दुर्घटना की स्थिति बना रही हैं। इस घटना से पेयजल व सीवर की पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई।

## रक्सौल में धूमधाम से मनायी गई एसएसबी 47वी वाहनी का स्थापना दिवस

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रक्सौल स्थित एसएसबी 47वी वाहनी मुख्यालय में रविवार को वाहिनी की 15वी स्थापना दिवस धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कमांडेंट संजय पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान एसएसबी जवानो व स्कूली छात्र - छात्राओं ने देशभक्ति सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी। साथ ही इस अवसर पर खेलकूद का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एसएसबी 47वीं वाहनी कमांडेंट संजय पांडेय ने कहा की एसएसबी सीमा सुरक्षा के साथ -साथ सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन कर रही है। सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ मधुर सम्बन्ध स्थापित कर सेवा सुरक्षा व बंधुत्व का भाव जागृत कर रही है। कमांडेंट श्री पांडेय ने कहा की देश व सीमा की सुरक्षा करना हर देशवासियों का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी आमंत्रित अतिथियो व जवानों को स्थापना दिवस की शुभकामना व बधाई दी ।इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद में भाग लिए प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर डिप्टी कमांडेंट नवीन कुमार,प्रियदर्शन अगाले,खेमराज ,रक्सौल एसडीपीओ मनीष आनन्द,भूमि पत्तन रक्सौल के पत्तन प्रशासक कुमार राजीव रंजन,इमिग्रेशन अधिकारी अजित कुमार ,सहायक कमांडेंट दीपांशु चौहान,रजत मिश्रा, दिनकर त्रिपाठी,अविनाश पटेल,उतम कुमार घोष,रामा प्रसाद घोष ,सहायक कमांडेंट (संचार) संजय कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063